दूरसंचार विभाग द्वारा की गई टिप्पणियों पर विचार करने के बाद, प्राधिकरण ने 21 मई, 2015 को 'स्पेक्ट्रम ट्रेडिंग के लिए कार्यकरण दिशानिर्देश' और 'स्पेक्ट्रम शेयरिंग के लिए दिशानिर्देश'', दोनों पर अपने उत्तर सरकार को प्रस्तुत कर दिए हैं।

➢ ekuuh; mPPkre U;k;ky; d fnukd 14 eb] 2015 d vrfje vkn'k ij vuorh dkjokb d :i e nj lpkj lok inkrkvk }kjk LiDVe lhek vkj U;ure LiDVe /kkfjrk l lcf/kr eIk ij nj lpkj foHkkx dk Hkknfoik dk fnukd 2 tykb] 2015 dk mÙkjA

2.5.6 हस्तांतरण केस (सिविल) 43/2015 (मैसर्स रिलायंस द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल डब्ल्यूपी संख्या 1635/2015), 64/2015 (मैसर्स रिलायंस द्वारा त्रिपुरा उच्च न्यायालय में दाखिल डब्ल्यूपी संख्या 53/2015) और 65/2015 (डब्ल्यूपी संख्या 6176/2015) में माननीय उच्चतम न्यायालय के 14 मई, 2015 के अंतरिम आदेश के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2015 के पत्र के माध्यम से भादूविप्रा से निम्नलिखित मुद्दों पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए कहा:–

क) स्पेक्ट्रम सीमा से संबंधित

- क्या सीमा को यथावत रखा जाना चाहिए, यदि हां तो इसका फॉर्मूला क्या होगा और इसे कैसे व्याखित और प्रयोग किया जाएगा?
- सीमा की गणना करते समय, यदि इसे मौजूदा पद्धति से किया जाता है तो क्या वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध स्पेक्ट्रम, जो विभाग के पास उपलब्ध है

और इसकी नीलामी नहीं की जाएगी, को ऐसी सीमा की गणना में शामिल किया जाएगा?

ख) न्यूनतम स्पेक्ट्रम धारिता के संबंध में

- सफल बोलीदाता, जिन्हें 4 मेगाहर्ट्ज से कम मिला है और वे अगली नीलामी में विफल हो जाते हैं तो वे स्पेक्ट्रम का क्या कर सकते हैं?
- क्या उनके पास इसे अपने पास रखने का विकल्प होगा या विभाग ऐसे स्पेक्ट्रम को वापस लेने के लिए कदम उठाएगा, जिसका यह आधार होगा कि 5 मेगाहर्ट्ज से कम स्पेक्ट्रम धारिता से आर्थिक रूप से किफायती सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकती? अगर हां,तो भादूविप्रा ऐसे स्पेक्ट्रम वापस लेने के नियम एवं शर्तों के बारे में बताएं।

प्राधिकरण ने अपने उत्तर में अन्य बातों के साथ यह उल्लेख किया कि:–

- प्राधिकरण का यह मानना है कि वर्तमान स्पेक्ट्रम सीमा 800/900/1800/2100/2300/2500 मेगाहर्ट्ज में नियत स्पेक्ट्रम का 50 प्रतिशत और प्रत्येक सेवा क्षेत्र में एक साथ सभी बैंड्स में नियत कुल स्पेक्ट्रम का 25 प्रतिशत)में फिलहाल कोई बदलाव करने की जरूरत नहीं है।
- स्पेक्ट्रम सीमा की गणना करने की विधि के बारे में प्राधिकरण का यह मत है कि कोई स्पेक्ट्रम, जिसे नीलामी में शामिल किया गया था, मगर वह बिक नहीं पाया, स्पेक्ट्रम, जो नियत किए गए थे मगर बाद में दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा जमा करा दिए गए या लाइसेंसर द्वारा वापस ले लिए गए सहित दूरसंचार सेवा प्रदाता को नियत किए गए सभी स्पेक्ट्रम और नीलामी में शामिल किए गए स्पेक्ट्रम की गणना की जाएगी। बहरहाल, अगर सरकार इनमें से किसी स्पेक्ट्रम को गैर–वाणिज्यिक प्रयोजन, जैसे सुरक्षा विभाग को नियत करना, के लिए नियत करती है तो इसे गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।
- प्राधिकरण का यह भी मानना है कि अलग–अलग समय पर दूसरे उपयोगकर्ता जैसेकि सुरक्षा विभाग से इसकी रिफ्रेमिंग के बाद वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए डब्ल्यूपीसी/दूरसंचार विभाग को उपलब्ध कराए गए स्पेक्ट्रम की गणना तब तक स्पेक्ट्रम सीमा के लिए नहीं की जानी चाहिए जब तक कि इसे दूरसंचार विभाग द्वारा नीलामी में शामिल न किया जाए।
- प्राधिकरण का यह भी मानना है कि दूरसंचार क्षेत्र उभरता हुआ क्षेत्र होने के फलस्वरूप स्पेक्ट्रम सीमा जैसे नीतिगत निर्णय की समीक्षा एक निरंतर प्रक्रिया है। प्राधिकरण उचित समय, जैसे नए स्पेक्ट्रम बैंड शुरू करते समय, वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम जारी करते समय या कोई बड़ी घटना होने पर समीक्षा कर सकता है।
- प्राधिकरण का यह भी मानना है कि लाइसेंसी यह निर्णय लेने में समर्थ होना चाहिए कि स्पेक्ट्रम को रखना उनके लिए कारोबारी मामला हो सकता है या नहीं। इसके अलावा, सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम शेयरिंग और स्पेक्ट्रम ट्रेडिंग के दिशानिर्देश अधिसूचित किए जाने पर, दूरसंचार सेवा प्रदाता के पास अपनी स्पेक्ट्रम धारिता का प्रबंधन करने के लिए वैकल्पिक विकल्प होंगे। इसलिए प्राधिकरण का यह मानना है कि सरकार को किसी बैंड में 5 मेगाहर्ट्ज से कम होने पर, किसी दूरसंचार सेवा

प्रदाता को नियत किए गए स्पेक्ट्रम को वापस नहीं लेना चाहिए।

- Hkknfoik dh fnukd 7 vi'y] 2015 dh ^^,dy ucj vk/kkfjr ,dhd'r vkikr lpkj vkj iR;Ùkj i.kkyh^^ lc/kh flQkfj'kk ij njlpkj foHkkx l ikIr i= ij fnukd 30 flrjcj] 2015 dk Hkknfoik dk mÙkjA

2.5.7 प्राधिकरण ने भारत में कुशल और मजबूत एकीकृत आपात संचार एवं प्रत्युत्तर प्रणाली (आईईसीआरएस) की स्थापना को सुकर बनाने के लिए दिनांक 7 अप्रैल, 2015 की अपनी सिफारिशों में देश में पब्लिक सेफ्टी आंसरिंग प्वाइंट (पीएसएपी) आधारित एकीकृत आपात संचार एवं प्रत्युत्तर प्रणाली (आईईसीआरएस) कार्यान्वित करने के लिए स्वयं सिफारिश की है, जिसे एकल आपात नंबर '112' से एक्सेस किया जा सकता है।

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 25 अगस्त, 2015 के अपने पत्र के माध्यम से भादूविप्रा की सिफारिशों का जवाब देते हुए कुछ मुद्दों पर भादूविप्रा को पुनर्विचार करने/राय/विचार प्रस्तुत करने के लिए कहा। इसके अलावा, गृह मंत्रालय ने हाल ही में राष्ट्रव्यापी आपात प्रत्युत्तर प्रणाली (एनईआरएस) के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसने परियोजना के लिए आईटी सेवा प्रदाता के चयन हेतु प्रस्ताव हेतु आवेदन (आरएफपी) भी आमंत्रित किए हैं। इन घटनाक्रमों पर विचार करके, प्राधिकरण ने अपनी राय/विचार प्रकट किए हैं।

प्राधिकरण के उत्तर दूरसंचार विभाग को 30 सितंबर, 2015 को भेजे गए थे, जिसमें दूरसंचार विभाग को सूचित किया गया था कि प्राधिकरण चाहता है कि एनईआरएस फ्रेमवर्क को जल्दी कार्यान्वित किया जाए। प्राधिकरण ने कॉलर की लोकेशन की सटीक सूचना के लिए सभी हैंडसेट मोबाइल में जीपीएस फीचर डालने की अंतिम तारीख निर्धारित करने की अपनी सिफारिश को भी दोहराया है।

- fnukd 29 vxLr] 2014 dh ekbØkoo ,Dl l vkj ekbØkoo cdcku vkj,Q dfj;j d vkoVu vkj eY; fu/kkj.k ij Hkknfoik dh flQkfj'kk ij njlpkj foHkkx l ikIr i= ij Hkknfoik dk fnukd 17 uocj] 2015 dk mÙkjA

2.5.8 दूरसंचार विभाग ने दिनांक 16 अक्टूबर, 2015 के पत्र संख्या एल–14035/19/2010–बीडब्ल्यूए(पार्ट) के द्वारा 2000 में यथा संशोधित भादूविप्रा अधिनियम, 1997 की धारा 11 के उपबंधों के अनुरूप पुनर्विचार एवं स्पष्टीकरण हेतु अपनी टिप्पणियों के साथ 29 अगस्त, 2014 की माइक्रोवेव एक्सेस और माइक्रोवेव बैकबोन आरएफ कैरियर के आंवटन और मूल्य निर्धारण पर भादूविप्रा की सिफारिशों को वापस भेजा था।

प्राधिकरण ने यथोचित विचार–विमर्श के बाद, अपने उत्तर को अंतिम रूप देकर, इसे दिनांक 17 नवंबर, 2015 के पत्र के तहत दूरसंचार विभाग को वापस भेजा गया।

- 700 exkgVt] 800 exkgVt] 900 exkgVt] 1800 exkgVt] 2100 exkgVt] 2300 exkgVt] vkj 2500 exkgVt cM l e LiDVe d eY;kdu vkj vkjf{kr eY; ij fnukd 27 tuojh] 2016 dh flQkfj'kA

2.5.9 भादूविप्रा ने दिनांक 27 जनवरी, 2016 को 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800

मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज और 2500 मेगाहट्र्ज बैंड्स में स्पेक्ट्रम के मूल्यांकन और आरक्षित मूल्य पर अपनी सिफारिशें जारी की।

दूरसंचार विभाग ने 700 मेगाहट्र्ज, 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज और 2500 मेगाहट्र्ज बैंड्स की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य और संबंधित शर्तों पर प्राधिकरण की सिफारिशें मांगी गई। दूरसंचार विभाग ने 900 मेगाहट्र्ज बैंड में प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम के उदारीकरण पर भी प्राधिकरण की सिफारिशें मांगी गई।

इस परिप्रेक्ष्य में, भादूविप्रा ने 26 नवंबर, 2015 को 700 मेगाहट्र्ज, 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज और 2500 मेगाहट्र्ज बैंड्स में स्पेक्ट्रम के मूल्यांकन और आरक्षित मूल्य पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसमें हितधारकों से टिप्पणी मांगी गई थी। भादूविप्रा ने 04 जनवरी, 2016 को दिल्ली में एक खुला मंच चर्चा का भी आयोजन किया गया।

हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों पर चर्चा करने और विश्लेषण करने के बाद, प्राधिकरण ने 700 मेगाहट्र्ज, 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज और 2500 मेगाहट्र्ज बैंड्स में स्पेक्ट्रम के मूल्यांकन और आरक्षित मूल्य पर अपनी सिफारिशें तैयार की। सिफारिशों की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

- फ्रीक्वेंशी अरेंजमेंट आधारित फ्रीक्वेंशी डिवीजन डयूप्लैक्स (एफडीडी) सहित 700 मेगाहट्र्ज (698–806 मेगाहट्र्ज) स्पेक्ट्रम बैंड के लिए एपीटी700 बैंड प्लान को अपनाना होगा। आगामी नीलामी में 700 मेगाहट्र्ज बैंड में पूरा उपलब्ध स्पेक्ट्रम (2 x 35 मेगाहट्र्ज) को नीलामी के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- दूरसंचार विभाग को 800 मेगाहट्र्ज बैंड में कैरियर रि–असाइनमेंट कार्य को करना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि संपूर्ण स्पेक्ट्रम, जो वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए दूरसंचार विभाग के पास उपलब्ध है, को नीलामी के लिए प्रस्तुत किया जाए।
- दूरसंचार विभाग को सुरक्षा और दूरसंचार सेवा प्रदाता के सहयोग से आगामी नीलामी से पहले 1800 मेगाहट्र्ज बैंड में सामन्जस्य प्रक्रिया को पूरा करना चाहिए ताकि इस कार्य के कारण उपलब्ध होने वाले संपूण स्पेक्ट्रम को नीलामी के लिए प्रस्तुत किया जा सकें।
- 700 मेगाहट्ज के लिए रोलआउट दायित्व : 15000 या अधिक मगर 50000 से कम आबादी वाले नगरों/गांवों को 5 वर्ष के अंदर और 10000 या अधिक मगर 15000 से कम आबादी

vu'kflr vkjf{kr eY;

(करोड़ रुपये में)

,y,l,	700 exkgVt	800 exkgVt	900 exkgVt	1800 exkgVt	2100 exkgVt	2300 exkgVt	2500 exkgVt
	ifr exkgVt ¼;fXer½					ifr exkgVt ¼v;fXer½	
दिल्ली	1595	848				143	143
मुंबई	1192	727				146	146
कोलकाता	596	160				33	33

,y,l,	700 exkgV t	800 exkgV t	900 exkgV t	1800 exkgV t	2100 exkgV t	2300 exkgV t	2500 exkgV t
	ifr exkgV t ¼;fXer½					ifr exkgV t ¼v;fXer½	
आन्ध्र प्रदेश	971	606		243	272	68	68
गुजरात	952	285	673	238	258	39	39
कर्नाटक	740	303	558	185	328	98	98
महाराष्ट्र	1272	799		318	341	58	58
तमिलनाडु	900	360		225	344	132	132
हरियाणा	186	57	151	47	55	8	8
केरल	334	243		83	177	16	16
मध्य प्रदेश	331	408		83	123	8	8
पंजाब	308	119		77	91	21	21
राजस्थान	364	204		91	140	6	6
उत्तर प्रदेश (पूर्व)	459	219	776	115	110	9	9
उत्तर प्रदेश (पश्चिम)	384	182	739	96	111	12	12
पश्चिम बंगाल	183	82		46	52	5	5
असम	158			40	46	2	2
बिहार	248	136	444	62	86	6	6
हिमाचल प्रदेश	64	24		16	20	1	1
जम्मू एवं कश्मीर	52			13	11	1	1
पूर्वोत्तर	44			11	12	1	1
ओडिशा	152	57		38	38	4	4

वाले गांवों को 7 वर्ष के अंदर शामिल किया जाएगा।

- वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए आवंटित स्पेक्ट्रम और विभिन्न पीएसयू/सरकारी संगठनों को आवंटित स्पेक्ट्रम की लेखापरीक्षा की जाएगी। यह किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया जाएगा।
- विभिन्न स्पेक्ट्रम बैंड के लिए अनुसंशित आरक्षित मूल्य का विवरण नीचे दी गई सारणी में दिया गया है:–

➢ Hkkjruv gr| dk;kZo;u ;kstuk ij fnukd 1 Qjojh] 2016 dh flQkfj'k

2.5.10 प्राधिकरण ने भारतनेट का कार्यान्वयन करने हेतु वैकल्पिक मॉडल का पता लगाने के लिए 17 नवंबर, 2015 को "भारतनेट हेतु कार्यान्वयन मॉडल" पर एक परामर्श पत्र जारी किया। हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों पर विचार और विश्लेषण करने के बाद प्राधिकरण ने 01 फरवरी, 2016 को "भारतनेट हेतु कार्यान्वयन मॉडल" पर अपनी सिफारिशें तैयार की। इन सिफारिशों की प्रमुख विशेषताएं हैं:–

- एक पीपीपी मॉडल, जो प्राइवेट इन्सेंटिव को कार्यान्वयन के बनाए–अपनाएं–चलाएं–हस्तांतरित करें/बनाएं–चलाएं–हस्तांतरित करें मॉडल के

रूप में दीर्घकालिक सेवा डिलिवरी के अनुरूप हों, कार्यान्वयन का पसंदीदा माध्यम होगा।

- रियायतग्राही के कार्य के स्कोप में ओएफसी और अन्य नेटवर्क अवसंरचना के प्रस्तरण और कार्यान्वयन के साथ–साथ रियायत अवधि के लिए नेटवर्क का परिचालन शामिल है। रियायतग्राही डार्क फाइबर और/या बैंडविड्थ से राजस्व का लाभ पाने का हकदार होगा।
- रियायत के लिए मांगी गई न्यूनतम व्यावहारिकता अंतर वित्तपोषण का निर्धारण करने के लिए रिवर्स बोली प्रक्रिया के माध्यम से रियायतग्राही का चयन किया जाएगा। कार्यान्वयन का क्षेत्र लाइसेंसशुदा सेवा क्षेत्र/या राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के साथ एनॉलॉग हो सकता है। मांगी गई सबसे कम वीजीएफ का निर्धारण करने के लिए रिवर्स बोली प्रक्रिया का इस्तेमाल करके, यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सार्वजनिक निधियों की सहायता राशि तर्कसंगत है।
- संविदा एजेंसी पहले चरण में बोली प्रक्रिया के माध्यम से संभावित बीओओटी प्रतिभागियों की रूचि और उत्तर का पता लगा सकती है। इसे एक बार में पूरे देश में किया जा सकता है (राज्य/एलएसए या 'अनुसूचियों' के रूप में पैकेज) या इसे बोलीदाताओं के उत्तरों की अधिक संभावना वाले कतिपय राज्यों में शुरू किया जा सकता है।
- दूसरे चरण में (उन क्षेत्रों को छोड़ने के बाद, जिनमें बीओओटी मॉडल कार्यान्वित किया जा सकता है) ईपीसी ठेकेदारों का चयन किया जाएगा। ऐसे ईपीसी ठेकेदारों पर नेटवर्क का निर्माण करने की जिम्मेदारी होगी और नेटवर्क को पूरा करने के बाद, दो वर्ष के लिए दोष देयता होगी। जब नेटवर्क पूरा होने वाला होगा तो संविदा एजेंसी तृतीय पक्ष (बोली प्रक्रिया के माध्यम से) को नियुक्त करेगी, जो सरकार द्वारा निर्धारित विस्तृत सिद्धांतों के अनुसार 60 नेटवर्क का प्रबंधन और विपणन करने के लिए जिम्मेदार होगा। दो वर्ष की ओवरलैपिंग दोष दायित्व का इस्तेमाल यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि निर्माण से अनुरक्षण चरण का कार्य सुगमता से संपन्न हों।
- वीजीएफ भुगतान दो घटकों में विभाजित किए जाने चाहिए – उचित दरों पर वित्तीय संस्थाओं से पूरक वित्त जुटाने में समर्थ होने और प्रारंभिक पूंजीगत लागत को पूरा करने के लिए रियायतग्राही को पर्याप्त निधि के लिए प्रारंभिक पूंजीगत व्यय राशि और शेष राशि को रियायत अवधि के लिए वार्षिक करना चाहिए और पहले से परिभाषित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर इनका भुगतान किया जाएगा। महत्वपूर्ण लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त करने पर भुगतान जल्दी होगा और इससे डिलिवरी में तेजी आएगी। दोनों घटकों को रियायत अवधि के लिए ध्यानपूर्वक संतुलित किया जाना चाहिए – हालांकि प्रारंभिक चरण में अधिक भुगतान के कारण डिलीवरी की क्वालिटी गिर सकती है, प्रारंभ में रियायतग्राही को पर्याप्त निधि उपलब्ध नहीं कराने से अधिक खर्च वाले प्राइवेट वित्तपोषण का सहारा लिया जाएगा (जिसकी अतिरिक्त लागत वीजीएफ बोली प्रक्रिया में प्रदर्शित होगी और यह पब्लिक निधियों से आएगी)।
- रियायत अवधि फाइबर की तकनीकी आयु के बराबर होनी चाहिए, वर्तमान में इस पर आम सहमति 25 वर्ष

की है। यह अवधि रियायतग्राही के इंसेंटिव को सेवा की डिलीवरी के लिए उच्च क्वालिटी की संस्थापना के अनुरूप होनी चाहिए और उचित लाभ अर्जित करने के लिए पर्याप्त बड़ी विंडों उपलब्ध कराने वाली भी होनी चाहिए। सरकार और रियायतग्राही के बीच परस्पर समझौते के अनुसार रियायती अवधि के बाद इस अवधि को 10/20/30 वर्ष के ब्लॉक में बढ़ाया जा सकता है।

- असाधारण रूप से उच्च अप्रत्याशित लाभ को एकबारगी "अप्रत्याशित कर" और अतिरिक्त वीजीएफ सहायता को रोककर इससे निपटा जा सकता है। बहरहाल, बोली प्रक्रिया से पहले इस तरह के उपाय स्पष्ट रूप से निर्धारित किए जाने चाहिए ताकि इस तरह के 61 दीर्घाकालिक अवसंरचना परियोजनाओं में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक स्थिरता और पूर्वानुमेयता सुनिश्चित की जा सकें। अप्रत्याशित लाभ किस नाम से जाना जाएगा, इसकी स्पष्ट परिभाषा बोलीदाताओं को प्राथमिकता प्रदान करेगी ताकि इसे उनके वित्तीय और परिव्यय योजनाओं में शामिल किया जा सकें।
- यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाएगा कि रियायतग्राही सभी सेवा प्रदाताओं को भेदभावरहित और पारदर्शी तरीके से एक्सेस प्रदान करें। इस तरह की प्रतिस्पर्धा उन सभी कंटेंट (मनोरंजन, हकदारी और सरकारी सेवाओं सहित) के लिए जरूरी है, जो नेटवर्क पर डिलिवर किए जाएंगे।
- उदार पात्रता मापदंड व्यापक भागीदारी के लिए जरूरी हैं और बड़ी संख्या में बोलीदाताओं की भागीदारी और इष्टतम मूल्य खोज को समर्थ बनाने के लिए मजबूत और प्रतिस्पर्धी नीलामी प्रक्रिया की गारंटी सुनिश्चित करते हैं।
- आवंटन के लिए स्वीकृत कार्यान्वयन क्षेत्रों की अधिकतम संख्या से अधिक में बोली जीतने वाली कोई बोलीदाता एजेंसी/संघ को उनकी इच्छानुसार क्षेत्र चुनने की अनुमति दी जा सकती है।
- ऑप्टीकल फाइबर बिछाने के मार्ग, निर्माण के विकल्प, टोपोलॉजी और टेक्नोलॉजी के संबंध में रियायतग्राही को लचीलापन उपलब्ध कराई जाएगी ताकि तकनीकी और आर्थिक कुशलता सुनिश्चित की जा सकें। यह लचीलापन एनओएफएन संबंधी समिति द्वारा भारतनेट के लिए निर्धारित अतिरेक और गुणवत्ता के मानकों के अंतर्गत है।
- रियायतग्राही को डार्क फाइबर की बड़ी राशि लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि नेटवर्क भविष्य के अनुकूल हो और इसे अपग्रेड करना आसान हों।
- निशुल्क आरओडब्ल्यू की गारंटीड व्यवस्था सार्वजनिक संपत्ति को उसकी मूल स्थिति में बहाली के अधीन भारतनेट के सफल कार्यान्वयन की जरूरी और अपरक्राम्य पूर्व शर्त है।
- इसे कार्यान्वित करने के लिए चुनी गई योजना पर ध्यान दिए बगैर परियोजना की सफलता के लिए राज्य सरकार की भागीदारी अनिवार्य है। राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश परियोजना कार्यान्वयन के अभिन्न भाग होंगे और असरदार तरीके से सहयोग करने और कार्यान्वयन के मसलों का समाधान करने के लिए राज्य और जिला स्तर पर एक संस्थागत प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए।
- केन्द्र और राज्य सरकारों को चुने गए संघ में अल्प इक्विटी साझेदार (~26 प्रतिशत) बनकर

रियायतग्राही के साथ भाग लेना चाहिए – इससे अनुमानित जोखिम कम हो सकते हैं और प्राइवेट वित्त हासिल करने की लागत कम होगी तथा प्रत्याशित लाभ से जुड़े जोखिम स्वतः समाप्त हो जाएंगे। इसके अलावा, यह सरकार को रियायतग्राही की ओर से एकाधिकार, जैसे आचरण को रोकने में मदद दे सकते हैं।

➤ Hkknfoik dh i'kklfud :i ls vkofVr LiDVe ds mnkjhdj.k ds iHkkj.k ij flQkfj'kksa ij njlapkj foHkkx ls ikIr i= ij Hkknfoik dk fnukad 27 tuojh] 2016 dk mÙkjA

2.5.11 प्राधिकरण ने दिनांक 27 जनवरी, 2016 की अपनी सिफारिशों में कहा कि एलएसए, जिसमें स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया उपलब्ध नहीं है, में विभिन्न बैंडों में प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम के उदारीकरण के लिए प्रभारित किए जाने वाले मूल्य के लिए निम्नलिखित विधियां अपनाई जाएं:–

- एक अंतरिम उपाय के रूप में वर्तमान सिफारिशों में प्राधिकरण द्वारा अनुशंसा किए गए आरक्षित मूल्य को प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम के उदारीकरण के लिए अनंतिम मूल्य के रूप में लिया जाए; और
- आगामी नीलामी के बाद और नीलामी द्वारा निर्धारित मूल्य की उपलब्धता के साथ पहले से प्रभारित अनंतिम मूल्य को नीलामी द्वारा निर्धारित मूल्य के साथ उचित रूप से समायोजित किया जाए।

➤ vkbZih bVjQs'k vr%la;kstu ij fnukad 11 Qjojh] 2016 dh flQkfj'k

2.5.12 प्राधिकरण ने ''आईपी आधारित नेटवर्क के लिए माइग्रेशन'' पर दिनांक 30 जून, 2014 को एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसके बाद 2 दिसंबर, 2014 को इस विषय पर एक खुला मंच चर्चा आयाजित की गई। परामर्श पत्र के प्रतियुत्तर में कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने टिप्पणी की थी कि आईपी आधारित नेटवर्क के लिए आसन्न परिवर्तन व्यापक रूप से प्रत्याशित है, इसलिए आईपी आधारित अंतःसंयोजन के लिए स्पष्टता प्रदान करने हेतु लाइसेंस शर्तों में परिवर्तन करना जरूरी है।

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 10 नवंबर, 2015 के अपने पत्र में भादूविप्रा को लिखा था कि दूरसंचार उद्योग के लिए चिंता के विषयों में एक विषय आईपी स्तर पर अंतःसंयोजन के प्रतिबंध को हटाना है ताकि सुगम आईपी अंतःसंयोजन सुनिश्चित किया जा सकें। भादूविप्रा ने दिनांक 27 नवंबर, 2015 को ''आईपी आधारित अंतःसंयोजन पर परामर्श पत्र'' के द्वारा हितधारकों के साथ एक लघु परामर्श शुरू किया। इसमें शामिल विभिन्न मुद्दों का विश्लेषण करने और हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों पर विचार करने के बाद, प्राधिकरण ने आईपी स्तर पर अंतःसंयोजन के लिए एकीकृत लाइसेंस के खंड 27.3 में संशोधन करने की सिफारिश की थी। यह भी सिफारिश की गई थी कि इस प्रभाव के समान संशोधन को अन्य लाइसेंस करारें के संबंधित खंडों में भी किए किए जाएं।

खंड 27.3 का प्रस्तावित पाठ निम्नानुसार हैः–

''सर्किट स्विच्ड ट्रैफिक को ले जाने के लिए विभिन्न लाइसेंसधारकों के नेटवर्कों के बीच अंतःसंयोजन सीसीएस संख्या 7 के राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा और आईपी आधारित ट्रैफिक दूरसंचार इंजीनियरी केन्द्र (टीईसी) और समय–समय पर इसमें किए गए संशोधनों के अनुसार और नेटवर्कों की तकनीकी व्यावहार्यता एवं तकनीकी संपूर्णता के अधीन होगी और भादूविप्रा/लाइसेंसर द्वारा समय–समय पर

जारी अंतःसंयोजन/विनियम/निर्देश/आदेश के समग्र फ्रेमवर्क के भीतर होगी। सर्किट स्विच्ड और आईपी आधारित नेटवर्क के बीच अंतर–नेटवर्किंग के लिए लाइसेंसधारक को मीडिया गेटवे स्विच इंस्टॉल करना होगा। इसके अलावा, लाइसेंस प्रदाता लाइसेंसधारक को अंतःसंयोजन संबंधित मुद्दों पर टीईसी द्वार जारी कोई और तकनीकी मानक अपनाने के लिए निर्देश दे सकता है।''

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 19 अप्रैल, 2016 के पत्र द्वारा आईपी इंटरफेश पर अंतःसंयोजन संबंधी भादूविप्रा की सिफारिशों के अनुसार, इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) पर अंतःसंयोजन के लिए एकीकृत लाइसेंस में संशोधन के बारे में सूचित किया है।

➢ ekuuh; mPPkre U;k;ky; d fnukd 14 eb] 2015 d vrfje vkn’k ij vuorh dkjokbl d :i e LiDVe lhek l lcf/kr eÌk ij fnukd 2 tykb] 2015 d Hkknfoik d mÙkj d lc/k e fnukd 16 Qjojh] 2016 d Li"Vhdj.k

2.5.13 29 मई, 2015 को दूरसंचार विभाग ने हस्तांतरण केस (सिविल) संख्या 43/2015 और अन्य समान मामलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 14 मई, 2015 के अंतरिम आदेश पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में स्पेक्ट्रम सीमा और दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा न्यूनतम स्पेक्ट्रम धारिता से संबंधित मुद्दों पर प्राधिकरण से उसकी राय मांगी थी।

मुद्दों की जांच करने और दूरसंचार सेवा प्रदाता के साथ परामर्श करने के बाद, प्राधिकरण ने अपना उत्तर दिनांक 2 जुलाई, 2015 को भेजा।

तत्पश्चात, दूरसंचार विभाग ने दिनांक 21 जनवरी, 2016 के पत्र द्वारा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत राय पर कतिपय स्पष्टीकरण मांगे थे। प्राधिकरण ने दूरसंचार विभाग की टिप्पणियों की जांच कर और अपने उत्तर को अंतिम रूप देकर, 16 फरवरी, 2016 को दूरसंचार विभाग को भेजा गया।

➢ vMeku vkj fudkckj }hileg vkj y{k}hi e njlpkj lokvk dk cgrj dju ij fnukd 22 tykb] 2014 dh Hkknfoik dh flQkfj'kk ij njlpkj foHkkx }kjk mBk, x, eÌk ij 23 ekp] 2016 dk ikf/kdj.k dk mÙkj

2.5.14 दूरसंचार विभाग ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में क्वालिटी दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए अपेक्षित निवेश और अंतर विश्लेषण करने के बाद, दिनांक 7 जनवरी, 2014 के पत्र के माध्यम से भादूविप्रा से इन महाद्वीपों के लिए विस्तृत दूरसंचार योजना पर अपनी सिफारिशें देने का अनुरोध किया था। प्राधिकरण ने संबंधित हितधारकों के साथ परामर्श करने के बाद, 22 जुलाई, 2014 को 'अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में दूरसंचार सेवाओं को बेहतर बनाने'' पर अपनी सिफारिशें भेजी थी।

दूरसंचार विभाग ने अपने पिछले पत्र में सूचित किया है कि भादूविप्रा की सिफारिशों के अनुसार, दूरसंचार आयोग ने 7 नवंबर, 2014 को आयोजित अपनी बैठक में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के लिए विस्तृत विकास योजना को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की थी और अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में सेटेलाइट बैंडविड्थ के उन्नयन और अंतर–द्वीप ओएफसी नेटवर्क के उन्नयन का कार्य नामांकन आधार पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को दिया गया था। तदनुसार, दूरसंचार विभाग ने दिनांक 8 फरवरी, 2016 और 9 मार्च, 2016 के अपने पत्रों के माध्यम से (क) लक्षद्वीप में सेटेलाइट बैंडविड्थ के उन्नयन और (ख) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में अंतर–द्वीप ओएफसी नेटवर्क के उन्नयन के विस्तृत

लागत अनुमानों की प्रति अग्रेषित की थी। दूरसंचार विभाग ने भादूविप्रा से इन खास परियोजनाओं के लिए बीएसएनएल द्वारा तैयार तकनीकी अपेक्षाओं और विस्तृत लागत अनुमानों पर उसकी राय देने का अनुरोध किया था।

शामिल मुद्दों की जांच करने के बाद, भादूविप्रा ने दिनांक 23 मार्च, 2016 को उत्तर भेजा गया। भादूविप्रा ने अपने उत्तर में फिर से निम्न पर बल दिया गया :–

- पर्याप्त बैंडविड्थ उपलब्ध कराना अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप की विस्तृत दूरसंचार योजना का प्रमुख घटक है। सबमरीन केबलों के माध्यम से कनेक्टीविटी उपलब्ध कराना, भादूविप्रा की दिनांक 22 जुलाई, 2014 की सिफारिशों का प्रमुख और अभिन्न भाग है। चूंकि समुद्रीय केबल बिछाना, संसाधन, सघन और समय खाने वाला काम है, सेटेलाइट बैंडविड्थ का उन्नयन तात्कालिक और अल्पकालिक समाधान के रूप में करना चाहिए।
- चूंकि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के केन्द्र शासित प्रदेशों में दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराना दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए व्यावहारिक वाणिज्यिक प्रस्ताव नहीं है, इन द्वीप समूहों में प्राथमिकता के आधार पर दूरसंचार अवसंरचना और कनेक्टीविटी के उन्नयन और विकास के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) का इस्तेमाल करने और प्रवेश करना, सरकार के लिए जरूरी है।
- दूरसंचार विभाग ने पूरी तरह से स्पष्ट नहीं किया है कि क्या इसने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के लिए अनुसंशित व्यापक दूरसंचार योजना को स्वीकृत कर दिया है। इन द्वीपसमूहों के कूटनीतिक महत्व को देखते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के लिए संपूर्ण दूरसंचार योजना को बिना और विलंब के तुरंत कार्यान्वित करना चाहिए।
- वर्तमान दूरसंचार अवसंरचना की उपलब्धता और उपयुक्तता, अवशिष्ट आयु जैसे कारकों के आधार पर बीओक्यू (मात्रा का बिल) और विस्तृत लागत अनुमानों के बारे में निर्णय दूरसंचार विभाग द्वारा इस बात को ध्यान में रखकर लिए जा सकते हैं कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप की विस्तृत दूरसंचार योजना पर प्राधिकरण की सिफारिशों में निर्धारित विस्तृत उद्देश्यों तब भी पूरे किए जाते हैं, जब परियोजना (ओं) की अनुमानित लागत, प्राधिकरण द्वारा अनुमानित लागत से थोड़ा अधिक हों।

2.6 वर्ष 2015–16 के दौरान, प्राधिकरण ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के तहत उसको निर्दिष्ट किए गए कार्यों को पूरा करने के लिए दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्रों में निम्नलिखित विनियम बनाए हैं:–

nj lapkj {k=

Ø- l-	fooj.k
1.	7 अगस्त, 2015 का ''दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (आठवां संशोधन) विनियम, 2015
2.	15 अक्टूबर, 2015 का ''बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवा की सेवा की गुणवत्ता के मानक (चौथा संशोधन) विनियम, 2015
3.	16 अक्टूबर, 2015 का ''दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (नौवां संशोधन) विनियम, 2015
4.	8 फरवरी, 2016 का डेटा सेवा के लिए विभेदकारी निषेध टैरिफ विनियम, 2016

fofu;e

➢ fnukd 7 vxLr] 2015 dk ^^nwjlapkj miHkksDrk lja{k.k ¼vkBoka la'kks/ku½ fofu;e] 2015

2.6.1 प्राधिकरण ने विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श करने और आंतरिक विश्लेषण करने के बाद, वायरलेस डेटा का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा करने के लिए 7 अगस्त, 2015 को 'दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (आठवां संशोधन) विनियम, 2015' जारी किया था। इस विनियम की प्रमुख विशेषताएं हैं:–

i) MsVk ds bLrseky ds lca/k esa mIkHkksDrk ds fy, lwpuk % सेवा प्रदाता को एसएमएस या यूएसएसडी के माध्यम से निम्नलिखित सूचना देने का अधिदेश दिया गया है:–

- मोबाइल डेटा यूजर को इस्तेमाल किए गए डेटा के बारे में सूचना देना, विशेष डेटा पैक्स (एसटीवी/कंबो/एड–ऑन–पैक) के यूजरों को छोड़कर सभी मोबाइल डेटा यूजरों को प्रत्येक 10 एमबी डेटा का इस्तेमाल की सूचना देना। उपभोक्ताओं को यह विकल्प दिया जाएगा कि यदि वे ऐसी सूचना प्राप्त नहीं करना चाहते हैं, तो वे इस विकल्प को चुन सकते हैं।
- जब भी डेटा इस्तेमाल की सीमा उपभोक्ता के खाते में उपलब्ध डेटा का 50 प्रतिशत, 90 प्रतिशत और 100 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी या जब उपभोक्ता के खाते में उपलब्ध डेटा शेष 500 एमबी, 100 एमबी और 10 एमबी तक रह जाएगा तो विभिन्न विशेष डेटा पैक्स (एसटीवी/कंबो/एड–ऑन–पैक) के यूजरों को सूचना देना। इसके अलावा, जब भी डेटा सीमा 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी या खाते का डेटा शेष 10 एमबी रह जाएगा तो उपभोक्ता को डेटा की सीमा समाप्त होने के बाद लगने वाले टैरिफ के विवरण के बारे में भी बताना होगा ।
- इंटरनेशनल रोमिंग उपभोक्ता को एक अलर्ट भेजा जाएगा, जिसमें उसे बताया जाएगा अगर वह डेटा सेवाओं को इस्तेमाल नहीं करना चाहता है तो वह डेटा सेवा को डिएक्टीवेट कर लें।

ii) MsVk lsokvksa dks ,DVhosV ;k fM,DVhosV djuk%&

- टॉल फ्री शॉर्ट कोड 1925 के माध्यम से उपभोक्ता की स्पष्ट सहमति से ही डेटा सर्विस एक्टीवेट की जानी चाहिए। टॉल फ्री शॉर्ट कोड 1925 के माध्यम से ही डेटा सर्विस डिएक्टीवेट की जा सकेगी।
- विशेष टैरिफ वाउचर या कंबो वाउचर या एड–ऑन पैक के माध्यम से डेटा सर्विस, वाउचर/पैक की वैलिडिटी अवधि या पूरे डेटा के उपयोग, इनमें से जो भी पहले हों, तक सहमति से एक्टीवेट हुई मानी जाएगी।
- उपभोक्ताओं को डेटा के डिएक्टीवेशन के लिए निर्धारित प्रक्रिया के बारे में समय–समय पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाना चाहिए। बीएसएनएल और एमटीएनएल को छोड़कर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने इसके अनुपालन के लिए सहमति दे दी है।

➢ 15 vDVwcj] 2015 dk cqfu;knh VsyhQksu lsok¼ok;jykbu½ vkSj lsY;qyj eksckby VsyhQksu lsokvksa dh lsok dh xq.koÙkk ds ekud ¼pkSFkk la'kks/ku½ fofu;e] 2015

2.6.2 प्राधिकरण द्वारा 15 अक्टूबर, 2015 को जारी बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवाओं की सेवा की गुणवत्ता के मानक (चौथा संशोधन) विनियम, 2015 में नेटवर्क और उपभोक्ता संबंधी पैरामीटरों के मापदंडों का अनुपालन नहीं करने पर सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं पर संशोधित अर्थदंड का प्रावधान

किया गया है। इस विनियम की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

- एक तिमाही में मापदंड का अनुपालन नहीं करने के मामलें में अर्थदंड एक लाख रुपए प्रति मापदंड से अधिक नहीं होगा।
- लगातार दो या तीन तिमाहियों में उसी मापदंड का अनुपालन नहीं करने के मामले में, दूसरे उल्लंघन के लिए अर्थदंड डेढ लाख रुपए से अधिक नहीं होगा और इसके बाद के प्रत्येक उल्लंघन के लिए यह दो लाख रुपए से अधिक नहीं होगा।
- इसके बाद की किसी तिमाही में उसी मापदंड का अनुपालन नहीं करने के मामले, जो कि क्रमागत उल्लंघन नहीं है, अर्थदंड एक लाख रुपए प्रति मापदंड होगा।

➤ fnukad 16 vDVwcj] 2015 dk nwjlapkj miHkksDrk laj{k.k ¼ukSoka la'kks/ku½ fofu;e] 2015

2.6.3 उपभोक्ताओं ने विभिन्न मंचों पर कॉल ड्रॉप्स का मुद्दा उठाया और शिकायत की है कि वॉयस कॉल करने का उनका अनुभव का खराब रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में, भादूविप्रा ने 4 सितंबर, 2015 को 'ड्रॉप हुई कॉल के मामले में उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों और विश्लेषण करने के बाद, भादूविप्रा ने 16 अक्टूबर, 2015 को दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2012 में नौवें संशोधन के माध्यम से अपने नेटवर्क के अंदर सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवाएं प्रदान करने वाले प्रत्येक प्रारंभिक सेवा प्रदाता के लिए निम्नलिखित अधिदेश देकर, उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया:–

(1) dkWy djus okys miHkksDrk ds [kkrs esa 1 #i;s ØsfMV djuk ¼ परंतु कॉल करने वाले उपभोक्ता के खाते में इस तरह का क्रेडिट एक दिन (00:00 बजे से 23:59 बजे तक) में तीन ड्रॉप हुई कॉल तक सीमित होगा।

(2) कॉल ड्रॉप होने के चार घंटे के अंदर कॉल करने वाले उपभोक्ता को एसएमएस/यूएसएसडी मैसेज द्वारा उसके खाते में क्रेडिट की गई राशि की सूचना देना; और

(3) पोस्ट–पेड उपभोक्ताओं के मामले में क्रेडिट का विवरण अगले बिल में उपलब्ध कराना होगा।

ये विनियम 1 जनवरी, 2016 से लागू हो गए हैं।

➤ 8 Qjojh] 2016 dk MsVk lsok ds fy, foHksndkjh fu"ks/k VSfjQ fofu;e] 2016

2.6.4 परामर्श प्रक्रिया शुरू करने के बाद, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 8 फरवरी, 2016 को डेटा सेवा के लिए विभेदकारी निषेध टैरिफ विनियम, 2016 जारी किया था, जिसमें अन्य के साथ–साथ निम्नलिखित अधिदेश दिए गए थे:–

(क) कोई भी सेवा प्रदाता कंटेंट के आधार पर डेटा सेवा के लिए विभेदकारी टैरिफ ऑफर या प्रभारित नहीं करेगा।

(ख) कोई भी सेवा प्रदाता स्वभाविक या कानूनी, किसी व्यक्ति के साथ कोई व्यवस्था, करार या संविदा, चाहे जिस नाम से भी पुकारा जाएं, नहीं करेगा जिसका इस विनियम में निषेध से बचने के लिए सेवा प्रदाता द्वारा ऑफर या प्रभारित किए जा रहे डेटा सेवा हेतु विभेदकारी टैरिफ का प्रभाव हों।

(ग) आपात सेवाएं एक्सेस करने या उपलब्ध कराने के लिए या पब्लिक इमरजेंसी के समय के घटे हुए टैरिफ को अनुमति दी गई है।

i|lkj.k vkj dcy Vhoh {k=

Ø- l-	fofu;ek dh lph
1.	14 सितंबर, 2015 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (नौंवा संशोधन) विनियम, 2015।
2.	14 सितंबर, 2015 का दूरसंचार (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) (पांचवा संशोधन) विनियम, 2015।
3.	7 जनवरी, 2016 का दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) (छठा संशोधन) विनियम, 2016 ।
4.	16 मार्च, 2016 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) (सांतवां संशोधन) विनियम, 2016 ।

fofu;e

- 14 flrcj] 2015 dk njlpkj ¼i|lkj.k vkj dcy lok,½ vr%l;ktu ¼ukok l'kk/ku½ fofu;e] 2015A
- 14 flrcj] 2015 dk njlpkj ¼fMftVy ,Mslcy dcy Vyhfotu i.kkyh½ ¼ikpok l'kk/ku½ fofu;e] 2015A

2.6.5 भादूविप्रा ने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए टीवी सेवाओं के संबंध में 14 सितंबर, 2015 को अंतःसंयोजन विनियमों के लिए दो संशोधन अधिसूचित किए थे। इनमें से एक गैर–एड्रेसेबल प्रणाली द्वारा सेवा क्षेत्रों में एनॉलॉग केबल टीवी प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही टीवी सेवाओं पर लागू है और दूसरा डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली द्वारा सेवा क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा रही टीवी सेवाओं पर लागू है। अंतःसंयोजन विनियम में किए गए ये संशोधन अन्य के साथ 'उपभोक्ता', 'साधारण उपभोक्ता' और 'वाणिज्यिक उपभोक्ता' की परिभाषा को भी बताते हैं।

- 7 tuojh] 2016 dk njlpkj ¼i|lkj.k ,o dcy lok,½ vr%l;ktu ¼fMftVy ,Mslcy dcy Vyhfotu i.kkyh½ ¼NBk l'kk/ku½ fofu;e] 2016

2.6.6 प्राधिकरण ने 7 जनवरी, 2016 को दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) (छठा संशोधन) विनियम, 2016 अधिसूचित किया था। सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रस्तुत अंतःसंयोजन विवरण में प्राधिकरण ने देखा कि कई प्रसारकों द्वारा मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) को और एमएसओ द्वारा स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) को वैध लिखित अंतःसंयोजन करारें के बिना टीवी चैनलों के सिगनल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लगातार परस्पर वार्ताओं के कारण अक्सर विवाद पैदा होते हैं और कभी–कभी अचानक डिस्कनेक्शन हो जाता है, जिसका उपभोक्ताओं

को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है।

इस संशोधन के माध्यम से, प्राधिकरण ने यह अनिवार्य कर दिया है कि पे चैनलों का प्रसारक अपने पे चैनलों के पुनःप्रसारण के लिए एमएसओ के साथ लिखित में अंतःसंयोजन करार करेगा और करार करते समय मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों ने प्रसारकों को सब्सक्रिप्शन शुल्क का भुगतान कर दिया है या नहीं, इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। संशोधन में टीवी सिगनलों के पुनःप्रसारण के लिए सेवा प्रदाताओं के बीच वर्तमान अंतःसंयोजन करार समाप्त होने से पहले नया अंतःसंयोजन करार करने के लिए पर्याप्त समय (कम से साठ दिन) दिया गया है। इस संशोधन के बाद, वर्तमान अंतःसंयोजन करार समाप्त होने पर टीवी सिगनल लगातार प्रावधान के लिए परस्पर वार्ता के कपट की कोई संभावना नहीं रह गई है।

एमएसओ को अधिदेश दिया गया था कि वो नया अंतःसंयोजन करार नहीं करने के मामले में, उपभोक्ता को वर्तमान अंतःसंयोजन करार समाप्त होने की तिथि और टीवी चैनलों के डिस्कनेक्शन की सूचना वर्तमान अंतःसंयोजन करार समाप्त होने से पन्द्रह दिन पहले देगा ताकि उपभोक्ता अपनी पसंद के संबंध में सही निर्णय ले सकें।

- **15 ekp] 2016 dk nj l pkj ¼i l kj.k vkj dcy l ok,½ vr%l ;k tu ¼fMf tVy ,M l cy dcy Vyhfo tu i.kkyh½ ¼l krok l 'kk/ku½ fofu;e] 2016**

2.6.7 भादूविप्रा ने 15 मार्च, 2016 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) (सातवां संशोधन) विनियम, 2016 (2016 का 3) जारी किया था, जिसमें डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली (डीएएस) के माध्यम से केबल टीवी सेवाओं के प्रावधान के लिए एमएसओ और एलसीओ के बीच हस्ताक्षरित होने वाले आदर्श अंतःसंयोजन करार (एमआईए) और स्टैंडर्ड अंतःसंयोजन करार (एसआईए) का फार्मेट निर्धारित किया गया है। प्राधिकरण का मानना है कि एमआईए और एसआईए का फार्मेट निर्धारित करने से क्षेत्र का मार्ग प्रशस्त होगा और इसके परिणामस्वरूप एमएसओ और एलसीओ के बीच विवाद की घटनाएं कम होंगी, पक्षों को समान अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे अंततः उपभोक्ताओं के लिए सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

2.7 वर्ष 2015–16 के दौरान, प्राधिकरण ने दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्रों में निम्नलिखित टैरिफ आदेश जारी किए हैं:–

nj l pkj {k=

Ø- l-	vkn'kk dh l ph
1.	9 अप्रैल, 2015 का दूरसंचार टैरिफ (सोलहवां संशोधन) आदेश, 2015 ।

VfjQ vkns'k

➢ **9 vi;y] 2015 dk njlpkj VfjQ ¼lkygok l'kks/ku½ vkns'k] 2015**

2.7.1 प्राधिकरण ने राष्ट्रीय रोमिंग के लिए अधिकतम टैरिफ में पिछली बार संशोधन 17 जून, 2013 को दूरसंचार टैरिफ आदेश (55वां संशोधन) के माध्यम से किया था। हितधारकों की टिप्पणियों की जांच करने और विश्लेषण करने के बाद, प्राधिकरण ने 9 अप्रैल, 2015 को दूरसंचार टैरिफ (60वां संशोधन) आदेश, 2015 के माध्यम से राष्ट्रीय रोमिंग पर वॉयस कॉल और एसएमएस दिनांक के लिए अधिकतम टैरिफ में संशोधन किया है, जो 01.05.2015 से लागू हो गया है। इस संशोधन से राष्ट्रीय रोमिंग सेवा के टैरिफ संरचना में निम्नलिखित परवर्तिन किए गए हैं:–

en	VhVhvk ¼55oka l'kks/ku½] 2013 ds vuqlkj vf/kdre VfjQ	VhVhvk ¼60oka l'kks/ku½] 2015 ds vuqlkj vf/kdre VfjQ
आउटगोइंग लोकल वॉयस कॉल	1.00 रु. प्रति मिनट	0.80 रु. प्रति मिनट
आउटगोइंग लांग डिस्टेंश (इंटर–सर्किल) वॉयस कॉल	1.50 रु. प्रति मिनट	1.15 रु. प्रति मिनट
इनकमिंग वॉयस कॉल	0.75 रु. प्रति मिनट	0.45 रु. प्रति मिनट
आउटगोइंग लोकल एसएमएस	1.00 रु. प्रति एसएमएस	0.25 रु. प्रति एसएमएस
आउटगोइंग लांग डिस्टेंश (इंटर–सर्किल) एसएमएस	1.50 रु. प्रति एसएमएस	0.38 रु. प्रति एसएमएस

इस संशोधन आदेश के माध्यम से, भादूविप्रा ने आरटीपी और आरटीपी–एफआर उपलब्ध कराने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के लिए वर्तमान आदेश को समाप्त कर दिया है और दूरसंचार सेवा प्रदाता को अपने प्रीपेड और पोस्ट–पेड उपभोक्ताओं के लिए विशेष रोमिंग टैरिफ प्लान (एसआरटीपी) की पेशकश करने का आदेश दिया है। एसआरटीपी में राष्ट्रीय रोमिंग पर इनकमिंग वॉयस कॉल निशुल्क होंगी और फिक्स्ड प्रभार, यदि कोई हों, के भुगतान पर होंगी।

ilkj.k vkj dcy lok {k=

क्र. सं.	टैरिफ आदेशों की सूची
1	1 अप्रैल, 2015 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (सातवां) (डायरेक्ट–टु–होम सर्विस) टैरिफ आदेश, 2015।
2	8 सितंबर, 2015 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (दूसरा) टैरिफ (पन्द्रहवा संशोधन) आदेश, 2015।
3	8 सितंबर, 2015 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (चौथा) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (पांचवा संशोधन) आदेश, 2015।
4	29 दिसंबर, 2015 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (चौथा) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (छठा संशोधन) आदेश, 2015।

VfjQ vkns'k

➢ 1 vi\y] 2015 dk njlpkj ¼ilkj.k vkj dcy½ lok,i ¼lkrok½ ¼Mk;jDV&V&gke lfol½ VfjQ vkns'k] 2015

2.7.2 भादूविप्रा ने 1 अप्रैल, 2015 को डीटीएच ऑपरेटरों पर लागू दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (सातवां) (डायरेक्ट–टु–होम सर्विस) टैरिफ आदेश, 2015 अधिसूचित किया था, जिसमें डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए उपभोक्ता परिसर उपस्कर (सीपीई) की वाणिज्यिक अंतरसक्रियता के लिए फ्रेमवर्क निर्धारित किया गया है। इस टैरिफ आदेश की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

- डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा सभी किस्म के सीपीई के मूल्यों की घोषणा में पारदर्शिता ताकि उपभोक्ता सही विकल्प चुनने में समर्थ हो सकें।
- डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा स्थापना और एक्टीवेशन प्रभारों की पारदर्शी और अपफ्रंट घोषणा, जो 450 रुपए से अधिक नहीं होंगे।
- डीटीएच ऑपरेटरों को एकल आधार पर सभी प्रकार के सीपीई के लिए स्टैंडर्ड योजना के नाम से एकमुश्त खरीद योजना पेश करना अनिवार्य होगा।
- डीटीएच ऑपरेटर बंडल्ड योजना और रेंटल योजना के साथ अतिरिक्त योजनाओं की भी पेशकश कर सकते हैं।
- रेंटल योजना में डीटीएच ऑपरेटर नामांकन के दौरान उपभोक्ता से निर्दिष्ट एकबारगी ब्याजमुक्त वापसी योग्य प्रतिभूमि जमा राशि, स्थापना एवं एक्टीवेशन प्रभार ले सकता है और उसके बाद मासिक रेंटल प्रभार लेगा। ऐसे उपभोक्ताओं से कोई मरम्मत/अनुरक्षण प्रभार नहीं लिए जा सकते। डीटीएच ऑपरेटर स्थापना/एक्टीवेशन के बाद तीन साल तक सीपीई की मरम्मत और अनुरक्षण निशुल्क करेंगे। एकमुश्त खरीद और किराया खरीद योजना के मामले में डीटीएच ऑपरेटर वारंटी अवधि समाप्त होने के बाद दौरा प्रभार ले सकते हैं, जो 250 रुपए, प्रति दौरा से अधिक नहीं होगा।
- उपभोक्ताओं के पास रेंटल योजनाओं को छोड़कर, बंडल्ड योजना सहित सभी योजनाओं में सीपीई के लिए खरीद–वापसी/रिफंड का विकल्प होगा। रेंटल योजना में उपभोक्ता को प्रतिभूमि जमाराशि वापस की जाएगी।
- डीटीएच ऑपरेटर प्रतिबद्ध बने रहने के लिए उपभोक्ताओं के लिए एक लॉक–इन अवधि निर्धारित कर सकते हैं, जो छह माह से अधिक नहीं होगी। उपभोक्ता कतिपय प्रभार, जो निर्दिष्ट किए गए हैं, चुकाने के अधीन कभी भी सीपीई को जमा करा सकते हैं।
- डीटीएच ऑपरेटरों को प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक संग्रहण केन्द्र स्थापित करना होगा, ताकि सीपीई की वापसी को आसान बनाया जा सकें। उपभोक्ताओं को कनेक्शन वापस करने का अनुरोध का पंजीकरण कराने के लिए एक टॉल फ्री टेलीफोन नंबर उपलब्ध कराया जाएगा।
- उपभोक्ता के पास निर्दिष्ट संग्रहण केन्द्र पर सीपीई को वापस करने का विकल्प चुनने के लिए 300 रुपए नाममात्र का संग्रहण प्रभार का भुगतान करके, सीपीई को वापस करने का विकल्प होगा।
- टैरिफ आदेश में निर्धारित प्रभार को छोड़कर, कोई और प्रभार डीटीएच ऑपरेटर द्वारा उपभोक्ताओं से नहीं लिया जा सकेगा।
- डीटीएच ऑपरेटर को अपनी वेबसाइट पर सभी वर्तमान योजनाओं और प्रत्येक योजना के प्रभार को घोषित करना होगा। उपभोक्ताओं को उनके द्वारा चुनी गई योजना का विवरण दिया जाएगा।

- डीटीएच ऑपरेटरों को अपनी कारोबार प्रक्रियाओं को इस टैरिफ आदेश के प्रावधानों के अनुरूप बनाने के लिए 60 दिन का समय दिया गया था।

➢ 8 fl rcj] 2015 dk nj lpkj ¼i lkj.k vkj dcy½ lok,a ¼n ljk½ VfjQ ¼iUngok l'kk/ku½ vkn'k] 2015 vkj

➢ 8 fl rcj] 2015 dk nj lpkj ¼i lkj.k vkj dcy½ lok,a ¼pkFkk½ ¼,M lcy i.kkyh½ VfjQ ¼ikpok l'kk/ku½ vkn'k] 2015

2.7.3 भादूविप्रा ने 8 सितंबर, 2015 को वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए टीवी सेवाओं के संबंध में दो टैरिफ संशोधन आदेश अधिसूचित किए थे। एक आदेश गैर–एड्रेसेबल प्रणालियों द्वारा सेवा क्षेत्रों में एनॉलॉग केबल टीवी प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही टीवी सेवाओं पर लागू है जबकि दूसरा आदेश डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली द्वारा सेवा क्षेत्रों में एड्रेसेबल प्रणालियों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही टीवी सेवाओं पर लागू है। इन टीएओ की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैः–.

- 'उपभोक्ता', 'साधारण उपभोक्ता' और 'वाणिज्यिक उपभोक्ता' को परिभाषित किया गया है।

- वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ के संबंध में थोक और खुदरा, दोनों स्तरों पर फोरबियरेंश निर्धारित किया गया है और प्रसारकों को वितरण प्लेफार्म ऑपरेटर (डीपीओ) और वाणिज्यिक उपभोक्ता, अगर ऐसा वांछित है, के साथ तीन पक्षीय करार करने का विकल्प दिया गया है।

- प्रसारकों के लिए अविभेदकारी नियम एवं शर्तों पर वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को अपने चैनल/चैनलों के समूह की पेशकश करने को अनिवार्य बनाया गया है।

- प्रसारक यदि वाणिज्यिक उपभोक्ता के साथ तीन पक्षीय करार करता है तो उसे ऐसा करार करने के 30 दिनों के अंदर इसे प्राधिकरण को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।

- डीपीओ द्वारा उपभोक्ताओं को "टेलीविजन चैनलों के अप–लिंकिंग/डाउनलिंकिंग हेतु नीतिगत दिशानिर्देशों" के अनुसार टीवी सिगनल उपलब्ध कराए जाएंगे।

भारतीय प्रसारण फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भादूविप्रा (अपील संख्या 7 (ग)/2014) के मामले में माननीय दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपील अधिकरण (टीडीसेट) के दिनांक 9 मार्च, 2015 के आदेश के अनुसार, ये टैरिफ आदेश अधिसूचित किए गए थे। यह उम्मीद की गई थी कि वाणिज्यिक उपभोक्ताओं हेतु विनियामक फ्रेमवर्क में किए गए इन बदलावों के लागू होने से वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए टीवी सेवाओं का वितरण सुगम हो जाएगा और ये उन्हें किफायती दामों पर उपलब्ध होंगी। यह भी आशा की गई थी इससे वैल्यू चेन में सभी हितधारकों के हितों के बीच संतुलन स्थापित होगा और व्यवसाय लेनदेनों में पूरी पादर्शिता आएगी।

➢ 29 fnl cj] 2015 dk nj lpkj ¼i lkj.k vkj dcy½ lok,a ¼pkFkk½ ¼,M lcy i.kkyh½ VfjQ ¼NBk l'kk/ku½ vkn'k] 2015

2.7.4 भादूविप्रा ने 29 दिसंबर, 2015 को दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवा (चौथा) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (छठा संशोधन) आदेश, 2015 (2015 का 6)

अधिसूचित किया था, जिसमें 'दोहरी शर्तें' निर्धारित की गई थी। इस टैरिफ आदेश की प्रमुख विशेषताएं हैं:–

- उपभोक्ताओं के लिए असरदार विकल्प की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आसान 'दोहरी शर्तें' निर्धारित की गई, जिससे उपभोक्ता उचित मूल्य पर अ–ला–कार्टे आधार पर अपने मनपसंद चैनल चुन सकते हैं।
- प्लेटफार्म ऑपरेटरों की अपने प्लेटफार्म पर उपलब्ध सभी चैनलों की अ–ला–कार्टे दर पर अधिसूचित करने की आजादी बरकरार रहेगी। वे ऐसे अ–ला–कार्टे चैनलों वाले बुके हेतु कम दरें लागू करने के लिए, कभी भी चैनलों की अ–ला–कार्टे दरों को कम कर सकते हैं।
- प्लेटफार्म ऑपरेटरों को बुके में शामिल अ–ला–कार्टे चैनलों की दरों के योग के अधिकतम 66.66 प्रतिशत तक की छूट देकर चैनलों के आधुनिक और आकर्षक पैकेज/बुके बनाने या पेश करने की आजादी रहेगी।

2.8 भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपने आदेशों/विनियमों के अनुपालन के लिए वर्ष 2015–16 के दौरान सेवा प्रदाताओं के लिए निर्देश जारी किए हैं, जिनमें कुछ निम्नानुसार हैं:–

nj lpkj {k=

Ø- l-	funs'kksa dh lwph
1.	मोबाइल नंबर के स्वामित्व के संबंध में पोर्टिंग अनुरोध प्रपत्र में वचन लेने के लिए सभी एक्सेस प्रदाताओं के लिए 16 अप्रैल, 2015 के निर्देश।
2.	111 के उपयोग बंद करने के लिए मैसर्स वोडाफोन (आई) लि. के लिए 2 मार्च, 2015 के निर्देश में 7 मई, 2015 का दूसरा संशोधन।
3.	सीएमटीएस के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानदंडों के संबंध में माइक्रोसॉफ्ट एक्सल फार्मेट में इलेक्ट्रॉनिक फार्म में और लिखित में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल सहित एकीकृत एक्सेस सेवा प्रदाताओं और सेल्युलर मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2015 के निर्देश।
4.	मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड को आवंटित 900 मेगाहट्ज स्पेक्ट्रम के 11 दिसंबर, 2015 को समाप्त होने पर असम, बिहार, पूर्वोत्तर, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में लाइसेंसप्राप्त सेवा क्षेत्रों में इसके द्वारा 900 मेगाहट्ज बैंड में सेवाएं बंद करने के संबंध में 11 दिसंबर, 2015 के निर्देश।
5.	नेटवर्क पैरामीटरों की वेब–सेवाओं के माध्यम से डेटा प्रस्तुत करने के लिए 13 जनवरी, 2016 के निर्देश।

funs'k

➢ eksckby uacj ds LokfeRo ds lca/k esa iksfVZax vuqjks/k i=k esa opu ysus ds fy, lHkh ,DlSl inkrkvksa ds fy, 16 vizSy] 2015 ds funs'k

2.8.1 प्राधिकरण के ध्यान में मोबाइल नंबर के एक सेवा प्रदाता से दूसरे सेवा प्रदाता के पास पोर्टिंग के बाद, मोबाइल नंबर के स्वामित्व के संबंध में विवाद आए हैं।

पोर्टिंग के अधीन वाले मोबाइल नंबर के स्वामित्व के सत्यापन की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के लिए, प्राधिकरण ने पोर्टिंग के समय उपभोक्ता से मोबाइल

नंबर के स्वामित्व का वचन पत्र लेने के संबंध में हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की थी। प्राधिकरण ने हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों की जांच की और पोर्टिंग हेतु अनुरोध प्रस्तुत करते समय उपभोक्ता से मोबाइल नंबर के स्वामित्व का वचन पत्र लेने को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया।

तदनुसार, प्राधिकरण ने सभी एक्सेस सेवा प्रदाताओं को उनके पोर्टिंग अनुरोध पत्र में अपने मोबाइल नंबर की पोर्टिंग के इच्छुक उपभोक्ता से वचन लेने को शामिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उपभोक्ता यह वचन देगा कि वह उक्त मोबाइल नंबर का स्वामी है और अगर उसका वचन असत्य पाया जाता है तो उक्त मोबाइल नंबर को बंद कर दिया जाएगा।

➢ **111 dk mi;kx cn djus ds fy, eSllZ okMkQksu ¼vkbZ½ fy- ds fy, 2 ekpZ] 2015 ds funsZ'k es 7 ebZ] 2015 dk nlsjk la'kks/ku**

2.8.2 दूरसंचार विभाग ने राष्ट्रीय नंबरिंग प्लान–2003 जारी किया था, जिसमें नंबर–प्रीफिक्स 111 से 115 किसी भी तरह की सेवाओं के लिए जारी नहीं किए गए हैं और इन्हें 'स्पेयर' के रूप में रखा गया है।

प्राधिकरण ने 2 मार्च, 2015 के अपने निर्देश में मैसर्स वोडाफोन इंडिया लिमिटेड को लेवल '111'' का उपयोग बंद करने और अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

बहरहाल, मैसर्स वोडाफोन इंडिया लिमिटेड के अनुरोध पर और न्यूनतम उपभोक्ता असुविधा सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने की समय–सीमा को पहली बार 30 अप्रैल, 2015 तक और फिर अंत में 31 जुलाई, 2015 तक के लिए बढ़ाया गया था। यह समय–सीमा क्रमशः 27 मार्च, 2015 और 7 मई, 2015 के संशोधन निर्देशों के माध्यम से बढ़ाई गई थी।

मैसर्स वोडफोन ने दिनांक 03 अगस्त, 2015 के पत्र द्वारा पुष्टि की है कि उन्होंने 1 अगस्त, 2015 से हेल्पलाइन सेवाओं के लिए लेवल '111' को बंद कर दिया है।

सीएमटीएस के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानदंडों के संबंध में माइक्रोसॉफ्ट एक्सल फार्मेट में इलेक्ट्रॉनिक फार्म में और लिखित में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल सहित एकीकृत एक्सेस सेवा प्रदाताओं और सेल्युलर मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में 29 जुलाई, 2015 के निर्देश।

2.8.3 भादूविप्रा ने इस निर्देश के माध्यम से सभी सेल्युलर टेलीफोन सेवा प्रदाताओं को चार महानगरों (जिलावार) सहित 42 शहरों के लिए पैरामीटर नेटवर्क की मासिक अनुपालन रिपोर्ट निर्धारित फार्मेट में प्रस्तुत करने का अधिदेश दिया है।

➢ **eSllZ fjyk;Ul VsyhdkWe fyfeVsM dks vkofVr 900 eSxkgV~t LisDVªe ds 11 fnlEcj] 2015 dks lekIr gksus ij vle] fcgkj] iwoksZÙkj] vkfM'kk vkSj if'pe caxky esa ykbZlsal ikIr lsok {ks=kksa esa blds }kjk 900 eSxkgV~t cSaM esa lsok,sa cUn djus ds lEcU/k esa 11 fnlEcj] 2015 ds funsZ'kA**

2.8.4 मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (मैसर्स आरटीएल) ने प्राधिकरण को सूचित किया है कि लाइसेंसर द्वारा उसे आवंटित 900 मेगाहट्ज बैंड स्पेक्ट्रम असम, बिहार, पूर्वोत्तर, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सेवा क्षेत्रों में 11 दिसंबर, 2015 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने यह बताया था कि वे 2100 मेगाहट्ज बैंड पर अपनी सेवाएं देना जारी रखेंगे और उन्होंने अपने सभी उपभोक्ताओं को 900 मेगाहट्ज बैंड में अपनी सेवाएं बंद होने और 2100 मेगाहट्ज बैंड में सेवा चालू रखने के बारे में सूचना दे दी है और

इसके साथ उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि अगर वे मैसर्स आरटीएल के साथ 3जी सेवाएं जारी रखने के इच्छुक नहीं हैं तो वे दूसरे सेवा प्रदाता की सेवाएं ले सकते हैं।

मैसर्स आरटीएल ने यह भी कहा है कि सेवा क्षेत्र के लिए एक बार में एक मिलियन से अधिक यूपीसी जनरेट करना संभव नहीं है और बिहार के लिए तीन, पश्चिम बंगाल के लिए दो और ओडिशा के लिए एक अतिरिक्त ऑपरेटर कोड आवंटित करने का अनुरोध किया है ताकि वे अपने उपभोक्ताओं के लिए 11 दिसंबर, 2015 तक यूपीसी जनरेट करने में सक्षम हो सकें।

अतः प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के हितों में दिनांक 11 दिसंबर, 2015 के अपने निर्देश के माध्यम से निम्नलिखित निर्देश जारी किएः–

(क) मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड

- वर्तमान कोड के अलावा, अतिरिक्त यूपीसी सेवा प्रदाता कोड जनरेट करेगी।
- उन सभी उपभोक्ताओं के लिए यूनीक पोर्टिंग कोड जनरेट करना, जिन्होंने असम, बिहार, पूर्वोत्तर, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सेवा क्षेत्रों में 3जी के लिए माइग्रेशन का विकल्प नहीं चुना है और ऐसे उपभोक्ताओं को तुरंत एसएमएस के माध्यम से यूपीसी सूचित करेगा; और
- इस निर्देश के जारी होने की तारीख से तीस दिनों तक पोर्टिंग के लिए इसके उपभोक्ताओं से प्राप्त सभी अनुरोधों पर कार्रवाई करेगा और 20 जनवरी, 2016 तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(ख) सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता और मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी सेवा प्रदाता मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त यूपीसी को मान्यता देना।

(ग) सभी मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी सेवा प्रदाता 11 जनवरी, 2016 के बाद, डोनर ऑपरेटर के रूप में मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड से संबंधित अतिरिक्त यूपीसी कोर्ड के संबंध में पोर्टिंग के अनुरोध स्वीकार नहीं करेंगे।

➢ uVod iSjkehVjk dh oc&lokvk d ek/;e l MkVk iLrqr djus d fy, 13 tuojh] 2016 d funs'k

2.8.5 यह निर्देश सेल्युलर सेवा प्रदाताओं के लिए भादूविप्रा को नेटवर्क पैरामीटरों के मास्टर सेल डेटा प्रस्तुत करने और निर्धारित फार्मेट में वेब सेवा के माध्यम से भादूविप्रा के टीसीसीएमएस पोर्टल में प्रतिदिन सेल नेटवर्क पैरामीटर डेटा अपलोड करने को अनिवार्य बनाता है। यह भादूविप्रा को नेटवर्क पैरामीटरों पर सूचना को शीघ्र एक्सेस करने में समर्थ बनाएगा।

izlkj.k vkSj dscy Vhoh {ks=

Ø- l-	funs'kksa dh lwph
1.	डीएएस क्षेत्रों में एमएसओ के लिए 4 नवंबर, 2015 के निर्देश।
2.	मैसर्स टीवी 18 ब्राडकॉस्ट लि., मैसर्स इऐंदू टेलीविजन प्रा. लि. और मैसर्स एपिक टेलीविजन नेटवर्क प्रा. लि. के लिए 30 दिसंबर, 2015 के निर्देश।
3.	टीवी स्क्रीनों पर पूर्ण या आंशिक 'ऑन स्क्रीन डिस्पले' मैसेजों के माध्यम से टीवी चैनलों के डिस्कनेक्शन या बंद होने या अनुपलब्धता का प्रदर्शन बंद करने के लिए प्रसारक टीवी सेवा प्रदाताओं के लिए 2 फरवरी, 2016 के निर्देश।
4.	एमएसओ के लिए 11 फरवरी, 2016 के निर्देश

funs’k

- ## Mh,,l {k=k e eYVh flLVe vkijsVjk ¼,e,lvk½ d fy, 4 uocj] 2015 d funs'k

2.8.6 भादूविप्रा ने केबल ऑपरेटरों को अंतःसंयोजन करारें की प्रति उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी प्रणाली (डीएएस) क्षेत्रों में एमएसओ के लिए भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत 4 नवंबर, 2015 को निर्देश जारी किए हैं।

- ## elll Vhoh 18 ckMdkLV fy-] elll b,n Vyhfotu ik- fy- vkj elll ,fid Vyhfotu uVod ik- fy- d fy, 30 fnlcj] 2015 d funs'k

2.8.7 प्राधिकरण ने भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत 30 दिसंबर, 2015 को मैसर्स टीवी 18 ब्राडकॉस्ट लि., मैसर्स इऐंदू टेलीविजन प्रा. लि. और मैसर्स एपिक टेलीविजन नेटवर्क प्रा. लि. के लिए निर्देश जारी किए थे, जिसमें उन्हें उपभोक्ताओं को पुनः प्रसारित करने के लिए अपने टीवी चैनलों के लिए सिगनल मांगने के लिए डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली (डीएएस) के माध्यम से केबल टीवी सेवा उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों से कतिपय दस्तावेज/सूचना (अर्थात अनुमति संबंधी दस्तावेज, डाक पंजीकरण प्रमाणपत्र आदि) नहीं मांगने का निर्देश दिया गया था।

- ## Vhoh LØhuk ij i.k ;k vkf’kd ^vkWu LØhu fMLiy^ elstk d ek/;e l Vhoh puyk d fMLduD’ku ;k cn gku ;k vuiyC/krk dk in’ku cn dju d fy, ilkjd Vhoh lok inkrkvk d fy, 2 Qjojh] 2016 d funs'k

2.8.8 प्राधिकरण ने 2 फरवरी, 2016 को भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत टीवी स्क्रीनों पर पूर्ण या आंशिक 'ऑन स्क्रीन डिस्पले' मैसेजों के माध्यम से टीवी चैनलों के डिस्कनेक्शन या बंद होने या अनुपलब्धता का प्रदर्शन बंद करने के लिए सभी प्रसारकों, डीटीएच ऑपरेटरों, हिट्स ऑपरेटरों, आईपी–टीवी ऑपरेटरों और एमएसओ को निर्देश जारी किए थे।

- ## eYVh flLVe vkijsVjk ¼,e,lvk½ d fy, 11 Qjojh] 2016 d fy, funs'k

2.8.9 भादूविप्रा ने 11 फरवरी, 2016 को भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली के माध्यम से केबल टीवी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पंजीकृत सभी मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों को उनकी वेबसाइटों पर उनके द्वारा पेश किए गए एसटीबी की आपूर्ति और स्थापना की विभिन्न योजनाओं से संबंधित सूचना को प्रमुखता से प्रचारित करने और उनकी वेबसाइट के यूआरएल लिंक देने का निर्देश दिया था, जिसमें उनके द्वारा प्राधिकरण को पेश की गई योजनाओं का विवरण दर्शाया गया हों।

2.9 सिफारिशों/विनियमों/दूरसंचार टैरिफ आदेशों के जारी होने के साथ समाप्त हुए परामर्श पत्रों के अलावा, वर्ष 2015–16 के दौरान, निम्नलिखित परामर्श पत्र भी जारी किए गए:–

nj lpkj {k=

Ø- l-	ijke’k i=k dh lph
1.	आईपी आधारित अंतःसंयोजन पर 27 नवंबर, 2015 का परामर्श पत्र।
2.	भारतनेट के लिए कार्यान्वयन मॉडल पर 17 नवंबर, 2015 का परामर्श पत्र।

ijke’k i=

➤ vkbih vk/kkfjr vr%l;ktu ij 27 uocj] 2015 dk ijke'k i=

2.9.1 कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने उल्लेख किया था कि आईपी टेक्नोलॉजी के लिए आसन्न बदलाव व्यापक रूप से स्वीकार होने की संभावना है, इसलिए आईपी टेक्नोलॉजी आधारित अंतःसंयोजन के लिए स्पष्टता प्रदान करने के लिए लाइसेंस की शर्तों में संशोधन करना अनिवार्य है। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग ने 'आईपी अंतःसंयोजन प्रभारों के विनियम' के संबंध में दिनांक 10 नवंबर, 2015 के अपने पत्र में उल्लेख किया है कि दूरसंचार उद्योग के लिए चिंता के विषयों में एक विषय सुगम आईपी अंतःसंयोजन सुनिश्चित करने के लिए आईपी स्तर पर अंतःसंयोजन के प्रतिबंध को हटाना है।

उपर्युक्त पर विचार करने के बाद, यह महसूस किया गया कि सभी संबंधित लाइसेंसों में उपबंधों को शामिल करने के लिए लाइसेंसर को उचित सिफारिशें जारी की जाएं कि लाइसेंसी भादूविप्रा द्वारा समय–समय पर जारी किए गए विनियमों/निर्देशों/निर्णयों के अनुपालन के अधीन लाइसेंसर द्वारा विनिर्दिष्ट आईपी आधारित नेटवर्क/या अन्य उभरती/नवीनतम टेक्नोलॉजी पर अंतःसंयोजन कर सकते हैं।

उपर्युक्त के दृष्टिगत, 27 नवंबर, 2015 को एक परामर्श पत्र जारी किया गया था।

➤ HkkjruV dk fy, dk;kUo;y ekMy ij 17 uocj] 2015 dk ijke'k i=

2.9.2 नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और बेहतर सुशासन देने के लिए संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न रूपों को एक साथ लाकर डिजिटल इंडिया की परिकल्पना की गई थी। ब्रॉडबैंड हाइवे की स्थापना डिजिटल इंडिया की दिशा में पहला स्तंभ है। इसलिए राष्ट्रीय ऑप्टीकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) का पुनर्गठित संस्करण को समय पर शुरू करना बहुत जरूरी है। एनओएफएन का कार्यान्वयन योजनानुसार नहीं चल रहा था, भादूविप्रा ने 'ब्रॉडबैंड को तेजी से प्रदान करने' के लिए क्या करने की आवश्यकता है? पर 17 अप्रैल, 2015 को कतिपय सिफारिशें जारी की थी। इसके अलावा, दूरसंचार विभाग ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिसने अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है, जिसमें परियोजना को तीन कार्यान्वयन मॉडलों के साथ भारतनेट को नया नाम देने की सिफारिश की है।

कार्यान्वयन के संबंध में कुछ प्रश्न उठाए गए थे और इसलिए प्राधिकरण ने एक और संभावित वैकल्पिक मॉडल – "बनाए–अपनाएं–चलाएं–हस्तांतरित करें" (बीओओटी) मॉडल की जांच की थी। प्राधिकरण ने भारतनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ मॉडल का पता लगाने के लिए योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक परामर्श पत्र तैयार किया था।

"एनओएफएन संबंधी समिति की रिपोर्ट" की सिफारिशों के अनुसार, परामर्श पत्र में विभिन्न कार्यान्वयन और नीतिगत मुद्दें उठाए गए।

çlkj.k ,o dcy Vhoh {k=

Ø- l-	ijke’k i= dh lph
1.	वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से संबंधित टैरिफ मुद्दों पर दिनांक 14 जुलाई 2015 का परामर्श पत्र ।
2.	मसौदा दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल) सेवाएं (चतुर्थ) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (संशोधन) आदेश, 2015 पर परामर्श पत्र।

Ø- l-	ijke’k i= dh lph
3.	मसौदा मॉडल और मानक अंतःसंयोजन करार (एमएसआईए) पर दिनांक 09 दिसम्बर, 2015 का परामर्श पत्र।
4.	टीवी सेवाओं से संबंधित टैरिफ मुद्दों पर दिनांक 29 जनवरी, 2016 का परामर्श पत्र।
5.	भारत में रेडियो श्रोताओं के मापन और रेटिंग से संबंधित मुद्दों पर दिनांक 15 मार्च, 2016 का परामर्श पत्र।
6.	अंतःसंयोजन करार का रजिस्टर (प्रसारण एवं केबल सेवा) विनियम, 2016 पर दिनांक 23 मार्च 2016 का परामर्श पत्र।

ijke’k i=

➢ okf.kfT;d miHkkDrkvk l lcf/kr VfjQ eík ij ijke'k i=

2.9.3 निम्नलिखित मुद्दों पर हितधारकों की टिप्पणियां/विचार आमंत्रित करते हुए, भादूविप्रा ने 14 जुलाई 2015 को वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से संबंधित टैरिफ मुद्दों पर परामर्श पत्र को जारी किया:–

(क) टीवी सेवाओं के उपभोक्ताओं को साधारण और वाणिज्यिक श्रेणियों में वर्गीकृत करने की आवश्यकता की जांच करना।

(ख) ऐसे मामले में कि उपभोक्ताओं को ऐसी श्रेणियों में वर्गीकृत किए जाने की आवश्यकता है, तो:

(1) टीवी सेवाओं के उपभोक्ताओं के वर्गीकरण के लिए विभिन्न मानदण्डों की जांच करना।

(2) विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विभिन्न टैरिफ के लिए आवश्यकता की जांच करना।

(3) इस मुद्दे की जांच करना कि विभिन्न उपभोक्ता श्रेणियों के लिए कौन टैरिफ निर्धारित करेगा।

(4) पूरी मूल्य श्रृंखला में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए मूल्य श्रृंखला में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान संरचना की पर्याप्तता की जांच करना ताकि हितधारकों के बीच विवादों और संघर्षों को प्रभावी तरीके से कम किया जा सके।

➢ elkink njlpkj ¼çlkj.k ,o dcy½ lok,i ¼prFk½ ¼,Mlcy i.kkyh½ VfjQ ¼l'kkèku½ vkn'k] 2015 ij ijke'k i=

2.9.4 भादूविप्रा ने 20 सितम्बर 2013 को दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल) सेवा (चतुर्थ) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (द्वितीय संशोधन) आदेश, 2013, जारी किया था, जिसमें चैनलों के अ–ला–कार्टे की दरों को बुके दरों से लिंक करने के लिए टीवी प्रसारण सेवाओं के खुदरा स्तर मूल्य निर्धारण पर 'दोहरी शर्तों' को निर्धारित किया गया था। कुछ प्लेटफार्म ऑपरेटरों ने टैरिफ (द्वितीय संशोधन) आदेश दिनांक 20 सितम्बर 2013 में निर्धारित की गई 'दोहरी शर्तों' के कार्यान्वयन के बारे में चिन्ताओं को उठाया था और माननीय टीडीसेट के समक्ष एक अपील दायर की थी। माननीय टीडीसेट ने अपने आदेश दिनांक 13 जुलाई 2015 के माध्यम से अपील का निपटान यह कहते हुए किया कि प्राधिकरण अपीलकर्ताओं की चिन्ताओं पर विचार करेगा और आदेश की तारीख से चार महीने के अंदर मामले पर अन्तिम फैसला लेगा।

तदनुसार, सरलीकृत "दोहरी शर्तों" को प्रस्तावित करने वाले मसौदा दूरसंचार (प्रसारण एवम् केबल) सेवाएं (चतुर्थ) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (संशोधन)

आदेश, 2015 को 30 सितम्बर, 2015 को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

➤ elkink e,My vkj ekud vir%l;ktu djkj ¼,e,lvkÃ,½ fnukd 09 fnlEcj 2015 ij ijke'k i=

2.9.5 हितधारकों से टिप्पणियां और प्रति टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए, भादूविप्रा ने 9 दिसम्बर 2015 को एक मसौदा मॉडल और मानक अंतःसंयोजन करार (एमएसआईए) जारी किया। एमएसआईए में डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली (डीएएस) के लिए उपलब्ध विनियामक फ्रेमवर्क के साथ अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य प्रावधान निहित थे। एमएसआईए को एमएसओ और एलसीओ के बीच विवादों की घटनाओं को कम करने और एमएसओ और एलसीओ को एक समान स्तर पर काम करने का क्षेत्र उपलब्ध कराने के लिए एक उद्देश्य के साथ तैयार किया गया था। मसौदा करार में, प्रत्येक पक्ष की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों और साथ ही अधिकारों और दायित्वों को भी अलग से सूचीबद्ध किया गया था।

➤ Vhoh lokvk d VfjQ eík d lc/k e fnukd 29 tuojh] 2016 dk ijke'k i=

2.9.6 भादूविप्रा ने 29 जनवरी 2016 को टीवी सेवाओं से संबंधित टैरिफ मुद्दों पर एक परामर्श पत्र जारी किया। यह परामर्श पत्र, प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न विकासों, मल्टी वितरण प्लेटफार्म के उद्भव, विकसित हो रहे व्यापार मॉडल, और संपूर्ण प्लेटफार्म में एड्रेसेबिलिटी की संवृद्धि के आलोक में क्षेत्र के विकास के लिए एक अनुकूल परिवेश तैयार करने का, एक प्रयास है। वर्तमान परामर्श पत्र के निम्न उद्देश्य ये थेः–

(1) थोक और खुदरा स्तर पर डिजिटल प्रसारण वितरण प्लेटफार्म (डीटीएच / केबल टीवी / एचआईटीएस / आईपीटीवी) में "टीवी प्रसारण सेवाओं" के एड्रेसेबल टीवी वितरण के लिए विद्यमान टैरिफ व्यवस्थाओं की एक समीक्षा करना और एक व्यापक टैरिफ संरचना विकसित करना।

(2) यह सुनिश्चित करना कि टैरिफ संरचना को सरल और युक्तिसंगत किया जाता है ताकि मूल्य श्रृंखला में पारदर्शिता और समानता को सुनिश्चित किया जा सके।

(3) यह सुनिश्चित करना कि उपभोक्ताओं के पास टीवी प्रसारण सेवाओं में पर्याप्त विकल्प है, जबकि वे तर्कहीन टैरिफ फ्रेमवर्क और मूल्य वृद्धियों के विरुद्ध संरक्षित भी हैं।

(4) टीवी क्षेत्र में निवेशों को प्रोत्साहित करना।

(5) विभिन्न शैलियों में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री के उत्पादन को प्रोत्साहित करना।

इसके आगे, परामर्श पत्र में कवर किए गए प्रमुख मुद्दे निम्न प्रकार हैंः–

(क) थोक और खुदरा स्तरों पर टैरिफ मॉडल

(ख) चैनल के मूल्य निर्धारण की क्रियाविधि और कार्य–पद्धतियां

(ग) निशे चैनलों से संबंधित मुद्दे

(घ) हाई डेफिनिशन (एचडी) चैनल का मूल्य निर्धारण

(च) चैनल या बुके की सब्सक्रिप्शन की सरलता

(छ) इलेक्ट्रॉनिक प्रोग्राम गाइड (ईपीजी) पर चैनल की दृश्यता

(ज) प्रति–कार्यक्रम देखने के लिए भुगतान और टैरिफ के विकल्प

(झ) चैनलों की विविधताएं

(ट) कैरिज, प्लेसमेंट और विपणन शुल्क

➤ Hkkjr e jfM;k Jkrkvk d ekiu vkj jÇVXk l lcf/kr eík ij fnukd 15 ekp] 2016 dk ijke'k i=

2.9.7 हितधारकों से विचार आमंत्रित करने के लिए, भादूविप्रा ने 15 मार्च 2016 को 'भारत में रेडियो

श्रोताओं के मापन और रेटिंग से संबंधित मुद्दों पर एक परामर्श पत्र जारी किया। वर्तमान परामर्श के उद्देश्य थे (1) रेडियो प्रसारण क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करना, (2) रेडियो श्रोताओं के मापन और रेटिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और (3) विविध और बेहतर गुणवत्ता की सामग्री को सुनिश्चित करना।

परामर्श पत्र में कवर किए गए प्रमुख मुद्दे हैं – रेडियो रेटिंग प्रणाली को विनियमित करने के लिए मॉडल, रेटिंग एजेंसी की मान्यता के लिए दिशानिर्देश, रेटिंग सेवाओं में प्रतिस्पर्धा, श्रोता के मापन के लिए कार्य–पद्धति, निजता, क्रॉस होल्डिंग, रेटिंग की बिक्री और उपयोग, रिपोर्टिंग की आवश्यकताएं, प्रकटीकरण, गुणवत्ता एवं लेखापरीक्षा।

➢ vr%l;ktu djkj jftLVj ¼çlkj.k ,o dcy lok½ fofu;e] 2016 ij fnukd 23 ekp] 2016 dk ijke'k i=A

2.9.8 भादूविप्रा ने 23 मार्च 2016 को अंतःसंयोजन करार रजिस्टर (प्रसारण एवं केबल सेवा) विनियम, 2016 पर एक परामर्श पत्र जारी किया। अंतःसंयोजन विनियमों के रजिस्टर का मुख्य उद्देश्य सेवा प्रदाताओं के लिए एक रिपोर्टिंग प्रणाली की रूपरेखा तैयार करना है ताकि वे वाणिज्यिक विवरणों सहित, अंतःसंयोजन करार के विवरणों को प्राधिकरण को रिपोर्ट कर सकें। यह भादूविप्रा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, अंतःसंयोजन के एक रजिस्टर का रख–रखाव करने के लिए प्राधिकरण को सक्षम बनायेगा। विद्यमान, विनियम पे टीवी चैनल के प्रसारकों, डीटीएच ऑपरेटरों, एचआईटीएस ऑपरेटरों और आईपीटीवी ऑपरेटरों के लिए, उनके बीच हस्ताक्षर किए गए अंतःसंयोजन करार से संबंधित सूचना को प्राधिकरण को सालाना रिपोर्ट करना अनिवार्य करता है। प्रक्रिया को सरल करने, रिपोर्ट के दोहराव से बचने और विभिन्न मुद्दों, जैसेकि रजिस्टर की सूचना तक अभिग्मयता पर अपने विचारों को सूत्रीकृत करने के लिए, प्राधिकरण ने परामर्श पत्र निकाला है। परामर्श पत्र में उठाए गए प्रमुख मुद्दे हैंः–

(1) किसी भी रुचि रखने वाले हितधारक को रजिस्टर की सूचना, वाणिज्यिक भाग सहित, की अभिग्मयता।

(2) वाणिज्यिक विवरणों के प्रकटन और इसके गैर–भेदभाव और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भूमिका से मुद्दे

(3) रिपार्टों की सटीकता कैसे सुनिश्चित की जाए

(4) रिपोर्टिंग की आवधिकता, प्रमाणीकरण, प्रपत्र और विधि पर सुझाव

Hkkjrh; nj lpkj fofu;ked çkfèkdj.k d dke dju vkj lpkyu dh leh{kk

2.10 निम्नलिखित के संबंध में नीतिगत फ्रेमवर्क के विशिष्ट सन्दर्भ में, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के काम करने और संचालन की समीक्षा निम्नलिखित अनुच्छेद में की गई है (क) ग्रामीण टेलीफोन नेटवर्क, (ख) टेलीफोन नेटवर्क का विस्तार, (ग) बुनियादी और मूल्यवर्धित सेवा में निजी क्षेत्र का प्रवेश; (घ) सेवा प्रदाताओं के साथ तकनीकी संगतता और प्रभावी अंतःसंयोजन, (च) दूरसंचार प्रौद्योगिकी, (छ) राष्ट्रीय दूरसंचार नीति का कार्यान्वयन, (ज) सेवा की गुणवत्ता, और (झ) सार्वभौमिक सेवा का दायित्व, नीचे सविस्तार से दिया गया हैः–

¼d½ xkeh.k VyhQku uVodZ

2.10.1 कुल ग्रामीण उपभोक्ता आधार 31 मार्च, 2015 के 41.931 करोड़ से 31 मार्च 2016 को 44.917 करोड़ तक पहुंच गया है। कार्यनिष्पादन सूचक रिपोर्ट के

अनुसार, कुल उपभोक्ताओं में से, 42.42 प्रतिशत उपभोक्ता अब ग्रामीण क्षेत्रों में से हैं।

ग्रामीण वायरलाइन उपभोक्ता आधार कम हो रहा है। 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार, ग्रामीण वायरलाइन उपभोक्ता आधार, 31 मार्च 2015 के अंत में 51.2 लाख की तुलना में, 43.2 लाख पर था। कुल वायरलाइन उपभोक्ताओं में से 17.14 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

जबकि इसी अवधि के दौरान, ग्रामीण वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। 31 मार्च, 2015 की स्थिति में वायरलेस ग्रामीण बाजार 41.418 करोड की तुलना में 31 मार्च, 2016 को 44.484 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है। कुल वायरलेस उपभोक्ताओं में से 43.04 प्रतिशत अब ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

¼[k½ VsyhQksu uSVodZ dk foLrkj

2.10.2 31 मार्च 2016 की स्थिति के अनुसार, कुल वायरलाइन उपभोक्ता आधार 2.522 करोड़ था। बीएसएनएल और एमटीएनएल के पास उपभोक्ता आधार में क्रमशः 58.52 प्रतिशत और 13.89 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी है, जबकि सभी छः निजी ऑपरेटरों के पास एक साथ 27.59 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। 31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार, निजी ऑपरेटरों की हिस्सेदारी 24.93 प्रतिशत थी, जो 31 मार्च, 2016 को बढ़कर 27.59 प्रतिशत हो गई है, जिसने 2.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

वायरलेस उपभोक्ता आधार, 31 मार्च 2015 को 96.989 करोड़ की तुलना में, 31 मार्च, 2016 को 103.363 करोड़ पहुंच गया। वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान, उपभोक्ता आधार में 6.374 करोड़ उपभोक्ताओं की वृद्धि हुई है। वायरलेस सेवाओं का कुल उपभोक्ता आधार, मार्च, 2011 कें 81.159 करोड़ से मार्च, 2016 में 103.363 करोड़ तक पहुच गया है। वित्त वर्ष 2015–16 की समाप्ति पर 103.363 करोड़ उपभोक्ताओं में से 98.954 करोड़ (95.73 प्रतिशत) जीएसएम उपभोक्ता थे और 4.409 करोड़ (4.27 प्रतिशत) सीडीएमए उपभोक्ता थे।

वायरलेस खण्ड में, जीएसएम का उपभोक्ता आधार, मार्च, 2016 के 91.773 करोड़ की तुलना में, मार्च, 2016 के अंत में 98.954 करोड़ था। वर्ष के दौरान, जीएसएम उपभोक्ता आधार में लगभग 7.181 करोड़ की वृद्धि हुई है।

जीएसएम सेवा उपभोक्ता आधार और बाजार हिस्सेदारी के अनुसार, 25.124 करोड़ उपभोक्ता आधार के साथ मैसर्स भारती सबसे बड़ा जीएसएम सेवा प्रदाता बना हुआ है, जिसके बाद क्रमशः 19.795 करोड़, 17.507 करोड़ और 8.709 करोड़ उपभोक्ता आधार के साथ, मैसर्स वोडाफोन, मैसर्स आइडिया, और मैसर्स एयरसेल है।

सीडीएमए उपभोक्ता आधार, 31 मार्च, 2015 के 5.216 करोड़ की तुलना में, 31 मार्च 2016 को 4.409 तक कम हुआ। सेल्युलर सीडीएमए सेवाओं में, वायरलेस उपभोक्ता आधार और बाजार हिस्सेदारी के अनुसार, 2.416 करोड़ उपभोक्ताओं के साथ मैसर्स रिलायंस सबसे बड़ा सीडीएमए ऑपरेटर बना हुआ हैं, जिसके बाद क्रमशः 1.109 करोड़ और 0.769 करोड़ के साथ मैसर्स टाटा और मैसर्स सिस्टमा हैं।

¼x½ cfu;knh vkSj ewY;ofèkZr lsok esa futh {ks= dk ços'k ykblsal

2.10.3 31 मार्च, 2016 को, नीचे दिए गए विवरणानुसार एकीकृत लाइसेंस के अन्तर्गत कुल 207 एक्सेस सेवा लाइसेंस/प्राधिकार हैं :–

ykblsal dk uke	ykblsal@izkfèkdkj dh la[;k
बुनियादी	2
यूएल	80
यूएल (एएस)	6
यूएएसएल	92
सीएमटीएस	27
कुल	**207**

स्रोत: डीओटी

¼?k½ lsok çnkrkvksa ds lkFk rduhdh laxrrk vkSj çHkkoh varj%la;kstu

2.10.4 भादूविप्रा अधिनियम के अन्तर्गत, प्राधिकरण को अंत:संयोजन की नियम और शर्तें निर्धारित करने और सेवा प्रदाताओं के बीच तकनीकी संगतता और प्रभावी अंत:संयोजन को सुनिश्चित करने का अधिदेश है। अंत:संयोजन किसी मल्टी ऑपरेटर परिवेश में दूरसंचार कारोबार का केन्द्र बिंदु है। सेवा प्रदाताओं के बीच बराबरी को सुनिश्चित करने के लिए, अंत:संयोजन के नियम और शर्तों को विनियमित करने की आवश्यकता है। तदनुसार, रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, भादूविप्रा ने निम्नलिखित अंत:संयोजन शुल्क निर्धारित किए गए :–

¼1½ vkÃih vkèkkfjr varj%la;kstu ij fnukad 27 uoEcj] 2015 dk ijkeZ'k i=

कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने यह प्रस्तुत किया कि क्योंकि आईपी प्रौद्योगिकी की दिशा में आसन्न पारगमन व्यापक रूप से प्रत्याशित है, लाइसेंस शर्तों में संशोधन करना, आईपी प्रौद्योगिकी आधारित अंत:संयोजन के लिए स्पष्ट रूप से स्थान प्रदान करने के लिए आवश्यक है। इसके आगे, दूरसंचार विभाग ने आईपी अंत:संयोजन शुल्कों का विनियम के बारे में अपने पत्र दिनांक 10 नवम्बर, 2015 के माध्यम से उल्लेख किया कि दूरसंचार उद्योग के लिए चिन्ता के मुद्दों में से एक है – निर्बाध आईपी अंत:संयोजन को सुनिश्चित करने के लिए आईपी स्तर पर अंत:संयोजन के प्रतिबन्ध को हटाना।

ऊपर की बातों पर विचार करते हुए, यह महसूस किया गया कि सभी प्रासंगिक लाइसेंस में इस प्रभाव के एक प्रावधान को शामिल करने के लिए उपयुक्त सिफारिशों को लाइसेंस प्रदाता को जारी किया जा सकता है, कि भादूविप्रा द्वारा समय–समय पर जारी किए गए विनियमों/दिशानिर्देशों/निर्धारणों आदि के अनुपालन के अन्तर्गत, लाइसेंसधारी आईपी आधारित नेटवर्क या लाइसेंस प्रदाता द्वारा निर्दिष्ट की गई किसी भी अन्य उभरती हुए/नवीनतम प्रौद्योगिकी पर भी अंत:संयोजन कर सकते हैं।

उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, दिनांक 27 नवम्बर, 2015 को एक परामर्श पत्र जारी किया गया।

¼2½ vkÃih bVjQsl ij varj%la;kstu ij fnukad 11 Qjojh] 2016 dh flQkfj'k

प्राधिकरण ने 30 जून, 2014 को : आईपी आधारित नेटवर्क से माइग्रेशन" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसके बाद 02 दिसम्बर, 2014 को विषय पर एक खुला मंच चर्चा आयोजित की गई। परामर्श पत्र के उत्तर में, कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने यह प्रस्तुत किया कि क्योंकि आईपी आधारित नेटवर्क की दिशा में आसन्न पारगमन व्यापक रूप से प्रत्याशित है, अत: लाइसेंस शर्तों में संशोधन करना, आईपी आधारित अंत:संयोजन के लिए स्पष्ट रूप से स्थान प्रदान करने के लिए, आवश्यक है।

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 10 नवम्बर, 2015 के पत्र के माध्यम से, भादूविप्रा को यह भी लिखा था कि दूरसंचार उद्योग के लिए चिन्ता के मुद्दों में से एक है– निर्बाध आईपी अंत:संयोजन को सुनिश्चित करने के लिए आईपी स्तर पर अंत:संयोजन के प्रतिबन्ध को

हटाना। भादूविप्रा ने आईपी आधारित अंतःसंयोजन पर परामर्श पत्र", दिनांक 27 नवम्बर, 2015 के माध्यम से हितधारकों के साथ एक लघु परामर्श प्रारम्भ किया। विभिन्न शामिल मुद्दों का विश्लेषण करने और हितधारकों से प्राप्त हुई टिप्पणियों पर विचार करने के उपरांत, प्राधिकरण ने आईपी स्तर पर अंतःसंयोजन के लिए एकीकृत लाइसेंस में खण्ड 27.3 में संशोधन की सिफारिश की। यह सिफारिश भी की गई थी कि इस प्रभाव के समान संशोधन को अन्य लाइसेंस करारों में प्रासंगिक खण्डों में भी शामिल किया जा सकता है।

खण्ड 27.3 के लिए प्रस्तावित पाठ निम्नानुसार है:–

''अलग–अलग लाइसेंसधारियों के नेटवर्क के बीच अंतःसंयोजन, सर्किट स्विच्ड ट्रैफ़िक को ले जाने के लिए, सीसीएस संख्या–7 के राष्ट्रीय मानकों के अनुसार और आईपी आधारित ट्रैफ़िक को ले जाने के लिए, टेलीकॉम इंजीनियरिंग केन्द्र (टीईसी) के मानकों के अनुसार होगा, जैसा समय–समय पर संशोधन किया गया है और नेटवर्क की तकनीकी व्यवहार्यता और तकनीकी अखण्डता के अन्तर्गत और समय–समय पर भादूविप्रा/लाइसेंस प्रदाता द्वारा जारी किए गए अंतःसंयोजन/विनियमों/दिशा–निर्देशों/आदेशों के कुल मिला कर फ्रेमवर्क के भीतर ही होगा। सर्किट स्विच्ड और आईपी आधारित नेटवर्क के बीच अन्तर–नेटवर्किंग के लिए, लाइसेंसधारी मीडिया गेटवे को स्थापित करेगा। इसके आगे, लाइसेंस प्रदाता लाइसेंसधारी को अंतःसंयोजन से संबंधित मुद्दों पर टीईसी द्वारा जारी किए गए किन्हीं भी अन्य तकनीकी मानकों को अपनाने के लिए निर्देशित कर सकता है।''

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 19 अप्रैल, 2016 के पत्र के माध्यम से आईपी इंटरफेस के ऊपर अंतःसंयोजन पर भादूविप्रा की सिफारिशों के अनुसार इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) नेटवर्क के ऊपर अंतःसंयोजन के लिए एकीकृत लाइसेंस में संशोधन की सूचनी दी है।

¼p½ njlapkj çk|kfxdh

¼1½ d,y M‚,i ij rduhdh i=

2.10.5 भादूविप्रा ने नवम्बर, 2015 के पहले सप्ताह में कॉल ड्रॉप पर तकनीकी पेपर को प्राधिकरण की वेबसाइट पर जारी किया था। यद्यपि प्राधिकरण, सेवा प्रदाताओं के सेवा की गुणवत्ता के विभिन्न पैरामीटरों की निगरानी करता आ रहा है, इन पैरामीटरों के संदर्भ में किया गया विश्लेषण, कॉल ड्रॉप के लिए जिम्मेदार विभिन्न कारकों, कॉल ड्रॉप के विश्लेषण के लिए मॉडलिंग और विभिन्न चरणों, जिन्हें सेवा प्रदाता कॉल ड्रॉप में सुधार करने के लिए ले सकते हैं, पर इस तकनीकी पेपर में चर्चा की गई। तकनीकी पेपर कॉल ड्रॉप और दूरसंचार नेटवर्क पर इसके प्रभाव का एक व्यापक परिदृश्य देने का प्रयास करता है। सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के प्रदर्शन का विश्लेषण दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, सूरत, पुणे और भुवनेश्वर में स्वतन्त्र एजेंसियों के माध्यम से भादूविप्रा द्वारा आयोजित किए गए हाल के ड्राइव परीक्षणों पर भी आधारित हैं। तकनीकी पेपर में ड्राइव परीक्षणों के परिणामों का भी उल्लेख किया गया।

¼2½ vkoj&n&V‚i lsokvksa ij fofu;ked ÝseodZ

2.10.6 अपने विद्यमान रूप में, सार्वजनिक इंटरनेट में ऐसी सेवाओं की पूरी रेंज को ले जाने की क्षमता है, जो दूरसंचार सेवाओं के किसी उपभोक्ता को पहुंचाए जाने की आवश्यकता है। ओटीटी सेवा प्रदाता इंटरनेट के ऊपर ऑडियो, वीडियो और अन्य मीडिया को पहुंचाते हैं और पारम्परिक ऑपरेटर के नेटवर्क को बायपास करते हैं। क्योंकि, ओटीटी कंपनियों को ऐसी सेवाओं को प्रदान करने के लिए नेटवर्क ऑपरेटरों के साथ किन्हीं भी कारोबारों या प्रौद्योगिकी के लिंक की आवश्यकता नहीं होती

है, उन्हें प्रायः शब्द : ओवर–द–टॉप" (ओटीटी) एप्लीकेशनों द्वारा जाना जाता है। ओटीटी प्रदाता अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाता के बुनियादी फ्रेमवर्क का उपयोग करते हैं और ऐसे उत्पादों/सेवाओं की पेशकश करते हैं, जिनसे न केवल उनके लिए धन आता है, परन्तु दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा पेशकश की गई पारम्परिक सेवाओं के साथ प्रतिस्पर्धा भी करते हैं।

2.10.7 वर्ष 2014–15 के दौरान, हितधारकों को सभी प्रासंगिक मुद्दों पर एक व्यापक परामर्श प्रक्रिया करने हेतु भादूविप्रा ने 27 मार्च, 2015 को ओवर–द–टॉप सेवाओं पर विनियामक फ्रेमवर्क' पर एक परामर्श पत्र जारी किया। हितधारकों की टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां वर्ष 2015–16 में प्राप्त हुई और उन्हें भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

2.10.8 दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने भादूविप्रा से ट्रैफिक प्रबन्धन सहित, नेट तटस्थता पर इसकी सिफारिश देने का अनुरोध किया है। यह भादूविप्रा में विचाराधीन है।

¼3½ nwjlapkj {ks= esa gfjr çkS|ksfxdh ij dk;kZUo;u

2.10.9 दूरसंचार क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी (आरईटी) की तैनाती के लिए रोडमैप, व्यापक कार्यक्रम और व्यवहार्यता अन्तराल वित्त–पोषण को विकसित करने के लिए, दूरसंचार विभाग ने अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन के लिए कार्बन उत्सर्जन और लक्ष्य के अंशांकन को मापने की कार्यप्रणाली पर भादूविप्रा से सिफारिशें मांगी गईं है।

इस संबंध में, एक परामर्श पत्र तैयार किया जा रहा है।

¼4½ çkS|ksfxdh Mkbtsû dk çdk'ku

2.10.10 नई प्रौद्योगिकी को लगातार विकसित किया जा रहा है और यह अपने लागू करने को ऐसी तकनीकी प्रणालियों में पाती है, जो एक दूरसंचार नेटवर्क को बनाती हैं। हालांकि, दूरसंचार प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ क़दम मिलाए रखना अधिकांश दूरसंचार पेशेवरों के लिए कठिन हो जाता है। नए प्रौद्योगिकी रुझानों की पहचान करने और उन्हें उद्योग के साथ साझा करने के लिए, भादूविप्रा 'प्रौद्योगिकी डाइजेस्ट' नामक एक प्रौद्योगिकी बुलेटिन प्रकाशित कर रहा है, जो हर मुद्दे में एक प्रौद्योगिकी पहलु पर केन्द्रित होती है। वर्ष 2015–16 के दौरान, 'इंटरनेट ऑफ थीगिंस (आईओटी)' पर प्रौद्योगिकी डाइजेस्ट जारी किया गया।

¼5½ ,evkÃ,l ifj;kstuk

2.10.11 वर्ष 2014–15 के दौरान एमआईएस पोर्टल का शुरू किया गया था। पोर्टल इलेक्ट्रॉनिक रूप में विभिन्न रिपोर्टों के एकत्रीकरण और डेटा विश्लेषण के प्रयोजन के लिए सभी प्रकार की रिपोर्टों और डेश बोर्ड उत्पन्न करने में सहायता करेगा। सेवा प्रदाताओं ने अपने नेटवर्क से संबंधित विभिन्न रिपोर्टों को एमआईएस पोर्टल के माध्यम से जमा करना शुरू कर दिया है।

¼6½ ySu dk vixzsM'ku

2.10.12 लैन का नया सेटअप अब कार्यात्मक है। नए नेटवर्क में निम्नलिखित कार्यात्मकताएं हैं:–

- स्केलेबिलिटी – कोर स्विच 10जी और 1जी दोनों मॉड्यूल्स को होस्ट करने में सक्षम है।
- सुरक्षा– वीलैन्स और पोर्ट सुरक्षा को कनफिगर करके बहुस्तरीय सुरक्षा।
- नेटवर्क प्रबन्धन सॉफ्टवेयर के माध्यम से बेहतर नेटवर्क प्रबन्धन और समस्या निवारण।

¼N½ jk"Vªh; nwjlapkj uhfr dk dk;kZUo;u

2.10.13 'एक राष्ट्र–पूर्ण मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी" (एफएमएनपी) के बारे में राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 2012 में निहित प्रावधानों के साथ संगत में, भादूविप्रा

ने परामर्श प्रक्रिया और इसमें शामिल विभिन्न मुद्दों की जांच किए जाने के बाद, संपूर्ण लाइसेंस सेवा क्षेत्रों में एफएमएनपी पर 25 सितम्बर, 2013 को अपनी सिफारिश प्रस्तुत की। प्राधिकरण ने एमएनपी सेवा प्रदाताओं और मोबाइल सेवा प्रदाताओं के लाइसेंस में संशोधनों का सुझाव दिया। तदनुसार, 3 नवम्बर, 2014 को डीओटी ने एमएनपी लाइसेंस करार में संशोधन(नों) जारी किए। डीओटी के अनुसार, पूर्ण एमएनपी को लाइसेंस में संशोधन की तारीख से 6 महीने की एक अवधि के अंदर अर्थात 3 मई, 2015 तक, देश में लागू किया जाना है। तदनुसार, प्राधिकरण ने दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी विनियम, 2009 के लिए 6ठें संशोधन को 25 फरवरी, 2015 को जारी किया गया, जिसने 3 मई, 2015 से प्रभावी होते हुए, देश में पूर्ण एमएनपी (अखिल भारतीय पोर्टेबिलिटी) को सुविधा दी। इस संशोधन के माध्यम से अखिल भारतीय पोर्टेबिलिटी को सुविधा देने के अलावा, पोर्टिंग प्रक्रिया में कुछ बदलावों को भी किया गया है।

¼t½ lsok dh xq.koÙkk ¼D;wvks,l½

2.10.14 भादूविप्रा ने निम्नलिखित विनियमों के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता के विभिन्न पैरामीटरों के लिए बेंचमार्क स्थापित किए हैं:–

- बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवाओं के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानक विनियम, 2009
- ब्रॉड सेवाओं के लिए सेवा की गुणवत्ता मानक विनियम, 2006।
- वायरलेस डेटा सेवाओं के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानक विनियम, 2012।

2.10.15 बेंचमार्क के विरुद्ध, सेवा प्रदाताओं की सेवा की गुणवत्ता के प्रदर्शन का आकलन सेवा प्रदाताओं द्वारा जमा की गई अनुपालन रिपोर्ट के माध्यम से किया जाता है। अनुपालन रिपोर्ट को तिमाही आधार पर जमा किया जाता है। सेवा की गुणवत्ता के बेंचमार्क के साथ अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए और उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा करने के लिए भादूविप्रा ने 8 नवम्बर, 2012 पर जारी किए गए द्वितीय संशोधन विनियम के माध्यम से सेवा प्रदाताओं को वित्तीय हतोत्साहनों लगाना शुरू किया। ये विनियम बेंचमार्क के साथ गैर–अनुपालन, अनुपालन रिपोर्ट को जमा करने में देरी और गलत रिपोर्टिंग के लिए वित्तीय हतोत्साहनों का प्रावधान करते हैं। बेंचमार्क के साथ गैर–अनुपालन के लिए वित्तीय हतोत्साहन प्रति पैरामीटर 50,000/–रुपए है। हालांकि नेटवर्क पैरामीटरों के लिए सेल्युलर मोबाइल सेवा के मामले में, दूसरे या बाद के गैर–अनुपालन के लिए वित्तीय हतोत्साहन प्रति पैरामीटर 1,00,000/– रुपए है एवं गलत रिपोर्टिंग के लिए, वित्तीय हतोत्साहन प्रति पैरामीटर 10,00,000/– रुपए है।

2.10.16 इस निरन्तरता में, प्राधिकरण ने दिनांक 15 अक्टूबर, 2015 को बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवाओं के लिए सेवा की गुणवत्ता के मानक (चौथा संशोधन) विनियम, 2015 जारी किया, जो नेटवर्क और उपभोक्ता दोनों से संबंधित पैरामीटरों के लिए बेंचमार्क के गैर–अनुपालन के लिए सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं पर संशोधित वित्तीय हतोत्साहन को निर्धारित करता है। विनियम की मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार है:–

- एक तिमाही में बेंचमार्क के साथ पहले गैर–अनुपालन के लिए प्रति पैरामीटर एक लाख रुपए से अधिक नही,

- बाद की दो या और अधिक तिमाहियों में लगातार एक ही पैरामीटर के बेंचमार्क के साथ गैर–अनुपालन, दूसरे लगातार उल्लंघन के लिए डेढ़ लाख रुपए से अधिक नही और उसके बाद प्रत्येक लगातार उल्लंघन के लिए रुपए दो लाख रुपए से अधिक नहीं;

- बाद की किसी भी तिमाही में एक ही पैरामीटर के लिए बेंचमार्क के साथ गैर–अनुपालन, जो एक लगातार गैर–अनुपालन नहीं है, प्रति पैरामीटर एक लाख रुपए।

2.10.17 भादूविप्रा, स्वतन्त्र एजेंसियों के माध्यम से भी लेखापरीक्षा और सेवा की गुणवत्ता के आकलन करता है। लेखापरीक्षा के कार्य को ज़ोनल आधार पर मैसर्स सीएस डेटामेशन दक्षिण ज़ोन, उत्तरी ज़ोन के लिए मैसर्स फिलस्ट्रीम कन्सल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और पश्चिम और पूर्वी क्षेत्र में मैसर्स आईएमआरबी को लेखापरीक्षा और सेवा की गुणवत्ता आकलन का कार्य दिया गया है। वर्ष 2015–16 के दौरान, लेखापरीक्षा एजेंसियों द्वारा जमा की गई लेखापरीक्षा की रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया है और उसे सभी हितधारकों की सूचना के लिए भादूविप्रा की वेबसाइट में अपलोड किया गया। भादूविप्रा, स्वतंत्र एजेंसियों, सर्वेक्षणों के माध्यम से सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई सेवा के बारे में उपभोक्ता की धारणा का आकलन भी करता है और सर्वेक्षण की रिपोर्ट को सभी हितधारकों की जानकारी के लिए भादूविप्रा की वेबसाइट पर भी जारी किया जाता है। ***सर्वेक्षणों के विवरण भाग–3 में दिए गए हैं।***

2.10.18 सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का मूल्यांकन हर तिमाही में सेवा प्रदाताओं द्वारा जमा की गई अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर और भादूविप्रा द्वारा अनुबंधित लेखापरीक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर भी किया जाता है। समय–समय पर रिपोर्ट, लेखापरीक्षा और स्वतन्त्र एजेंसियों के माध्यम से सेवा की गुणवत्ता के आकलन के माध्यम से, सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन की करीबी निगरानी के माध्यम से, जहां भी सेवा की गुणवत्ता के बेंचमार्क को प्राप्त करने में कमियां ध्यान में आती हैं, भादूविप्रा, विभिन्न पैरामीटरों के लिए बेंचमार्क को प्राप्त करने में ऐसी कमियों का निस्तारण करने हेतु उसे सेवा प्रदाताओं के साथ उठाता है। इस संबंध में, भादूविप्रा में सेवा प्रदाताओं के साथ समय–समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की गईं। ये बैठके मुख्यतः सेवा प्रदाताओं द्वारा निवारक कार्रवाई करने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने में केन्द्रित रही हैं। आगे, अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर, जहां भी बेंचमार्क के साथ गैर–अनुपालन पाया जाता है, वहां सेवा प्रदाता से स्पष्टीकरण मांगा जाता है और सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण पर विचार करके, गैर–अनुपालन की शोचनीयता, सेवा में सुधार लाने के लिए की गई कार्रवाई के आधार पर वित्तीय हतोत्साहन सेवा प्रदाताओं पर लगा दिया जाता है। वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान क्यूओएस विनियमों के उल्लंघन के खाते में प्राप्त किए गए वित्तीय हतोत्साहन की कुल राशि 5.30 करोड़ रुपए थी। भादूविप्रा, सेवा प्रदाताओं द्वारा सेवा की गुणवत्ता के प्रदर्शन के बारे में जानकारी, स्वतन्त्र एजेंसियों द्वारा किए गए सेवा की गुणवत्ता की लेखापरीक्षा और आकलन के परिणामों और सेवा के बारे में उपभोक्ता की धारणा के बारे में स्वतन्त्र एजेंसियों द्वारा किए गए सर्वेक्षण के परिणामों को हितधारकों की जानकारी के लिए, भादूविप्रा की वेबसाइट में प्रकाशित किया जाता है। सेवा की गुणवत्ता से संबंधित जानकारी का प्रकाशन, सेवा प्रदाताओं को सेवा की गुणवत्ता के प्रदर्शन में सुधार करने और भी बेंचमार्क को पूरा करने में आई कमियों का निस्तारण करने के लिए भी मजबूर करता आ रहा है।

2.10.19 वर्ष 2015–16 के दौरान, सेवा की गुणवत्ता के संबंध में हितधारकों के विचार आमंत्रित करने के लिए, भादूविप्रा ने दिनांक 29 अप्रैल 2015 को दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (आठवां संशोधन) विनियम, 2015 के मसौदा विनियम पर परामर्श पत्र जारी किया।

2.10.20 वर्ष 2015–16 के दौरान, भादूविप्रा ने सेवा की गुणवत्ता के संबंध में निम्नलिखित विनियम जारी किए:–

- दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (आठवां संशोधन) विनियम, 2015 (2015 का 5), दिनांक 7 अगस्त, 2015।
- बुनियादी टेलीफोन सेवा(वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवाओं के लिए की गुणवत्ता के मानक (चौथा संशोधन) विनियम, 2015, दिनांक 15 अक्टूबर 2015।

2.10.21 वर्ष 2015–16 के दौरान, भादूविप्रा ने सेवा की गुणवत्ता के संबंध में निम्नलिखित दिशा–निर्देश भी जारी किए:–

- दिनांक 29 जुलाई 2015 का दिशा–निर्देश सं 305–7/2015–क्यूओएस, सभी एकीकृत एक्सेस सेवा प्रदाताओं और सेल्युलर मोबाइल सेवा प्रदाताओं, बीएसएनएल और एमटीएनएल सहित को अनुपालन रिपोर्ट जमा करने के बारे में, सीएमटीएस के लिए सेवा की गुणवत्ता के ऑपरेटर के संबंध में माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल प्रारूप में लिखित रूप में और इलेक्ट्रॉनिक रूप में भी अनुपालन रिपोर्ट को जमा करने के बारे में।
- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम 1997 (1997 का 24), की धारा–11 की उप–धारा (i) के उप खण्डों (i) और (v) या खण्ड (ख) के साथ पठित धारा 13 के अंतर्गत तथा दिनांक 20 मार्च, 2009 के बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवा विनियम, 2009 (2009 का 7) के मानक के विनियम–9 के अनुसार नेटवर्क पैरामीटरों के डेटा को वेब सेवा के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 13 जनवरी 2016 का निर्देश ।

¼>½ lkoHkkfed lsok nkf;Ro

2.10.22 प्राधिकरण ने 1 अप्रैल, 2002 से पहले स्थापित किए गए ग्रामीण वायरलाइन कनेक्शनों के लिए सहायता देने के संदर्भ में अपनी दिनांक 14 मई, 2012 की सिफारिश में कहा है कि 1 अप्रैल, 2002 से पहले स्थापित किए गए ग्रामीण वायरलाइन कनेक्शनों के निर्वाह हेतु मैसर्स बीएसएनएल को दो वर्ष के लिए सहायता जारी रखी जा सकती है। पहले वर्ष के लिए सहायता राशि 1500 करोड़ रुपए और दूसरे वर्ष के लिए 1250 करोड़ रुपए हो सकती है।

¼1½ vU; xfrfof/k;k

miHkksDrk lEidZ dk;ZØe ¼lhvksih½

2.10.23 पूरे देश में उपभोक्ताओं तक पहुंचने के महत्व को देखते हुए, भादूविप्रा के पास अपनी वेबसाइट के माध्यम से और संपूर्ण देश में आयोजित किए गए उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से दूरसंचार के उपभोक्ताओं के साथ एक सार्वजनिक इंटरफेस है। वर्ष 2015–16 के दौरान, भादूविप्रा ने संपूर्ण देश में 93 उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें, प्रसारण एवं केबल सेवा (एमएसओ और एलसीओ के साथ परस्पर संवाद को शामिल करने वाले) पर 15 कार्यक्रम और जागरूकता पैदा करने और मोबाइल टावरों से ईएमएफ विकिरणों से स्वास्थ्य के सम्भव ख़तरों की आशंका को दूर करने के लिए 4 विशिष्ट कार्यक्रम शामिल थे। भादूविप्रा द्वारा राज्यवार आयोजित किए गए उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रमों की सूची नीचे दी गई है। उपभोक्ता समर्थक समूहों और उपभोक्ता जागरूकता क्षमता निर्माण के लिए 6 क्षेत्रीय कार्यशालाओं को इम्फाल, उदयपुर, विजयवाड़ा, रांची, इन्दौर और अमृतसर में

आयोजित किया गया। इन परस्पर संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उपभोक्ताओं/उपभोक्ता समर्थक समूहों को उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा करने के लिए भादूविप्रा द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

'kgj] tgk 2015&16 d nkjku Hkknfoçk d {k=h; dk;ky;k }kjk miHkkDrk lid dk;Øe dk vk;kftr fd, x,

Ø-l-	jkT;	LFkku
1	असम	सिलचर
2		जोरहाट
3		गुवाहाटी
4	आन्ध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम
5		नेल्लोर
6		विजयवाड़ा
7		तिरुपति
8	तेलंगाना	खम्मम
9	बिहार	आरा
10		पटना
11		हाजीपुर
12		बोधगया
13	छत्तीसगढ़	अम्बिकापुर
14	गोवा	गोवा
15	गुजरात	भरूच
16		अहमदाबाद
17		हिम्मतनगर
18		पोरबन्दर
19	हरियाणा	कैथल
20		रोहतक
21		गुडगांव
22		भिवानी
23	हिमाचल प्रदेश	कुल्लू
24		धर्मशाला
25		शिमला
26		शिमला
27		पोंटा साहिब
28		मनाली
29	जम्मू–कश्मीर	लेह
30		जम्मू
31	झारखण्ड	रांची
32	कर्नाटक	कोलार
33		चित्रदुर्ग
34		बेलगाम
35		तुमकुर
36		बैंगलोर
37		माण्ड्या
38	केरल	एलेपी
39		त्रिवेन्द्रम
40		कोझिकोड
41		पलक्कड़
42	मध्य प्रदेश	राजगढ़
43		भोपाल
44		सीधी
45		सिवनी
46		छतरपुर
47		भोपाल
48		शिवपुरी
49		इन्दौर
50	महाराष्ट्र	नासिक
51		नागपुर
52		अहमदनगर
53		सोलापुर
54		पुणे
55		औरंगाबाद
56	मेघालय	शिलांग

Ø-l-	jkT;	LFkku
57	मणिपुर	इम्फाल
58	नगालैण्ड	दीमापुर
59	ओडिशा	कोरापुट
60		बेहरामपुर
61		भुवनेश्वर
62		केन्द्रपाड़ा
63		कटक
64		बारीपदा
65	पंजाब	पठानकोट
66		भटिण्डा
67		अमृतसर
68	राजस्थान	चित्तौड़गढ़
69		उदयपुर
70		बांसवाड़ा
71		जोधपुर
72		चुरू
73		सीकर
74	तमिलनाडु	कोयम्बटूर
75		नगरकोइल
76		चिदम्बरम
77		शिवकाशी
78	उत्तर प्रदेश	बाराबंकी
79		अलीगढ़
80		मुजफ्फरनगर
81		वाराणसी
82		लखनऊ
83		गाजियाबाद
84		गोण्डा
85		बिजनौर
86	उत्तराखंड	नैनीताल
87	पश्चिम बंगाल	खड़गपुर
88		दार्जिलिंग
89		दुर्गापुर
90		दार्जिलिंग
91		हावड़ा
92		कोलकाता
93		पुरुलिया

miHkkDrk tkx:drk lkfgR; vkj ehfM;k vfHk;ku

2.10.24 भादूविप्रा ने उपभोक्ता समर्थक समूहों (सीएजी) के रूप में उपभोक्ता संगठनों के पंजीकरण के लिए एक प्रणाली स्थापित की है। वे उपभोक्ताओं, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और भादूविप्रा के बीच वार्ताकारों के रूप में कार्य करते हैं और उपभोक्ता जागरूकता में भादूविप्रा की सहायता करते हैं। वर्ष 2015–16 में, दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न उपभोक्ता केन्द्रित मुद्दों के बारे में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, भादूविप्रा ने निम्नलिखित उपभोक्ता जागरूकता सामग्री जारी कीः–

- अद्यतन की गई उपभोक्ता हैण्डबुक
- उपभोक्ताओं के लिए काम करना
- प्रसारण एवं केबल टीवी सेवाओं पर एफएक्यू
- मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों(एमएसओ)के लिए क्या करें और न करें
- स्थानीय केबल ऑपरेटरों(एलसीओ) के लिए क्या करें और न करें
- उपभोक्ताओं के प्रति स्थानीय केबल ऑपरेटरों हेतु क्या करें और न करें
- एक तथ्य शीट– मोबाइल टावर से ईएमएफ विकिरण

इन सामग्रियों को हिन्दी, अंग्रेजी और 10 क्षेत्रीय भाषाओं (तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, गुजराती, बंगाली, उड़िया और असमिया) में

प्रकाशित किया गया है और उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ाने के लिए निःशुल्क उपभोक्ताओं और पंजीकृत उपभोक्ता समर्थक समूहों के बीच वितरित किया गया है।

भादूविप्रा ने उपभोक्ता हितों के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक मीडिया अभियान जारी किया है और उपभोक्ताओं के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए संपूर्ण देश में हिन्दी, अंग्रेजी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में केबल टीवी सेवाओं के डिजिटलीकरण, मूल्यवर्धित सेवाओं, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, ईएमएफ विकिरण एवं डेटा सेवाओं पर विज्ञापनों को प्रकाशित करवाया है।

miHkkDrk leFkd legk dk ithdj.k

2.10.25 भादूविप्रा प्रिण्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में मीडिया अभियान सहित, शैक्षिक/प्रचार सामग्री के माध्यम से उनके अधिकारों और सेवा से संबंधित मुद्दों की उपभोक्ताओं की जागरूकता को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भादूविप्रा के साथ पंजीकृत हुए उपभोक्ता समर्थक समूह(सीएजी) उपभोक्ता जागरूकता में भादूविप्रा की सहायता करने के लिए और उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा और प्रसार हेतु काम करने के लिए, भादूविप्रा की गतिविधियों के लिए उपभोक्ताओं की प्रतिक्रियाओं को समन्वय और मुखर करते हैं। वर्ष 2015–16 में, 38 उपभोक्ता समर्थक समूहों के पंजीकरण का पुनः नवीनीकरण दो और वर्ष के लिए किया गया है। इसके अलावा, रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 14 नए उपभोक्ता समर्थक समूहों का पंजीकरण किया गया है, जिससे पंजीकृत उपभोक्ता समर्थक समूहों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय उपभोक्ता समर्थक समूहों के साथ परस्पर संवाद, उनकी गतिविधियों का समन्वय कर रहे हैं और सेवा प्रदाताओं के साथ उपभोक्ताओं से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए उनकी सहायता कर रहे हैं। उपभोक्ता समर्थक समूह, उनके क्षेत्रों में आयोजित की गई उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम और कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

,evkÃ,l ifj;kstuk

2.10.26 एमआईएस परियोजना को 1 जनवरी 2014 को पायलट आधार पर आरंभ किया गया था। एमआईएस परियोजना की अवधारणा, भादूविप्रा द्वारा सेवा प्रदाताओं से विभिन्न रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक रूप में सुरक्षित रूप से प्राप्त करने में बनाई गई थी। परियोजना विभिन्न नियमित रिपोर्ट को आवश्यक रूप में स्वचालित रूप से उत्पन्न करने में भी सहायता करती है। विभिन्न डेश बोर्ड को उत्पन्न करना, जो सारांश जानकारी प्रदान कर सकते हैं, परियोजना में शामिल है। परियोजना इस प्रकार दक्षता और सटीकता में सुधार लाने में सभी हितधारकों की सहायता करती है। हितधारकों से प्राप्त हुए डेटा से आवश्यकतानुसार विशिष्टीकृत रिपोर्ट भी तैयार की जा सकती है। ऐसे विभिन्न मुद्दों का निस्तारण किया जा रहा है, जो पायलट चरण के दौरान आए थे।

vkèkkj vkèkkfjr Ã&dsokÃlh lsok dk viukus ds lcaèk esa fnukad 6 tuojh] 2016 dk lai"k.k

2.10.27 उपभोक्ता सत्यापन प्रणाली को ओर अधिक सुरक्षित और सुदृढ बनाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह से (छोर–से–छोर तक) प्रौद्योगिकी संचालित, डिजिटल और कागज–रहित होना चाहिए। आधार से लिंक–केवाईसी सेवा, जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा प्रदान किया गया है, व्यक्ति की पहचान का सत्यापन स्वयं स्रोत से इलेक्ट्रॉनिक रूप से, पल भर में करने के लिए एक त्रुटि–मुक्त प्रणाली है। ई–केवाईसी सत्यापन न केवल पहचान की धोखाधड़ी और दस्तावेज़ की जालसाजी के जोखिम को कम करेगा, परन्तु यह उपभोक्ता सत्यापन की पूरी प्रक्रिया को कागज–रहित भी कर देगा। बायोमेट्रिक रीडर्स के माध्यम से आधार संख्या और बायोमेट्रिक

इनपुट् के आधार पर, उपभोक्ता के विवरण जैसेकि – नाम, पता, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर (यदि कोई है), लिंग और फोटोग्राफ को यूआईडीएआई सर्वर से एक्सेस किया जा सकता है।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकरण ने दिनांक 6 जनवरी 2016 के एक पत्र के माध्यम से डीओटी को नए मोबाइल उपभोक्ताओं के डिजिटली हस्ताक्षरित, बायोमेट्रिक आधारित सत्यापन के लिए विद्यमान प्रक्रिया के लिए एक मान्य वैकल्पिक प्रक्रिया के रूप में, आधार आधारित ई–हस्ताक्षर के साथ ही साथ आधार आधारित ई–केवाईसी सेवा की स्वीकृति और अपनाने के लिए सिफारिश की है।

ijke'k

1 forj.k IyVQke vkijVjk ¼MhVh,p@,e,lvk@,ylhvk@,pvkÃVh,l@vkÃihVhoh½ byDV,fud miHkkDrk vkonu i= dk mi;kx dk fy, ¼Ã&lh,,Q½ dk fy, ijke'k

2.10.28 भादूविप्रा ने 05 फरवरी 2016 को टीवी प्रसारण सेवाओं को उपलब्ध कराने वाले वितरण प्लेटफार्म ऑपरेटरों (डीपीओ) अर्थात् डीटीएच/एमएसओएस/एचआईटीएस/आईपीटीवी ऑपरेटरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता आवेदन पत्र (ई–सीएएफ़) के उपयोग हेतु एक परामर्श पत्र जारी किया। उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करने और उनका प्रबंधन करने में बढ़ाई हुई दक्षताओं की दिशा में डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्षम करने के लिए, यह परामर्श पत्र भादूविप्रा द्वारा लिया गया एक सक्रिय उपाय है। टीवी सेवाएं लेने से पहले उपभोक्ता द्वारा सीएएफ को भरे जाने की आवश्यकता है। उसके बाद, सीएएफ में कैप्चर हुई सूचना का उपयोग उपभोक्ता द्वारा ली गई सेवाओं को प्रबंधित करने के लिए, डीपीओ की उपभोक्ता प्रबन्धन प्रणाली (एसएमएस) में स्थांतरण के लिए किया जाता है। वर्तमान में, कागज प्रारूप में सीएएफ का उपयोग प्रचलित है और जानकारी को एसएमएस में अद्यतन करने के लिए मैन्युअल प्रक्रिया का पालन किया जाता है। लाखों भौतिक सीएएफएस का प्रसंस्करण करने और उनके भंडारण के कारण परिचालनगत कठिनाइयां आती हैं। ई–सीएएफ़ को सरलता से एक्सेस और डीपीओ के एसएमएस के साथ एकीकृत किया जा सकता है, जिससे जानकारी को मैनुअल फीड करने की आवश्यकता नहीं रहती है। यह उपभोक्ताओं को सेवाएं लेने, उपभोक्ता संबंध में सुधार लाने और उनकी सदस्यता और सेवाओं के प्रबन्धन के लिए एक सरल पद्धति भी प्रदान करेगा। ई–सीएएफ उपभोक्ताओं को सेवाओं को प्रदान करने और प्रबंधन करने की प्रक्रिया में दक्षता लाएगा। यह लाखों सीएएफ के सरल भंडारण भी करेगा, जिसके परिणामस्वरूप परिचालनगत लागतें कम होंगी। ई–सीएएफ को अपनाना एक पर्यावरण अनुकूल उपाय है और इससे सभी हितधारकों को लाभ पहुंचाने की सम्भावना है।

2 fMftVy ,Mlcy ç.kkfy;k ¼Mh,,l½ dk ekè;e ls dcy Vhoh dk lok çnku djus okys ,e,lvk,l dk fy, ijke'k

2.10.29 भादूविप्रा ने 1 अक्टूबर, 2015 को डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियों (डीएएस) के माध्यम से केबल टीवी सेवा प्रदान करने वाले एमएसओ के लिए दो परामर्श जारी किए। इन परामर्शों के द्वारा डीएएस के माध्यम से केबल टीवी सेवा प्रदान करने वाले सभी एमएसओ को उचित प्रक्रिया, जैसाकि भादूविप्रा द्वारा जारी किए गए विनियमों में स्थापित है, का पालन किए बिना, किसी भी चैनल को डी–ग्रेड करने या रोकने या स्विच ऑफ़ नहीं करने के लिए सुझाव दिया गया। उन्हें 24 घंटे के अंदर उपभोक्ता की शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करने का भी सुझाव दिये गये थे, जैसाकि दिनांक 14.05.2014 में सेवा गुणवत्ता विनियम में प्रावधान है। एमएसओ को सीधे प्राप्त हुई शिकायतों के अलावा,

उन्हें उनके लिंक एलसीओ के माध्यम से उपभोक्ताओं से प्राप्त हुई शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया गया था। एमएसओ को लिंक एलसीओ के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायतों का पंजीकरण करने और उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के लिए संप्रेषण की उचित प्रक्रियाओं को स्थापित करने की आवश्यकता है।

xfrfofèk;k ij fjikV

2.10.30 दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र के विकास को बढ़ाने और साथ ही साथ उपभोक्ता हितों की संरक्षा के लिए गई की गई, पहलों के संदर्भ में हितधारकों को एक व्यापक दृष्टिकोण और बेहतर समझ प्रदान करने हेतु प्राधिकरण द्वारा 1 जनवरी, 2015 से 31 दिसम्बर, 2015 तक भादूविप्रा की गतिविधियों पर एक रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई।

vUrjk"Vh; lc/k

2-10-31 f}i{kh; cBd

(1) श्री सुनील कान्ति बोस, अध्यक्ष, बांग्लादेश दूरसंचार विनियामक आयोग टीआरसी ने सदस्य, भादूविप्रा के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 28 अगस्त, 2015 को भादूविप्रा का दौरा किया।

(2) अफगानिस्तान दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण से 20 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने क्षमता निर्माण को सक्षम करने वाली आधारभूत विनियामक प्रक्रियाओं और नीतियों पर प्रशिक्षण के लिए 9 तथा 10 दिसम्बर, 2015 को भादूविप्रा का दौरा किया।

(3) श्री शोला टेलर, महासचिव, राष्ट्रमण्डल दूरसंचार संगठन(सीटीओ) ने सदस्य, भादूविप्रा के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 12 फरवरी 2016 को भादूविप्रा का दौरा किया।

(4) बीआईसीएमए(भूटान इन्फोकॉम और मीडिया प्राधिकरण) से पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने एक अटैचमेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 12 से 15 जनवरी, 2016 को भादूविप्रा का दौरा किया।

(5) डॉ सैयद इस्माइल शाह, अध्यक्ष, पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण ने अध्यक्ष, भादूविप्रा के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 22 मार्च, 2016 को भादूविप्रा का दौरा किया।

le>krk Kkiu ¼,evk;½

2.10.32 भादूविप्रा ने 3 सितम्बर, 2015 को नई दिल्ली, भारत में यूएई के दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

Hkknfoçk }kjk estckuh fd, x, vUrjk"Vh; dk;Øe

(1) ग्रेटर नोएडा में 25 से 27 अगस्त, 2015 तक 16वीं दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी) की बैठक का आयोजन किया गया।

(2) नई दिल्ली में 21 से 23 मार्च 2016 तक 'उपभोक्ता संरक्षण' पर अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

çlkj.k {k= l lcf/kr vU; xfrfofèk;k

1. 'डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी प्रणाली के संबंध में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों' का अंग्रेजी और हिंदी संस्करण क्रमशः 07 अप्रैल, 2015 (अंग्रेजी संस्करण) और 16 अप्रैल 2015 (हिंदी संस्करण) पर भादूविप्रा की वेबसाइट पर अद्यतन और अपलोड किया गया।

2. 'डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी प्रणालियों (डीएएस) के उपभोक्ता/उपभोक्ताओं के संबंध में मल्टी प्रणाली ऑपरेटरों(एमएसओ) और स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) के लिए क्या करें और न करें' के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

3. दिनांक 14 जुलाई, 2015 को 'प्रसारण और केबल टीवी सेवाओं पर एफएक्यू हैण्डबुक को भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। हैण्डबुक

उपभोक्ताओं को प्रसारण एवं केबल टीवी सेवाओं से संबंधित प्रासंगिक विनियमों और आदेशों का एक सार प्रदान करती है। इस हैण्डबुक में आवरित मुख्य पहलुओं में शामिल हैं, कनेक्शन, डिसकनेक्शन, स्थानांतरण, शिफ़्टिंग, शिकायत निवारण और बिलिंग पहलुओं के लिए प्रक्रिया।

4. सेवा की गुणवत्ता मानक (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी प्रणाली) विनियम, 2012 और उपभोक्ता शिकायत निवारण (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी प्रणाली) विनियम, 2012 में निर्धारित किए गए विनियामक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु एक पत्र 31 जुलाई, 2015 को 15 प्रमुख एमएसओ को जारी किया गया था। वे पत्र में बताई गई कमियों के लिए, उनके स्तर पर सुधारात्मक कार्रवाई को प्रारम्भ करके एवं साथ ही की गई कार्रवाई के विवरणों को प्राधिकरण को सूचित करने हेतु कहा गया।

5. 20 अगस्त, 2015 को एक पत्र ऐसे 179 एमएसओ को जारी किया गया था, जिन्हें डीएएस के चरण–1 और चरण–2 के कार्यान्वयन के बाद, एमआईबी द्वारा पंजीकरण दिया गया था। पत्र में एमएसओ को डीएएस के कार्यान्वयन से संबंधित भादूविप्रा द्वारा जारी किए गए सभी विनियमों/आदेशों/दिशा–निर्देशों को पढ़ने और पंजीकरण के संबंध में विनियामक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने और साथ ही इस संबंध में निर्धारित प्रारूप में एक 'स्व–घोषणा' को जमा कराने के लिए कहा गया।

6. विभिन्न अवधियों के लिए समाचार और सशुल्क गैर–समाचार चैनलों में पीक समय के दौरान प्रति घंटा विज्ञापनों (वाणिज्यिक एवं स्वयं प्रचार) की औसत अवधि से संबंधित डेटा को समय–समय पर भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

7. विभिन्न परामर्श पत्रों पर खुला मंच चर्चाएं (ओएचडी) समय–समय पर आयोजित की गईं। खुला मंच चर्चा में प्रसारकों, केबल ऑपरेटरों, एमएसओएस, डीटीएच ऑपरेटरों और कई संघों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

8. दिनांक 28 सितम्बर, 2015 को डीएएस क्षेत्रों के चरण–1 और चरण–2 में प्रचालन करने वाले 114 एमएसओ को एक पत्र जारी किया गया। पत्र में स्वयं लेखापरीक्षा करने और प्रत्येक उपभोक्ता के साथ उनके उपभोक्ता प्रबन्धन प्रणाली में उपलब्ध डेटा को सत्यापित करके 30 दिन के अंदर भादूविप्रा को निर्धारित प्रारूप में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

9. भादूविप्रा द्वारा अधिसूचित किए गए विनियामक फ्रेमवर्क और चरण–3 के क्षेत्रों में डीएएस के कार्यान्वयन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, भादूविप्रा ने 11 सितम्बर, 2015 को शिमला में एमएसओ और एलसीओ के साथ परस्पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। परस्पर संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भागीदारी की।

10. भादूविप्रा ने जनहित में डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी प्रणाली के क्रियान्वयन के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए देश के विभिन्न भागों में विज्ञापन जारी किए।

11. क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलोर द्वारा कालीकट, केरल में 1 दिसम्बर, 2015 को प्रसारण एवं केबल प्रणाली विषय पर एक उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भादूविप्रा द्वारा अधिसूचित किए गए विनियामक फ्रेमवर्क और उपभोक्ताओं के लिए सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में सेवा प्रदाताओं की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जानकारी दी गई।

12. 31 दिसम्बर, 2015 को 'डिजिटल युग में प्रवेश करने वाले शहरी क्षेत्रों के केबल टीवी सेवाओं की समाप्ति पर' पर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। केबल या डीटीएच के माध्यम से टीवी चैनलों की प्राप्ति के लिए एक सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी) की स्थापना के महत्व पर बल दिया गया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण नियमित रूप से विभिन्न हितधारकों, जैसेकि सेवा प्रदाताओं, उनके संगठनों, उपभोक्ता समर्थक समूहों/उपभोक्ता संगठनों और क्षेत्र में अन्य विशेषज्ञों के साथ परस्पर संवाद करता है। इसने, परामर्श पत्रों के माध्यम से उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विचार आमंत्रित करने कि ऐसी प्रक्रिया विकसित की है, जो कि हितधारकों और आम जनता को उनके विचारों की पेशकश के द्वारा नीति निर्माण में भाग लेने के लिए अनुमति देता है।

nj lpkj foHkkx ¼MhvkVh½ d ikl yfEcr ç’kklfud] fofèkd vkj foÙkh; eí

रिपोर्ट में चर्चा किए गए विभिन्न मामलों के अलावा, कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे निर्णय के लिए डीओटी के पास लम्बित हैं। निम्नलिखित पैराओं में ऐसे प्रशासनिक, विधिक और वित्तीय मुद्दों का विस्तार से उल्लेख किया है, जो कि डीओटी के पास लम्बित हैं:–

¼1½ Hkkjfoçk vfèkfu;e 1997 d l’kkèku d fy, çLrko

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण को भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के अन्तर्गत अन्य बातों के साथ ही साथ दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं और उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा करने के लिए स्थापित किया गया है। प्राधिकरण को इसके विनियामक कार्यों के निर्वहन में निर्देशों, विनियमों और आदेशों को जारी करने के अधिकार प्रदान किए गए हैं, परन्तु इसके पास इसके द्वारा किए गए विनियामक उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दण्डात्मक कार्रवाई करने हेतु कोई भी शक्ति नहीं है। भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के अन्तर्गत इसके कार्यों के प्रभावी निर्वहन को सुनिश्चित करने के लिए, प्राधिकरण ने वर्ष 2007 में भादूविप्रा अधिनियम में संशोधन के लिए एक व्यापक प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद, डीओटी के साथ निरंतर पत्राचार किया गया और कैबिनेट के लिए दो मसौदा टिप्पणी भी डीओटी द्वारा तैयार की गई थी, परन्तु प्रस्तावित संशोधनों को अभी तक नहीं किया गया है। हाल में, दिनांक 3 जून, 2016 के पत्र के माध्यम से, उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा हेतु और भादूविप्रा को दण्डात्मक शक्तियां प्रदान करने के लिए, उपर्युक्त प्रावधानों को भादूविप्रा अधिनियम में शामिल करने के संशोधनों के लिए, एक प्रस्ताव डीओटी को भेजा गया है। भादूविप्रा के अधिकारियों के साथ बैठकें भी आयोजित की गई, जिनकी अध्यक्षता सचिव, डीओटी ने की थी। फिर भी, पिछले दशक में हुई चर्चाओं के विभिन्न चक्रों के बावजूद भी अभी तक कुछ परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है।

¼2½ Hkkjfoçk ¼vfèkdkfj;k vkj deZpkfj;k d osru] HkÙk vkj lok dh vU; 'krs½ fu;e] 2002 dh vuqlwph&1 e l’kkèku

भादूविप्रा(अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2002 की अनुसूची–1 अभी भी 5वें वेतन आयोग के वेतनमान को दिखाती है, जबकि सरकार ने 6ठे वेतन आयोग और अब 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को भी लागू कर दिया है।

सहायक लेखा अधिकारी और जूनियर लेखा अधिकारी के पदों, जिन्हें तकनीकी अधिकारी और अनुभाग अधिकारी के रूप में फिर से संशोधित किया गया था, को भादूविप्रा (अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2002 की अनुसूची–1 से हटाया जाना है।

इसके आगे, दिनांक 15 जुलाई 2004 के पत्र संख्याः 10–2/2004–आरईएसटीजी के माध्यम से भादूविप्रा में पीसीएमओ और डिस्पेच राइडर के पदों के संचालन के लिए डीओटी ने सैद्धान्तिक मंजूरी दी थी। फिर भी, इन पदों को अभी तक कथित नियमों की अनुसूची–1 में शामिल नहीं किया गया है।

ऊपर के सभी परिवर्तनों को शामिल करने के लिए, प्राधिकरण, भादूविप्रा(अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2002 की अनुसूची–1 में संशोधन करने के लिए डीओटी से निरंतर अनुरोध कर रहा है।

¼3½ Hkknfoçk esa uÃ isa'ku ;kstuk ds fØ;kUo;u gsrq Hkkjrh; nwjlapkj fofu;ked çkf/kdj.k ¼va'knk;h Hkfo";fuf/k½ fu;e] 2003 esa la'kks/ku

भारत सरकार के निर्देशानुसार, 1 जनवरी, 2004 और उसके उपरांत सेवा में नियुक्त होने वाले सभी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) लागू है। प्राधिकरण में, जब तक भादूविप्रा सीपीएफ नियमों को डीओटी द्वारा संशोधित नहीं कर दिया जाता है तब तक नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) लागू नहीं की जा सकती है क्योंकि कार्यकारी निर्देश वैधानिक प्रावधान लागू नहीं हो सकता है। डीओटी ने दिनांक 14 नवम्बर, 2013 के पत्र सं. 10/32/2011–आरईएसटीजी के माध्यम से भादूविप्रा सीपीएफ नियमों में संशोधन करने के लिए प्राधिकरण से सुझाव मांगे गए थे। भादूविप्रा ने दिनांक 5 मार्च, 2014 के पत्र संख्या 5–5/99–एएण्डपी (खंड–2) के माध्यम से भादूविप्रा (सीपीएफ) नियम, 2003 का मसौदा संशोधन डीओटी को भेजा है। प्रकरण, डीओटी में लंबित है।

¼4½ Hkknfoçk ds deZpkfj;ksa dks lsokfuo`fÙk mijkar fpfdRlk fgrykHk lqfo/kk iznku djuk

भादूविप्रा (अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2002 की अनुसूची–2 के अनुसार भादूविप्रा के कर्मचारियों को चिकित्सा हितलाभ सुविधा देय है। डीओटी द्वारा दिए गए सुझावनुसार, भादूविप्रा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा हितलाभ सुविधा प्रदान करने हेतु सीएस (एमए) नियम, 1944 की तर्ज पर मसौदा चिकित्सा सुविधा नियमों को तैयार किया गया और प्राधिकरण के दिनांक 14 मार्च, 2014 पत्र संख्या 9–9/2007–एएण्डपी के माध्यम से डीओटी को भेजा गया है। प्रकरण, डीओटी में लम्बित है।

¼5½ çkf/kdj.k dks xzká vftZr vodk'k vkSj v)Z osru vodk'k ls lacaf/kr eqís

भादूविप्रा (अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्य के वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तो) नियम, 2000, दिनांक 26 जून, 2000 के द्वारा भादूविप्रा के अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्यों की सेवा नियम और शर्तें शासित होती हैं। उक्त नियम के नियम–3 के अनुसार, भादूविप्रा के अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्य, देय अर्जित अवकाश में से 50 प्रतिशत तक अर्जित अवकाश का नगदीकरण करा सकते हैं। 50 प्रतिशत की विद्यमान सीमा की बजाय, 100 प्रतिशत अर्जित अवकाश के नकदीकरण हेतु नियम में संशोधन करने का एक प्रस्ताव, दिनांक 17 अगस्त 2013 के पत्र संख्याः 2–सदस्य(1)/2012–एएण्डपी के द्वारा डीओटी को भेजा गया है।

इसके अतिरिक्त, कथित नियम, प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए अर्द्ध वेतन अवकाश/परिवर्तित अवकाश देने की अनुमति नहीं देते हैं। प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए अर्द्ध वेतन अवकाश/परिवर्तित अवकाश की अनुमति देने के लिए (जैसाकि केन्द्रीय सरकार के ग्रुप–ए के अधिकारियों के लिए उपलब्ध है), एक प्रस्ताव दिनांक 7 फरवरी 2014 के डीओ सं. 13–1/2014–एएण्डपी के माध्यम से डीओटी को भेजा गया है। मामला, डीओटी में लम्बित है।

¼6½ lfpo] Hkknfoçk ds in dks ,p,th$ esa vixzsM'ku

सचिव, भादूविप्रा का पद वर्तमान में एचएजी स्केल में है। उसे एचएजी+ वेतनमान (75,500/– रुपए वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत– 80,000/– रुपए) में अपग्रेड करने का प्रस्ताव, दिनांक 28 जनवरी, 2015 के डी.ओ. सं. 1–5/2015–एएण्डपी के माध्यम से डीओटी को भेजा गया था। मामला, डीओटी में लम्बित है।

¼7½ ikf/kdj.k dk Hkknfoçk tujy QM dk ç'kklfud fu;U=.k nuk

डीओटी, भादूविप्रा द्वारा सेवा प्रदाताओं से एकत्र किए गए शुल्कों, प्रभारों और अर्थदण्डों को भादूविप्रा जनरल फंड में जमा करने के लिए बल दे रहा है, जिसका रख–रखाव वर्तमान में डीओटी द्वारा किया जाता है। 16 दिसम्बर, 2014 को प्राधिकरण के अनुमोदन से फंड के बेहतर प्रशासनिक और वित्तीय नियन्त्रण हेतु फंड का प्रशासनिक नियन्त्रण प्राधिकरण को देने का एक प्रस्ताव, डीओटी को भेजा गया था। नियमित रूप से अनुरोध किए जाने के उपरांत भी, मुद्दा डीओटी में लम्बित है।

डीओटी ने दिनांक 14 अगस्त, 2015 के पत्र द्वारा यह सूचित किया गया है कि उक्त प्रस्ताव एक नीतिगत मामला है और यह जांचाधीन है। भादूविप्रा के प्रस्ताव पर निर्णय के लम्बित रहते हुए, डीओटी ने भादूविप्रा के पास पड़ी हुई राशि को भादूविप्रा जनरल फंड में जमा करने हेतु पीएओ एचक्यू, डीओटी को भेजने का निर्देश दिया है, जो कि डीओटी के दिनांक 31 दिसम्बर, 1999 के पत्र द्वारा जारी विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार है, जोकि अन्य बातों के साथ ही साथ शुल्क आदि की राशियों को भादूविप्रा जनरल फंड को क्रेडिट करने के लिए प्रावधान करता है।

डीओटी की हठ और साथ ही मामले को डीओटी के डीएआर में शामिल किए जाने के कारण, प्राधिकरण ने 49,90,67,155/–रुपए (शुल्क, वित्तीय हतोत्साहन आदि) की राशि, जो कि भादूविप्रा के चारों खातों में जमा है (31/03/2016 की स्थिति के अनुसार), को भादूविप्रा जनरल फंड को भेजने का निर्णय लिया है।

भादूविप्रा जनरल फंड का प्रशासनिक नियन्त्रण, प्राधिकरण को देने का प्रस्ताव अभी भी डीओटी में लंबित है।

अध्यक्ष, भादूविप्रा दिनांक 18 दिसंबर, 2015 को भारत नेट क्रियान्वयन पर आयोजित खुला मंच चर्चा के उपरांत मीडिया से परस्पर संवाद करते हुए।

श्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रधान सलाहकार दिनांक 11 दिसंबर, 2015 को दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल सेवा) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) पर आयोजित खुला मंच चर्चा में प्रतिभागियों से संवाद करते हुए। मंच में (बाएं से दाएं) श्री सुनील कुमार सिंघल, सलाहकार, श्री राम सेवक शर्मा, अध्यक्ष भादूविप्रा तथा श्री सुधीर गुप्ता, सचिव, भादूविप्रा।

दिनांक 21 जनवरी, 2016 को डेटा सेवाओं के लिए विभेदकारी मूल्य पर आयोजित खुला मंच चर्चा के दौरान मंच में (दाएं से बाएं) श्री सुधीर गुप्ता, सचिव, भादूविप्रा, श्री अनिल कौशल, सदस्य, भादूविप्रा, श्री राम सेवक शर्मा, अध्यक्ष भादूविप्रा, डॉ0 विजयलक्ष्मी के गुप्ता, सदस्य, भादूविप्रा तथा श्री एस0 के0 मिश्रा, प्रधान सलाहकार।

अध्यक्ष, भादूविप्रा, दिनांक 4 जनवरी, 2016 को स्पेक्ट्रम के मूल्यांकन एवं आरक्षित मूल्य पर आयोजित खुला मंच चर्चा के दौरान प्रतिभागियों से संवाद करते हुए। मंच में (बाएं से दाएं) श्री संजीव बंज़ल, सलाहकार, श्री सुधीर गुप्ता, सचिव, भादूविप्रा, श्री अनिल कौशल, सदस्य, डॉ0 विजयलक्ष्मी के गुप्ता, सदस्य, भादूविप्रा तथा श्रीमती विनोद कोतवाल, सलाहकार ।

Hkkx&3

Hkkjrh; nj lapkj fofu;ked izkf/kdj.k vf/kfu;e dh /kkjk 11 esa fofufnZ"V fo"k;ksa ds lac/k esa Hkkjrh; nj lapkj fofu;ked izkf/kdj.k ds dk;Z

Hkkjrh; nwjlapkj fofu;ked izkf/kdj.k vfèkfu;e dh /kkjk 11 esa fofufnZ"V fo"k;ksa ds lac/k esa izkf/kdj.k ds dk;Z

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम 1997, यथा संशोधित, की धारा 11 में प्रावधान किया गया है कि:–

(1) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) में कुछ भी अंतर्विष्ट होने के बावजूद, प्राधिकरण के निम्न कार्य होंगे––

(क) संस्तुति करना, स्वतः अथवा लाइसेंसदाता से अनुरोध पर, निम्नलिखित मामलों पर, नामतः:–

(1) नए सेवा प्रदाता के प्रवेश हेतु आवश्यकता और समय निर्धारण;

(2) सेवा प्रदाता को लाइसेंस के नियम और शर्तें;

(3) लाइसेंस के नियम और शर्तों का पालन नहीं करने पर लाइसेंस निरस्तीकरण;

(4) दूरसंचार सेवाओं के प्रचालन में प्रतिस्पर्धा सुकर बनाने तथा दक्षता के प्रोत्साहन हेतु उपाय करना, ताकि इन सेवाओं का विकास सुसाध्य बनाया जा सके;

(5) सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में प्रौद्योगिकी की दृष्टि से सुधार करना;

(6) नेटवर्क में प्रयुक्त उपकरणों के निरीक्षण के उपरान्त सेवा प्रदाताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरण का प्रकार निर्धारित करना;

(7) दूरसंचार प्रौद्योगिकी के विकास तथा ऐसे अन्य मामलों हेतु उपाय करना, जो साधारण रूप में दूरसंचार उद्योग से संबद्ध करने योग्य है;

(8) उपलब्ध स्पेक्ट्रम का दक्षतापूर्ण प्रबंधन;

(ख) निम्नलिखित कार्यदायित्वों का निर्वहन, नामतः :–

(1) लाइसेंस के नियम एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(2) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधित) अधिनियम, 2000 लागू होने से पहले स्वीकृत लाइसेंस के नियम एवं शर्तों में कुछ

भी अंतर्विष्ट होने के बावजूद सेवा प्रदाताओं के बीच अंत:संयोजन के नियम एवं शर्तें निर्धारित करना;

(3) तकनीकी समायोजनीयता तथा भिन्न सेवा प्रदाताओं के बीच कारगर अंत:संयोजन सुनिश्चित करना;

(4) दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने से व्युत्पन्न राजस्व में सेवा प्रदाताओं के मध्य उनकी हिस्सेदारी के लिए व्यवस्था विनियमित करना;

(5) सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवा की गुणवत्ता निर्धारित करना तथा सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का आवधिक सर्वेक्षण संचालित करना ताकि दूरसंचार सेवाओं के उपभोक्ताओं का हित संरक्षित किया जा सके;

(6) विभिन्न सेवा प्रदाताओं के बीच दूरसंचार के स्थानीय और लम्बी दूरी के परिपथ उपलब्ध कराने हेतु समय अवधि निर्धारित और सुनिश्चित करना;

(7) अंत:संयोजन अनुबंधों तथा ऐसे सभी मामलों का रजिस्टर तैयार करना, जिनका प्रावधान विनियमों में किया गया है;

(8) खंड (7) के तहत अनुरक्षित रजिस्टर, जनता के किसी भी सदस्य द्वारा निरीक्षण के लिए, उसके लिए निर्धारित शुल्क के भुगतान तथा विनियमों में दी गई व्यवस्था का अनुपालन करने पर, उपलब्ध रखना;

(9) सर्वसामान्य सेवा दायित्वों का कारगर अनुपालन सुनिश्चित करना।

(ग) शुल्क तथा अन्य प्रभार ऐसी दरों पर तथा ऐसी सेवाओं के संबंध में वसूल करना जैसाकि विनियम में निर्धारित किया गया है;

(घ) ऐसे अन्य कार्य निष्पादित करना, जिनमें केन्द्र सरकार द्वारा इसको सौंपे गए प्रशासनिक तथा वित्तीय कार्य अथवा इस अधिनियम के प्रावधानो के लागू करने हेतु आवश्यक कार्य शामिल हैं:

बशर्ते यह है कि इस उप–धारा के खंड (क) में विनिर्दिष्ट प्राधिकरण की संस्तुतियां केन्द्र सरकार पर बाध्यकारी नहीं होंगी।

बशर्ते यह भी है कि केन्द्र सरकार सेवा प्रदाता को जारी करने हेतु नए लाइसेंस के संबंध में इस उप–धारा के खंड (क) और उप–खंड (1) एवं (2) में विनिर्दिष्ट मामलों के संबंध में प्राधिकरण की संस्तुतियां मांगेगी तथा प्राधिकरण अपनी संस्तुतियां सरकार द्वारा संस्तुतियां मांगे जाने की तिथि से साठ दिन के अंदर अग्रसरित करेगा :

बशर्ते यह भी है कि प्राधिकरण, केन्द्र सरकार से ऐसी सूचना अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है, जो इस उप–धारा के खंड (क) और उप–खंड (1) एवं (2) के अधीन संस्तुतियां करने हेतु आवश्यक है तथा कि सरकार ऐसी सूचना उस हेतु अनुरोध की प्राप्ति से सात दिन की अवधि के अंदर उपलब्ध कराएगी:

बशर्ते यह भी है कि केन्द्र सरकार सेवा प्रदाता को लाइसेंस जारी कर सकती है, यदि द्वितीय परंतुक में विनिर्दिष्ट अवधि अथवा केन्द्र सरकार और प्राधिकरण के बीच परस्पर सहमति के आधार पर निर्धारित अवधि के अंदर कोई संस्तुति प्राप्त नहीं होती है :

बशर्ते यह भी है कि यदि केन्द्र सरकार प्राधिकरण की संस्तुति पर विचार किए जाने के बाद प्रथम दृष्टया निष्कर्ष पर पहुंचती है कि प्राधिकरण की संस्तुति स्वीकार नहीं की जा सकती है अथवा कि उसमें संशोधन की आवश्यकता है, यह संस्तुति प्राधिकरण द्वारा पुनर्विचार के लिए वापस भेजेगी तथा प्राधिकरण, पुनर्विचार

अनुरोध की प्राप्ति की तिथि से पंद्रह दिन के अंदर, सरकार द्वारा संदर्भित पुनर्विचार के उपरांत अपनी संस्तुति केन्द्र सरकार को अग्रसरित करेगा। केन्द्र सरकार अतिरिक्त संस्तुति, यदि कोई, की प्राप्ति के पश्चात अंतिम निर्णय करेगी।

(2) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) में कुछ भी अंतर्विष्ट होने के बावजूद, प्राधिकरण, समय–समय पर, आदेश द्वारा, सरकारी राजपत्र में दरें अनुसूचित कर सकता है, जिन पर इस अधिनियम के अधीन भारत के अंदर और भारत से बाहर दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, इनमें वे दर शामिल हैं, जिन पर भारत से बाहर किसी देश को संदेश संचारित किया जा सकता है :

बशर्ते यह है कि प्राधिकरण, समान प्रकार की दूरसंचार सेवाओं के लिए भिन्न व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के वर्ग हेतु भिन्न दरें अधिसूचित कर सकता है तथा जहां उपरोक्तानुसार भिन्न दरें निर्धारित की जाती हैं, प्राधिकरण उसके लिए कारण अभिलेखबद्ध करेगा।

(3) प्राधिकरण उप–धारा (1) तथा उप–धारा (2) के अधीन अपने कार्यदायित्वों का निर्वहन करते समय भारत की सम्प्रभुता तथा अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, शिष्टता अथवा नैतिकता के हितविरूद्ध कार्य नहीं करेगा।

(4) प्राधिकरण अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय तथा अपने कार्यदायित्वों का निर्वहन करते समय पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

3. प्राधिकरण ने, उद्योग का विकास सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं के हित संरक्षित करने के उद्देश्यों की प्राप्ति के अनुसरण में, स्वतः स्फूर्त विधि में अथवा सरकार द्वारा इसके विचारार्थ प्रेषित मामलों पर अनेक संस्तुतियां की हैं, अधिनियम के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभिन्न विनियम अधिसूचित किए हैं, लाइसेंस के नियम एवं शर्तें लागू करने हेतु कार्रवाई की है; तथा अन्य अनेक मुद्दों पर कार्य आरंभ किया है। विभिन्न संस्तुति संबंधी तथा विनियामक कार्यों के निर्वहन द्वारा भादूविप्रा ने उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि तथा पूरे देश में दूरसंचार सेवा प्रदायक नेटवर्क उपलब्ध कराने के रूप में दूरसंचार सेवाओं के विकास में अपना योगदान दिया है। इन निरंतर उपायों के परिणामस्वरूप उपभोक्ता, सेवाओं के विकल्प, दूरसंचार सेवा की घटी दरों, सेवा की बेहतर गुणवत्ता इत्यादि के रूप में समग्र रूप से लाभान्वित हुए हैं। प्राधिकरण द्वारा, भादूविप्रा अधिनियम की धारा 11 में विभिन्न मामलों के संबंध में निष्पादित कुछ विशिष्ट कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है।

d½ nj lapkj nj] Hkkjr d vnj vkj Hkkjr l ckgj nkuk d fy,] ftue Hkkjr l ckgj fdlh n'k dk ln'k lpkfjr dju gr nj 'kkfey gA

3.1 भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम,1997 भादूविप्रा (संशोधन) अधिनियम, 2000 द्वारा संशोधित की धारा 11(2), प्राधिकरण को सरकारी राजपत्र में वे दरें अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करती हैं, जिन पर भारत के अंदर और भारत से बाहर दूरसंचार सेवाएं प्रदान की जाएंगी, इनमें वे दरें शामिल हैं, जिन पर भारत से बाहर किसी देश को संदेश संचारित किया जा सकता है। इसमें यह प्रावधान भी किया गया है कि प्राधिकरण समान प्रकार की दूरसंचार सेवाओं के लिए भिन्न व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के वर्ग हेतु भिन्न दरें अधिसूचित कर सकता है। विभिन्न सेवाओं हेतु लागू टैरिफ व्यवस्था विनिर्दिष्ट करने के अतिरिक्त, भादूविप्रा से यह भी सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है कि बाजार में विद्यमान टैरिफ विनिर्दिष्ट टैरिफ व्यवस्था के अनुरूप हैं। इस प्रयोजन हेतु, प्राधिकरण सेवा प्रदाताओं द्वारा विभिन्न दूरसंचार सेवाओं के लिए वसूल की जा रही दरों

की निगरानी भी करता है। इसके अतिरिक्त, भुगतान चैनलों के लिए तथा केबल सेवाओं के लिए दरें तय करने हेतु मानदंड निर्धारित करने का कार्य भी भादूविप्रा को सौंपा गया है। भादूविप्रा द्वारा 2014–15 के दौरान दूरसंचार सेक्टर तथा प्रसारण एवं केबल सेक्टर में की गई कार्रवाई की चर्चा अगले पैराग्राफों में की गई है।

3.1.1 भादूविप्रा, टैरिफ विनियम द्वारा उपभोक्ता हितों की संरक्षा करता है। टैरिफ विनियम, उपभोक्ताओं को टैरिफ पेशकश में स्पष्टता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा जहां, बाजार यथेष्ट दरें प्रदान नहीं कर रहा है, वहां टैरिफ प्रभार तय किए जाने के रूप में होता है। दूरसंचार सेक्टर में निम्नलिखित विशेष उपाय किए गए हैं :–

¼d½ MVk lok d fy, foHkndkjh VfjQ dk fu"k/k fofu;e] 2016 fnukd 08 Qjojh] 2016

परामर्श प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत, प्राधिकरण ने दिनांक 08 फरवरी, 2016 को डेटा सेवा के लिए विभेदकारी टैरिफ का निषेध विनियम, 2016, जारी किया, जिसमें अन्य बातों के साथ ही साथ निम्नलिखित हेतु अधिदेशित किया गया हैः–

- कोई भी सेवा प्रदाता, किसी भी व्यक्ति को विषयवस्तु के आधार पर डेटा सेवाओं हेतु विभेदककारी टैरिफ की पेशकश नहीं करेगा अथवा वसूलेगा नहीं।
- कोई भी सेवा प्रदाता, किसी व्यक्ति अथवा विधिक व्यक्ति सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत अथवा प्रभारित डेटा सेवाओं हेतु विभेदकारी टैरिफ हेतु इस विनियम में निषेध से बचने के उद्देश्य से किसी नाम से कोई समझौता अथवा करार नहीं करेगा।
- आपात सेवाओं तक पहुंच अथवा उन्हें प्रदान करने के लिए कम टैरिफ प्रभारित करने अथवा लोक–आपात के समय कम टैरिफ प्रभारित करने की अनुमति दी गई है।

¼[k½ nj lpkj VfjQ ¼lkBok l'kk/ku½ vkn'k] 2015] fnukd 9 viy] 2015

प्राधिकरण ने राष्ट्रीय रोंमिग के लिए अधिकतम टैरिफ को दूरसंचार टैरिफ आदेश (55वां संशोधन) 2013 दिनांक 17 जून, 2013 के माध्यम से अंतिम बार संशोधित किया था। हितधारकों की टिप्पणियों तथा और आगे के विश्लेषणों के उपरांत, प्राधिकरण ने राष्ट्रीय रोमिंग पर वॉयस कॉल्स और एसएमएस हेतु अधिकतम टैरिफ को दिनांक 9 अप्रैल, 2015 के दूरसंचार टैरिफ (60वां संशोधन) 2015 के माध्यम से पुनः संशोधित किया गया। यह 1 मई, 2015 से प्रभावी हुआ है। इस संशोधन से राष्ट्रीय रोमिंग सेवाओं में टैरिफ व्यवस्था में निम्नलिखित परिवर्तन किए गएः–

en	nj lpkj VfjQ vkn'k ¼55ok l'kk/ku½ 2013 d ek/;e l	nj lpkj VfjQ ¼60ok l'kk/ku½ 2015 d ek/;e l
की जाने वाली लोकल कॉल वॉयस सेवा	1.00 रुपए प्रति मिनट	0.80 पैसे प्रति मिनट
की जाने वाली लंबी दूरी की लॉग डिस्टेंस (इंटर सर्किल) वॉयस कॉल	1.50 रुपए प्रति मिनट	1.15 पैसे प्रति मिनट
इनकमिंग वॉयस कॉल	0.75 रुपए प्रति मिनट	0.45 पैसे प्रति मिनट
भेजे जाने वाले लोकल एसएमएस	1.00 रुपए प्रति मिनट	0.25 पैसे प्रति मिनट
भेजे जाने वाले लंबी दूरी के (इंटर सर्किल) एसएमएस	1.50 रुपए प्रति मिनट	0.38 पैसे प्रति मिनट

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने इस संशोधन आदेश के द्वारा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को आरटीपी तथा आरटीपी–एफआर प्रदान करने के वर्तमान अधिकार को वापस ले लिया तथा उनके सेवापूर्व भुगतान करने वाले तथा सेवा उपरांत भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को विशेष रोमिंग टैरिफ योजना(एसआरटीपी) की पेशकश हेतु दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अधिदेश दिया। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय रोमिंग पर आने वाली वॉयस कॉलें निर्धारित प्रभार, यदि कोई हों तो, के भुगतान पर निःशुल्क होगी।

इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, प्राधिकरण ने प्रसारण क्षेत्र में भी उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा के लिए प्रसारण टैरिफ विनियमित करने के विनियमन हेतु डीएएस, डीटीएच के लिए अनेक टैरिफ आदेश अधिसूचित किए।

Vsyhfotu lok,a inku djus okys Mk;jDV&V&gke vkijVjk ij i;kT; VfjQ vkn'k] fnukd 01 viy] 2015

प्रभावी वाणिज्यिक अंतर्प्रचालनता को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 01 अप्रैल, 2015 को एक टैरिफ आदेश को अधिसूचित किया, जिसमें डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा अपने उपभोक्ताओं को प्रस्तुत उपभोक्ता परिसर उपकरण (सीपीई) की वाणिज्यिक अंतर अंतर्प्रचालनता हेतु रूपरेखा विनिर्धारित की गई है।

भारत में डीटीएच सेवाएं 2003 में शुरू होने के साथ तीव्र गति से बढ़ रही हैं। आज की तिथि के अनुसार उपभोक्ताओं को डीटीएच सेवाएं देने वाले 6 प्राइवेट ऑपरेटर हैं। इन ऑपरेटरों ने अलग–अलग समय में अपनी सेवाएं विभिन्न पारेषण, कम्प्रेशन मानकों और इनक्रिप्शन पद्धति का उपयोग करते हुए, आरंभ की है। एक ऑपरेटर द्वारा प्रदत्त उपभोक्ता परिसर उपकरण (सीपीई) दूसरे ऑपरेटर के नेटवर्क के अनुरूप नहीं हो सकते हैं। इसलिए, यदि एक वर्तमान डीटीएच उपभोक्ता दूसरे डीटीएच ऑपरेटर की सेवाएं लेने का इच्छुक है अथवा दूसरे केबल टेलीविजन लेने का इच्छुक है तो उसे नए ऑपरेटर का सीपीई/एसटीबी खरीदना होगा। यह भी पाया गया कि डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा पेशकश की गई विभिन्न योजनाओं में पारदर्शिता की कमी है।

प्राधिकरण का दृष्टिकोण था कि सीपीई की वाणिज्यिक अंतर्प्रचालनता के प्रावधान से उपभोक्ता के हितों की अधिकतम संरक्षा हो सकती है और इसलिए उसने सेवा प्रदान करते समय डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा सभी प्रभारों और शर्तों की पारदर्शी और प्रत्यक्ष घोषणा का अधिदेश दिया था। वाणिज्यिक अंतर्प्रचालनता किसी उपभोक्ता को किसी एक ऑपरेटर की सेवाएं बदलने तथा दूसरे डीटीएच ऑपरेटर अथवा केबल टेलीविजन ऑपरेटर की सेवाएं लेने का विकल्प प्रदान करती है।

यह आदेश, माननीय दूरसंचार विवाद निपटान अपीलीय अभिकरण (टीडीसेट) द्वारा मै0 डिश टेलीविजन इंडिया लिमिटेड और मै0 भारत बिजनेस चैनल्स लिमिटेड बनाम भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के मामले में दिनांक 01 अक्तूबर, 2014 को पारित आदेश के दृष्टिगत जारी किया गया था।

okf.kfT;d miHkkDrk l lcfèkr VfjQ l'kk/ku vkn'k fnukd 8 flrEcj] 2015

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए टेलीविजन सेवाओं से संबंधित 8 सितम्बर, 2015 को दो टैरिफ संशोधन आदेश (टीएओ) अधिसूचित किए। इनमें से एक आदेश गैर–एड्रेसेबल प्रणाली द्वारा दी जाने वाली एनालॉग केबल टेलीविजन प्रणाली के माध्यम से टेलीविजन सेवाओं के लिए था, जबकि दूसरा डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली द्वारा सेवा प्रदाता क्षेत्रों में दी जा रही टेलीविजन सेवाओं पर लागू होता था। टैरिफ संशोधन आदेश में ''उपभोक्ता'' सामान्य उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक उपभोक्ता को स्पष्ट रूप से अब परिभाषित किया गया है। इसके अतिरिक्त टैरिफ संशोधन आदेश में, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के स्वयं में थोक और खुदरे दोनों ही स्तरों पर टैरिफ की कुल छूट विनिर्धारित की गई है तथा प्रसारणकर्ताओं के पास, वांछनीय रूप से डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफार्म ऑपरेटरों तथा वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के साथ त्रिपक्षीय समझौता करने का विकल्प है। इसके

अलावा, यह भी अधिदेशित किया गया है कि प्रसारणकर्ता वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उसके चैनलों/चैनल के बुके को गैर–भेदभावपूर्ण तरीके वाली शर्तों और निबंधनों पर प्रदान करेंगे तथा ऐसे त्रिपक्षीय समझौतों को प्राधिकरण के पास भी जमा करेंगे।

इस टैरिफ आदेशों को भारतीय प्रसारण संघ और अन्य बनाम् भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (अपील नं. 7(सी)/2014) के मामले में माननीय टीडीसेट के दिनांक 9 मार्च, 2015 के आदेशों के अनुसरण में अधिसूचित किया गया था। यह अपेक्षा की गई थी कि वाणिज्यिक उपभोक्ताओं हेतु विनियामक फ्रेमवर्क में ऐसे परिवर्तनों के लागू होने के बाद टेलीविजन सेवाओं का वितरण सुचारू होगा और उन्हें प्रतिस्पर्धी दरों पर तथा गैर–भेदभावपूर्ण तरीके से सेवाएं मिलती रहेंगी। इसमें सभी हितधारकों के मूल्य श्रृंखला में हितों को संतुलित करने तथा व्यापार संबंधी लेन–देन में पूरी पारदर्शिता लाए जाने की परिकल्पना की गई थी।

,Mslcy iz.kkyh gsrq VSfjQ vkns'k esa la'kks/ku fnukad 28 fnlEcj] 2015

माननीय टीडीसेट के दिनांक 13 जुलाई, 2015 मैसर्स डिस टेलीविजन इंडिया लिमिटेड बनाम भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण(भादूविप्रा) मामले में, भादूविप्रा द्वारा दो शर्तों के कार्यान्वयन के संबंध में अंतिम निर्णय लेने के निर्देश की दृष्टि से प्राधिकरण ने दिनांक 28 दिसम्बर, 2015 को टैरिफ आदेश अधिसूचित किया। इसमें दो शर्तों को उपभोक्ताओं को प्रभावी पसंद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरलीकृत किया गया था। जिससे वे अपनी पसंद आधारित वांछित चैनलों को अ–ला–कार्टे आधार पर और उचित दर पर देख सकें। इस टैरिफ आदेश द्वारा प्लेटफार्म ऑपरेटरों के पास उपलब्ध सभी पसंदीदा चैनलों को अ–ला–कार्टे आधार पर एवं मनपसंद दरों को घोषित करने की स्वतंत्रता अभी भी बरकार रहेगी। उनके पास किसी भी समय पसंदीदा चैनलों की अ–ला–कार्टे आधार पर एवं दरों को कम करने का लचीलापन रहेगा ताकि ऐसे पसंदीदा चैनलों की दरें कम करने की घोषणा की जा सके। चैनल समूह में अ–ला–कार्टे आधारित पसंदीदा चैनलों की दरों के योग में 66.66 प्रतिशत की सापेक्ष अधिकतम छूट देते समय, प्लेटफार्म ऑपरेटरों के पास नवीन और आकर्षित पैकेजों को विकसित करने और उनकी पेशकश करने की स्वतंत्रता भी बरकरार रहेगी।

¼[k½ ¼1½ u, lsok iznkrkvksa dh vko';drk vkSj le;&lhek ¼2½ ubZ lsokvksa gsrq ykbZlsal dh fucU/ku vkSj 'krsZa ¼3½ bu fucU/ku vkSj 'krksZa dh xSj&vuqikyuk gsrq ykbZlsal dk jí djus lac/kh flQkfj'ksa

3.2 भादूविप्रा अधिनियम, 1997 की धारा 11(1) (क) के अंतर्गत, प्राधिकरण से स्वमेय अथवा लाइसेंस प्रदाताओं अर्थात् दूरसंचार विभाग अथवा प्रसारण और केबल सेवाओं के मामले में सूचना और प्रसारण मंत्रालय, के अनुरोध पर सिफारिशें करना अपेक्षित है। प्राधिकरण द्वारा सरकार को वर्ष 2015–16 के दौरान की गई सिफारिशें निम्नलिखित हैं:–

- एकल अंक आधारित एकीकृत आपात संचार और प्रतिक्रिया प्रणाली संबंधी दिनांक 7 अप्रैल, 2015 की सिफारिशें।
- "आपातकाल/आपदा के दौरान दूरसंचार नेटवर्क के विफल होने और राहत में लगे व्यक्तियों की कॉलों की प्राथमिकता देने" संबंधी सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग के दिनांक 08 अप्रेल 2015 की प्रतिक्रिया पर भादूविप्रा का उत्तर ।
- शीघ्रतापूर्वक ब्रॉडबैंड की प्रदाय संबंधी दिनांक 17 अप्रैल, 2015 की सिफारिश : हमें क्या करने की आवश्यकता है?
- "दूरसंचार क्षेत्र में वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटरों का प्रवेश" संबंधी दिनांक 1 मई, 2015 की सिफारिश।

- दिनांक 21 जुलाई, 2014 की ''स्पेक्ट्रम साझेदारी संबंधी दिशानिर्देश'' संबंधी सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग के प्रतिसंदर्भ पर प्राधिकरण की दिनांक 21 मई, 2015 की प्रतिक्रिया।
- दिनांक 28 जनवरी, 2014 की ''स्पेक्ट्रम ट्रेडिंग हेतु कार्यकारी निर्देश'' संबंधी सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग के संदर्भ पर, प्राधिकरण की दिनांक 21 मई, 2015 की प्रतिक्रिया।
- माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 14 मई, 2015 के अन्तरिम आदेश की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में स्पेक्ट्रम की अधिकतम सीमा और दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा न्यूनतम स्पेक्ट्रम धारिता संबंधी मुद्दे पर दूरसंचार विभाग को दिनांक 2 जुलाई, 2015 की प्रतिक्रिया।
- भादूविप्रा की दिनांक 7 अप्रैल, 2015 की ''एकल संख्या आधारित एकीकृत अपात संचार तथा प्रतिक्रिया प्रणाली'' (आईईसीआरएस) संबंधी सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर दिनांक 30 सितम्बर, 2015 की प्रतिक्रिया।
- भादूविप्रा की दिनांक 29 अगस्त, 2014 का ''माइक्रोवेब एक्सेस(एमडब्लूए) तथा माइक्रोवेब बेकबोन (एमडब्लूबी)'' आर एफ केरियर के आवंटन एवं मूल्य निर्धारण के लिए दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर भादूविप्रा का दिनांक 17 नवम्बर, 2015 का प्रतिउत्तर।
- 700 मेगाहटर्ज, 800 मेगाहटर्ज, 900 मेगाहटर्ज, 1800 मेगाहटर्ज, 2100 मेगाहर्टज 2300 मेगाहटर्ज तथा 2500 मेगाहटर्ज में ''स्पेक्ट्रम का मूल्यांकन और आरक्षित मूल्य संबंधी दिनांक 27 जनवरी, 2016 की सिफारिशें।
- भारतनेट हेतु कार्यान्वयन कार्यनीति संबंधी दिनांक 1 फरवरी, 2016 की सिफारिशें।
- भादूविप्रा की प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम को कम दरों पर प्रभारित किए जाने संबंधी की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर दिनांक 10 फरवरी, 2016 की प्रतिक्रिया।
- आईपी इन्टरफेस पर अंतःसंयोजन संबंधी दिनांक 11 फरवरी, 2016 की सिफारिशें।
- उच्चतम न्यायालय के दिनांक 14 मई, 2015 के अन्तरिम आदेश पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में स्पेक्ट्रम की अधिकतम सीमा से संबंधित मुद्दों पर प्राधिकरण के 02 जुलाई, 2015 के दृष्टिकोण पर दिनांक 16 फरवरी, 2016 का स्पष्टीकरण।
- भादूविप्रा की ''अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप में दूरसंचार सेवाओं में सुधार'' संबंधी दिनांक 22 जुलाई, 2014 की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग के पृष्ठ संदर्भ मुद्दों पर प्राधिकरण की दिनांक 23 मार्च, 2015 की प्रतिक्रिया।

इन सिफारिशों के ब्यौरे पर, चर्चा इस रिपोर्ट के भाग दो में पहले ही कर ली गई है।

x-½ rduhdh vuq:irk vkSj izHkkoh vr%la;kstu dk lqfuf'pr fd;k tkuk

3.3 सभी नेटवर्कों में निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए यह अनिवार्य है कि विभिन्न नेटवर्कों को आपस में जोड़ा जाए। लाइसेंस की शर्तें भी यह विनिर्धारित करती है कि सभी एक्सेस सेवा प्रदाताओं को एक–दूसरे से तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लम्बी दूरी के ऑपरेटरों से जुड़ना चाहिए। तदनुसार, प्राधिकरण ने रिपोर्टिंग अवधि के दौरान निम्नलिखित अंतःसंयोजन संबंधी सिफारिशें और विनियम जारी किए गए हैं।

nwj lapkj {ks=

➢ vkbZih vk/kkfjr vr%la;kstu lacU/kh fnukad 27 uoEcj] 2015 ds ijke'kZ fVIi.kh

कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने अनुरोध किया कि आईपी प्रौद्योगिकी का शीघ्रातिशीघ्र अपनाए जाने

की व्यापक संभावना है। इसलिए, आईपी प्रौद्योगिकी आधारित अंतःसंयोजन हेतु उपबंधित लाइसेंस शर्तों में स्पष्टतः संशोधन किया जाना अनिवार्य हो गया है। इसके अतिरिक्त, दूरसंचार विभाग ने अपने दिनांक 10 नवम्बर, 2015 की ''आईपी अंतःसंयोजन प्रभारों का विनियम'' संबंधी पत्र में उल्लेख किया कि दूरसंचार क्षेत्र की चिंता का एक मुद्दा निर्बाध आईपी अंतःसंयोजनता सुनिश्चित करने के लिए आईपी स्तर पर अंतःसंयोजन की निबंर्धता को हटाना है।

उक्त पर विचार करते हुए, यह महसूस किया गया कि लाइसेंस प्रदाताओं को उपयुक्त सिफारिशें जारी की जाए कि सभी संबंधित लाइसेंसो में इस आशय का उपबंध किया जाए कि प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी विनियमों/निर्देशों/निर्धारकों आदि की अनुपालना के अधीन लाइसेंसधारक भी आईपी आधारित नेटवर्क अथवा लाइसेंस प्रदाता द्वारा निर्धारित अन्य उदीयमान नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपना सकें।

उपर्युक्त के मद्देनजर, दिनांक 27 नवम्बर, 2015 को एक परामर्शी टिप्पणी जारी की गई थी।

- **fnukad 11 Qjojh] 2015 dh vkbZih bVjQs l ij vr%l;kstu lac/kh flQkfj'ks**

प्राधिकरण ने दिनांक 30 जून, 2014 को ''माइग्रेशन–टु–आईपी आधारित नेटवर्क'' संबंधी परामर्श पत्र जारी किया था, जिस पर दिनांक 2 दिसम्बर, 2014 को खुला मंच चर्चा आयोजित की गई। इस परामर्श पत्र की प्रतिक्रिया स्वरूप, कुछ दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने अनुरोध किया था कि चूंकि आईपी आधारित नेटवर्क अपनाये जाने की व्यापक संभावनाएं हैं इसलिए, आईपी आधारित अंतःसंयोजन हेतु स्पष्ट उपबंध करने के लिए लाइसेंस की शर्तों में संशोधन अनिवार्य है।

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 10 नवम्बर, 2015 के पत्र के माध्यम से प्राधिकरण को लिखा कि बाधारहित आईपी अंतःसंयोजन सुनिश्चित करने के लिए आईपी स्तर पर अंतःसंयोजन की निर्बंधता को हटाया जाना, दूरसंचार उद्योग की चिंता के विषयों में से एक है। प्राधिकरण ने दिनांक 27 नवम्बर, 2015 के ''आईपी आधारित अंतःसंयोजन संबंधी परामर्श टिप्पणी'' के तहत हितधारकों से अल्पकालिक परामर्श आरम्भ किया। इस मुद्दे से जुड़े विभिन्न मुद्दों के विश्लेषण तथा हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों के पश्चात्, प्राधिकरण ने आईपी स्तर पर अंतःसंयोजनता हेतु संयुक्त लाइसेंस में खण्ड 27.3 में संशोधन करने की सिफारिश की।

खण्ड 27.3 का प्रस्तावित पाठ निम्नवत है :–

''सर्किट स्विच्ड ट्रैफिक को चलाने हेतु विभिन्न लाइसेंसधारकों के नेटवर्कों के बीच अंतःसंयोजन, सीसीएस 7 के राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा तथा आईपी आधारित ट्रैफिक के लिए यह समय–समय पर यथासंशोधित दूरसंचार अभियांत्रिकी केन्द्र (टीईपी) मानकों के अनुसार होगा तथा यह नेटवर्कों की तकनीकी व्यवहार्यता और तकनीकी सुरक्षा के अधीन भी होगा और भादूविप्रा, लाइसेंस प्रदाता द्वारा समय–समय पर जारी अंतःसंयोजन के समग्र फ्रेमवर्क/विनियमों/निर्देशों/ आदेशों के अंतर्गत होगा। सर्किट स्विच्ड और आईपी आधारित नेटवर्क के बीच इन्टरनेटवर्किंग के लिए लाइसेंसधारक मीडिया स्विच की संस्थापना करेगा। इसके अतिरिक्त, लाइसेंस प्रदाता अंतःसंयोजन संबंधित मुद्दों पर टीईसी द्वारा जारी किसी अन्य तकनीकी मानकों को अपनाने का निदेश लाइसेंसधारक को दे सकता है।''

दूरसंचार विभाग ने दिनांक 19 अप्रैल, 2016 की सूचना के द्वारा प्राधिकरण की आईपी इन्टरफेस पर

अंतःसंयोजन संबंधी सिफारिश के अनुसार इन्टरनेट प्रोटोकोल पर अंतःसंयोजन हेतु संयुक्त लाइसेंस में संशोधन के संबंध में अवगत कराया।

ilkj.k {k=

- nj lpkj ¼ilkj.k vkj doy lok,½ vrl;ktu ¼ukok l’kk/ku½ fofu;e] 2015 fnukd 14 flrEcj] 2015

- nj lpkj¼fMftVy ,Mlcy dcy Vyhfotu i.kkyh½ ¼ikpok l’kk/ku½ fofu;e] 2015] fnukd 14 flrEcj] 2015

भादूविप्रा ने 14 सितम्बर, 2015 को वाणिज्यिक उपभोक्ताओं हेतु टेलीविजन सेवाओं संबंधी अंतःसंयोजन विनियमों में दो संशोधन अधिसूचित किए। पहला गैर–एड्रेसेबल प्रणालियों वाले सेवा क्षेत्रों में एनलॉग केबल टेलीविजन प्रणलियों के माध्यम से प्रदान की जा रही टेलीविजन सेवाओं के लिए तथा दूसरा डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियों वाले सेवा क्षेत्रों में प्रदान की जा रही टेलीविजन सेवाओं पर लागू होता है। इन सेवाओं में अन्य के साथ ही साथ अंतःसंयोजन विनियम में उपभोक्ता; सामान्य उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक उपभोक्ता की परिभाषाओं का उल्लेख किया गया है।

- nj lpkj¼ilkj.k vkj doy lok,½ vrl;ktu ¼fMftVy dcy Vyhfotu i.kkfy;k½ ¼NBk l’kk/ku½ fofu;e] 2016] fnukd 7 tuojh] 2016

भादूविप्रा ने 7 जनवरी, 2016 को दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजनता (डिजिटल केबल टेलीविजन प्रणाली) (छठा संशोधन) विनियम, 2016, दिनांक 7 जनवरी, 2016 को अधिसूचित किया। प्राधिकरण ने सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रस्तुत अंतःसंयोजन विवरणों से पाया कि कई प्रसारणकर्ताओं द्वारा मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) को दिए जा रहे टेलीविजन चैनलों के सिग्नलों से स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) को मिलने वाले सिग्नल बिना किसी वैध लिखित अंतःसंयोजन संबंधी समझौतों के प्राप्त हो रहे थे। यह भी पाया कि परस्पर चल रही वार्ता के बहाने बिना वैध लिखित अंतःसंयोजन समझौतों के सिग्नलों के पुनःपरेषण की निरन्तरता से विवाद उत्पन्न होते हैं और कभी–कभी इससे एकाएक चैनल आने बंद हो जाते हैं, जिससे उपभोक्ताओं की सेवा की गुणवत्ता प्रतिकूलतः प्रभावित होती है।

यद्यपि इस संशोधन के माध्यम से, प्राधिकरण ने यह अनिवार्य कर दिया कि चाहे पारेषणकर्ताओं को मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों से अंशदायी शुल्क मिल रहा हो या नहीं, पे चैनलों के किसी प्रसारणकर्ता को एनएसओ के साथ अपने पे चैनलों के लिए वैध लिखित अंतःसंयोजन समझौता करना ही होगा। इस संशोधन में टेलीविजन सिग्नलों के पुनःपरेषण हेतु सेवा प्रदाताओं के बीच वर्तमान अंतःसंयोजन समझौते के समाप्त होने से पहले नया अंतःसंयोजन समझौता करने के लिए पर्याप्त समय (न्यूनतम 60 दिन) प्रदान किया है। इस संशोधन के उपरांत वर्तमान अंतःसंयोजन समझौते की समाप्ति पर टेलीविजन सिग्नल की व्यवस्था को जारी रखने के लिए आपस में चल रही वार्ताओं जैसे बहाने की कोई संभावना नहीं रहेगी।

नया अंतःसंयोजन समझौता न हो पाने पर, एमएसओ को वर्तमान अंतःसंयोजन समझौते के समाप्त होने

से पन्द्रह दिन पहले उपभोक्ताओं को उसे वर्तमान ऐसे समझौते की समाप्ति की तिथि तथा टेलीविजन चैनलों के डिस्कनेक्शन के बारे में सूचित करना अनिवार्य होगा, जिससे कि उपभोक्ता अपनी पसंद के बारे में सुविचारित निर्णय ले सकें।

➢ **njlapkj ¼iizlkj.k vkSj dsoy lsok,½ vrajlaca;kstu ¼fMftVy ,Mªslscy dscy Vsyhfotu iz.kkyh½ ¼lkrok la'kks/ku½ fofu;e] 2016] fnukad 16 ekpZ] 2016**

प्राधिकरण ने 15 मार्च, 2016 को डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियों के माध्यम से केवल टेलीविजन सेवाओं के प्रावधान हेतु एमएसओ और एलसीओ के बीच किए जाने वाले आदर्श अंतःसंयोजन समझौते (एनआईए) और मानक अंतःसंयोजन समझौते (एसआईए) का प्रारूप निर्धारित करते हुए, दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणाली) (सातवां संशोधन) विनियम, 2016(2016 का 3) जारी किया। प्राधिकरण का विचार है कि इन मानक एनआईए और एमआईए प्रारूपों से इस क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा, इससे एमएसओ और एलसीओ के बीच विवाद की घटनाएं कम होगी और सभी पक्षों को समान अवसर मिलेंगे तथा इस क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाली सेवा प्राप्त होगी।

¼?k½ njlapkj lsok inku djus ls izkIr jktLo dh lsok inkrkvksa ds chp lk>snkjh dh 0;oLFkk lca/kh fofu;e

➢ **vrajk"Vªh; dkfyax dkMZ lsok ¼,Dlsl iHkkj½ fofu;e] 2014] fnukad 19 vxLr] 2014**

3.4 प्राधिकरण ने मामले पर सम्यक विचार–विमर्श और विश्लेषण करने के उपरांत, अंतर्राष्ट्रीय कॉलिंग कॉर्ड सेवा संबंधी विनियम निरुपित और जारी किए गए हैं, जिसमें एक्सेस सेवा प्रदाता के उपभोक्ता द्वारा आईएलडीओ की कॉलिग कॉर्ड सेवा लेने के मामले में एक्सेस सेवा प्रदाता को अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी के ऑपरेटर द्वारा देय एक्सेस प्रभारों का निर्धारण है। इन विनियमों के अनुसार, आईएलडीओ द्वारा एक्सेस सेवा प्रदाता को वायरलेस सेवाओं के लिए 40 पैसे प्रति मिनट तथा वायर सेवाओं के लिए 1.20 पैसे प्रति मिनट का एक्सेस प्रभार दिया जाएगा।

¼M-½ fofHkUu lsokvksa inkrkvksa ds chp LFkkuh; rFkk yEch njh ds njlapkj lfdZVksa dks inku fd, tkus dh le;kof/kA

3.5 प्राधिकरण ने पारदर्शिता, पूर्वानुमान तथा तर्कसंगतता और डीएलसी/स्थानीय प्रदाताओं में गैर–भेदभावपूर्ण पद्धति सुनिश्चित करने के लिए फ्रेमवर्क प्रदान करने हेतु दिनांक 14 सितम्बर, 2007 को डीएलसी विनियम जारी किए गए। यह विनियम किसी भी माध्यम अर्थात् कॉपर, फाइबर, वायरलेस आदि पर प्रदत्त डीएलसी और लोकल लीड तथा किसी भी तरह की पारेषण प्रौद्योगिकी के प्रयोग को आवरित करते हैं। ये विनियम, उन सभी सेवाओं प्रदाताओं, जिनके पास कॉपर, फाइबर अथवा वायरलेस की क्षमता है तथा जिन्हें लाइसेंस के तहत डीएलसी देने की अनुमति है, के लिए अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ इसका आदान–प्रदान अनिवार्य करते हैं। प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण से पाया गया है कि डीएलसी विनियम के जारी होने से डीएलसी/लोकल लीड की व्यवस्था सुचारू हुई है।

¼p½ ykblsl dh 'krk vkj fucèkuk dh vuikyuk lfuf'pr djok;k tkuk

➤ **el lI okMkQku ¼b-½ fy- dk 111 d mi;kx dk cn dju gr 2 ekp] 2015 d fun'k e fnukd 07 eb] 2015 dk nljk l'kk/ku**

दूरसंचार विभाग ने नेशनल नम्बरिंग प्लान, 2003 जारी किया था, जिसमें 111 से 115 तक की संख्या/ नंबरों को किसी प्रकार की सेवा के लिए आवंटित नहीं किया गया है और उसे 'अतिरिक्त(स्पेयर)' के रूप में रखा गया है।

प्राधिकरण ने दिनांक 02.03.2015 के अपने निदेश के माध्यम से मैसर्स वोडाफोन इंडिया लिमिटेड को '111' लेवल के उपयोग को बंद करने और अनुपालना रिपोर्ट भेजने का निदेश दिया था।

तथापि मैसर्स वोडाफोन इंडिया लिमिटेड के अनुरोध पर तथा यह सुनिश्चित करने कि उपभोक्ता को न्यूनतम असुविधा हो, के लिए क्रमशः दिनांक 27 मार्च, 2015 और 7 मई, 2015 के संशोधित निदेशों के द्वारा अनुपालना रिपोर्ट को भेजे जाने के समय में 30 अप्रैल, 2015 तक पहला समय विस्तार दिया गया और इसे अंतिम रूप से 31 जुलाई, 2015 तक स्वीकृति दी गई।

मैसर्स वोडाफोन ने दिनांक 3 अगस्त, 2015 की अपनी सूचना के तहत इस आशय की पुष्टि की कि उन्होंने 01 अगस्त, 2015 से हेल्पलाइन सेवाओं हेतु लेवल '111' को बंद कर दिया है।

➤ **el lI fjyk;l Vyhdke fyfeVM dk vkofVr 900 exkgVtl LiDVe dh lekfIr ij mld }kjk vle] fcgkj] iokÙkj] vkMh'kk rFkk if'pe cxky e ykblsl ikIr lok inkrk {k=k e 900 exkgVtl cM e fnukd 11 fnlEcj] 2015 dk lok, cn dju lc/kh fnukd 11 fnlEcj] 2015 dk fun'k**

मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लि. (मैसर्स आरटीएल) ने प्राधिकरण को जानकारी दी कि लाइसेंस प्रदाता द्वारा उसे आवंटित 900 मेगाहटर्ज बैंड स्पेक्ट्रम असम, बिहार, पूर्वोत्तर, ओडीशा तथा पश्चिम बंगाल के सेवा क्षेत्रों में दिनांक 11 दिसम्बर, 2015 को समाप्त हो रही हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वे 2100 मेगाहटर्ज पर अपनी सेवाएं देते रहेंगे तथा उन्होंने अपने सभी उपभोक्ताओं को 900 मेगाहटर्ज पर सेवाओं को बंद किए जाने और 2100 मेगाहटर्ज बैंड में सेवा जारी रखने की जानकारी इस सलाह के साथ दी है कि यदि वह मैसर्स आरटीएल की 3–जी सेवाओं को बंद करना चाहते हैं तो वे किसी अन्य सेवा प्रदाता की सेवाओं से बदल सकते हैं।

मैसर्स आरटीएल ने यह भी बताया कि किसी सेवा क्षेत्र के लिए एक बार में एक मिलियन से अधिक यूपीसी तैयार करना संभव नहीं है तथा उन्होंने बिहार हेतु अतिरिक्त ऑपरेटरों कोडो, दो पश्चिम बंगाल के लिए और ओड़ीशा के लिए एक अतिरिक्त ऑपरेटर कोड के आवंटन का अनुरोध किया है ताकि वह अपने उपभोक्ताओं के लिए 11 दिसम्बर, 2015 तक यूपीसी का सृजन कर सके।

इसलिए, प्राधिकरण ने दिनांक 11 दिसम्बर, 2015 के पत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं के हित में निर्देश दिया कि:–

(क) मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड–

- वर्तमान कोडों के अलावा अतिरिक्त यूपीसी सेवा प्रदाता कोड तैयार करे;
- उन सभी उपभोक्ताओं के लिए यूनिक पोर्टिंग कोर्ड तैयार करे, जिन्होंने असम, बिहार, पूर्वोत्तर, ओडीशा तथा पश्चिम बंगाल के सेवा क्षेत्रों में

3जी में जाने का विकल्प नहीं दिया है तथा ऐसे उपभोक्ताओं को तत्काल एसएमएस के माध्यम से यूपीसी की जानकारी दें; और

- इस निदेश के जारी होने से 30 दिनों तक पोर्टिंग हेतु प्राप्त उपभोक्ताओं के सभी अनुरोधों को संसाधित करे तथा दिनांक 20 जनवरी, 2016 तक अनुपालना रिपोर्ट भेजें।

(ख) सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता और मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी संबंधी सेवा प्रदाता मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के उपभोक्ताओं हेतु अतिरिक्त यूपीसी को मान्यता दें।

(ग) सभी मोबाइल नम्बर पोर्टबिलिटी सेवा प्रदाता मैसर्स रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड से संबंधित अतिरिक्त यूपीसी कोड हेतु पार्टिंग संबंधी अनुरोधों को 11 जनवरी, 2016 के बाद 'डोनर ऑपरेटर' के रूप में स्वीकार न करें।

¼N½ nwjlapkj lsokvksa ds miHkksDrkvksa ds fgrksa ds laj{k.k gsrq mBk, x, dne

(1) सेवा प्रदाताओं द्वारा मीटरिंग और बिलिंग के बारे में अपनाई जा रही प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने; (2) मापन की सटीकता, बिलिंग की विश्वसनीयता से संबंधित मानक निर्धारित करने; (3) सेवा प्रदाता द्वारा दिए गए बिलों की समय–समय पर जांच करने तथा उन्हें कार्यनिष्पादन के स्तर के आकलन के लिए मानदंडों से मिलाना; (4) बिल संबंधी शिकायतों की घटनाओं में कमी लाना; (5) दूरसंचार सेवाओं के उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा के लिए, प्राधिकरण ने हाल ही में "सेवा की गुणवत्ता (मीटर तथा बिल प्रणाली की यथार्थता) विनियम, 2006 की समीक्षा की और 25 मार्च, 2013 को सेवा की गुणवत्ता (मीटर तथा बिल प्रणाली की यथार्थता) विनियम, 2013 जारी किया। यह विनियम सेवा प्रदाताओं को प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित लेखापरीक्षकों में से किसी एक के द्वारा अपनी मीटरिंग और बिलिंग प्रणाली की वार्षिक आधार पर लेखापरीक्षा की व्यवस्था करने और प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई तक प्राधिकरण को तत्संबंधी लेखापरीक्षा प्रमाण पत्र भेजने के लिए अधिदेशित करती है। इस विनियम में यह भी प्रावधान है कि सेवा प्रदाता को एजेन्सी के प्रमाण पत्र में इंगित किसी कमी, यदि कोई हो, पर सुधारात्मक कार्रवाई करनी होगी तथा प्रत्येक वित्त वर्ष में 15 नवम्बर तक उस पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट प्राधिकरण में जमा करनी होगी। इसके अलावा, इन विनियमों के कारगर कार्यान्वयन हेतु प्राधिकरण ने लेखापरीक्षा रिपोर्टों को प्रस्तुत करने में देरी के लिए 10,00,00 रुपए/प्रति सप्ताह की दर से जुर्माना और प्रत्येक की गई कार्रवाई की झूठी तथा अधूरी रिपोर्ट पर 10,00,000 रुपए अधिकतम जुर्माना लगाया जाना भी लागू किया है। सेवा प्रदाता को लेखापरीक्षा और की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट समय–सीमा के अंदर प्रस्तुत करनी होंगी। इस लेखापरीक्षा से बिलिंग और प्रभार संबंधी कमियों का पता लगाने में सहायता मिली है, जिससे प्रभावित उपभोक्ताओं से वसूले गए अतिरिक्त प्रभारों की वापस हुई और प्रणाली से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ।

➢ nwjlapkj miHkksDrk laj{kk ¼vkBoka la'kks/ku½ fofu;e] 2014] fnukad 7 vxLr] 2015

3.6 प्राधिकरण ने विभिन्न हितधारकों के साथ विधिवत्‌रूप से विचार–विमर्श तथा आंतरिक विश्लेषण के उपरांत वायरलेस डेटा सेवाओं का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा हेतु दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षा (आठवां संशोधन) विनियम, 2014 को 7 अगस्त, 2015 को जारी किया। इस विनियम की मुख्य विशेषताएं हैंः–

¼1½ miHkkDrkvk dk MVk d i;kx l lcfekr tkudkjh½ सेवा प्रदाताओं के लिए एसएमएस अथवा यूएसएसडी के माध्यम से उपभोक्ताओं को जानकारी देना अनिवार्य किया गया है।

- विशेष डेटा पैकों (एस0 टेलीविजन/ कोम्बो/एड–ऑन–पैक) के प्रयोक्ताओं के अलावा सभी मोबाइल डेटा उपयोगकर्ताओं को प्रत्येक 10 एमबी के पश्चात् प्रयुक्त डेटा से संबंधित जानकारी देना। उपभोक्ताओं को ऐसी सूचनाएं न चाहने पर सेवा न दिए जाने संबंधी विकल्प का प्रावधान करना।
- उपभोक्ता के खाते में उपलब्ध डेटा के प्रयोग की सीमा के 50 प्रतिशत, 90 प्रतिशत और 100 प्रतिशत रहने पर अथवा उपभोक्ता के खाते में डेटा शेष के 500 एमवी, 100 एमवी, और 10 एमबी रहने पर विशेष डेटा पैक्स के उपयोगकर्ताओं को जानकारी देना। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को डेटा सीमा के 90 प्रतिशत होने अथवा खाते में उपलब्ध शेष 10 एमबी रहने पर डेटा सीमा समाप्त होने के पश्चात लागू टैरिफ की जानकारी के बारे में सूचित किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग उपभोक्ता को सचेत करते हुए यदि वह इसका उपयोग करने का इच्छुक नहीं है तो डेटा सेवा को बंद करने की सूचना देना।

¼2½ MVk lokvk dk lfØ; vFkok fuf"Ø; cukuk

- डेटा सेवाओं को निःशुल्क संक्षिप्त कोड 1925 से उपभोक्ता की स्पष्ट सहमति से सक्रिय करना चाहिए। इन्हें निःशुल्क संक्षिप्त कोड 1925 से निष्क्रिय भी किया जा सकता है।
- विशेष टैरिफ वॉउचर अथवा कोम्बो वॉउचर/पैक की वैधता अवधि के समाप्त होने तक अथवा पूरे डेटा के उपयोग होने तक जो भी पहले हो सक्रिय किया गया माना जाएगा।
- उपभोक्ता को डेटा के निष्क्रिय होने की निर्धारित प्रक्रिया के बारे में आवधिक अन्तरालों में एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। बीएसएनएल और एमटीएलएल के अलावा सभी दूरसंचार सेवाओं प्रदाताओं ने अपनी अनुपालना संबंधी रिपोर्टों को प्रस्तुत कर दिया है।

Vyhfotu ilkj.k lokvk e miHkkDrk fgrk dh lj{kk gr mBk, x, dne

3.7 उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा के लिए प्राधिकरण ने टेलीविजन सेवाएं प्रदान करने वाले सभी संवितरण प्लेटफार्म ऑपरेटरों अर्थात् डीटीएच/एमएमओ/एचआईटी/ आईपी–टेलीविजन ऑपरेटरों हेतु 'इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता आवेदन प्रारूप (ई–सीएएफ) के उपयोग की निर्देशिका जारी की है। यह निर्देशिका डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग तथा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवाओं के प्रबंधन में अधिक कार्यकुशलता लाने के लिए प्राधिकरण का सक्रिय कदम है। इस सीएएफ को उपभोक्ताओं द्वारा टेलीविजन सेवाएं लेने से पूर्व भरा जाएगा। सीएएफ में दी गई जानकारी को उपभोक्ता द्वारा उपलब्ध सेवाओं के प्रबंधन हेतु डीपीओ के उपभोक्ता प्रबंधन प्रणाली (एमसएमएस) में भेजा जाता है। वर्तमान में, सीएएफ दस्तावेजी रूप में है और उसमें दी जाने वाली जानकारी को एसएमएस में डालने का कार्य हाथ से किया जाता है। ऐसे असंख्य दस्तावेजी रूप में भरे गए सीएएफ का संसाधन करने और उसमें दी गई जानकारी के भण्डारण में प्रक्रियागत कठिनाईयां आती है। ई–सीएएफ को इलेक्ट्रॉनिक रूप में भी भरा जा सकता है और उसमें उपलब्ध सूचना को डीपीओ के एसएमएस में आसानी से डाला जा सकता है, जिससे

कि हाथ से कार्य करने की बोझिल प्रक्रिया को समाप्त किया जा सकता है। यह उपभोक्ता को सेवा लेने तथा तत्पश्चात् अपने प्रबंधन और सेवाओं को प्रबंधित करने का सरल तरीका भी प्रदान करता है। ई–सीएएफ से डीपीओ की उपभोक्ता को सेवाएं देने और उन्हें प्रबंधित करने में कार्यकुशलता भी बढ़ेगी। इससे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में लाखों सीएएफ का भण्डारण करना भी आसान होगा, जिससे कार्य संचालन की लागत घट जाएगी। इसलिए, ई–सीएएफ को अपनाना पर्यावरण हितैषी तथा किफायती भी है, जिससे सभी हितधारक लाभान्वित होंगे।

इसके अलावा, एमएसओ को दो निर्देशिकाएं भी जारी की गई थी, जिनमें डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियों के माध्यम से केबल टेलीविजन सेवाओं के उपबंध थे। इनसे सभी डीएएस के माध्यम से केबल टेलीविजन सेवाएं देने वाले सभी एसओ को प्राधिकरण के विनियमों में विहित उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना किसी चैनल का अवक्रमित अथवा बंद/स्विच ऑफ न करने की सलाह दी गई थी। इन एमएसओ को उपभोक्ता की शिकायतों का सेवा गुणवत्ता विनियम, दिनांक 14 मई, 2014 में यथा विहित 24 घंटे के अंदर निवारण सुनिश्चित करने की भी सलाह दी गई है। सीधी प्राप्त शिकायतों के निवारण के अलावा उन्हें एलसीओ के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निवारण भी प्राथमिकता से किया जाए। एनएसओ को एलसीओ के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए उनके पंजीकरण के लिए उपयुक्त सम्पर्क प्रक्रियाएं अपनाने की सलाह दी गई है।

इसके अतिरिक्त, प्रसारण सेवाओं के उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा के लिए वर्ष 2015–16 के दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप भी किए गए हैं:–

- डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियों पर 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों' के अद्यतन हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करणों को दिनाक 16 अप्रैल, 2016 को प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।
- डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियों के उपभोक्ताओं/हितधारकों के संबंध में एमएमओ और एलएसओ हेतु 'क्या करें' और 'क्या न करें' के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करणों को तैयार करवाए और उन्हें प्राधिकरण की वेबसाइट पर डाला गया है।
- 'प्रसारण और केबल टेलीविजन सेवा संबंधी 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' नामक पुस्तिका तैयार की गई और प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। यह पुस्तिका, उपभोक्ता के लिए प्रसारण और केबल टेलीविजन सेवाओं से संबंधित प्रसांगिक विनियमों और आदेशों का सार है। इस पुस्तिका में आवरित प्रमुख पहलुओं में कनेक्शन की प्रक्रिया, कनेक्शन हटाने की प्रक्रिया, स्थानांतरण, घर परिवर्तन, शिकायत निवारण और बिलिंग संबंधी पहलू शामिल किए गए हैं।
- प्राधिकरण ने लोक हित में देश के विभिन्न भागों में डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियों के कार्यान्वयन संबंधी जागरूकता पैदा करने के लिए अनेक विज्ञापन जारी किए हैं।
- ऐसे मामलों पर 15 प्रतिशत तक पहुंच कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें एमएसओ और एलसीओ के साथ प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित विनियामक फ्रेमवर्क संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु सेवा प्रदाताओं की भूमिका और उत्तरदायित्व शामिल है।

¼t½ nj lpkj lokvk d fodkl gr ipkyu e ifrLi/kk vkj dk;d'kyrk c<ku d fy, mBk, x, dneA

3.8 प्राधिकरण का हमेशा ही यह प्रयास रहा है कि ऐसी नीतियां बनाई जाएं, जो समकालिक, नवीन घटनाक्रम के अनुरूप, सरल और व्यवहार्य हों।

उनका प्रतिस्पर्धा, अवसंरचना, राजस्व और उपभोक्ता कल्याण पर प्रत्याशित प्रभाव पड़ा है। वह इस तथ्य के प्रति सचेत रही है कि उपर्युक्त व्यवसाय कार्यनीतियां बनाने प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा इसके परिणामस्वरूप नवोन्मेषों का लाभ उपभोक्ता को प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। भादूविप्रा ने प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, सेवाओं में प्रतिस्पर्धी सेवा प्रदाताओं के प्रवेश का कार्य बखूबी से किया है। इस उद्योग के विकास के लिए सिफारिशें/विनियमों/टैरिफ आदेशों/निदेशों आदि के रूप में किए गए उपाय महत्वपूर्ण सिद्ध हुए हैं।

3.8.2 भादूविप्रा ने दूरसंचार और प्रसारण सेवाओं के संचालन में प्रतिस्पर्धा और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए 2015–16 में निम्नलिखित कदम उठाए हैं:–

njlpkj {k=

- ''दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण(आठवां संशोधन) विनियम, 2015'', दिनांक 7 अगस्त, 2015।
- ''बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन के लिए सेवा की गुणवत्ता मानक (चौथा संशोधन) विनियम, 2015'', दिनांक 15 अक्तूबर, 2015।
- दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (नौवां संशोधन) विनियम, 2015'', दिनांक 16 अक्तूबर, 2015।
- डेटा सेवा के लिए विभेदकारी टैरिफ निषेध विनियम, 2016, दिनांक 6 फरवरी, 2016।

इस रिपोर्ट के भाग दो में इन विनियमों पर पहले ही चर्चा की गई है।

iilkj.k vkj dcy Vyhfotu lok,i

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का सरल और व्यवहार्य तथा वर्तमान घटनाओं के अनुरूप समकालिक नीतियां निरूपित करने का प्रयास रहा है। इनका प्रतिस्पर्धा, अवसंरचना, राजस्व और उपभोक्ता कल्याण पर प्रत्याशित प्रभाव पड़ा है। प्राधिकरण हमेशा से इस तथ्य के प्रति सचेत रहा है कि उपयुक्त व्यवसाय कार्यनीतियां बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा इसके परिणामस्वरूप नवोन्मेषों का लाभ उपभोक्ता को देने के लिए विनियामक की विद्यमानता अति आवश्यक है। प्राधिकरण ने हमेशा ही प्रतिस्पर्धी सेवा प्रदाताओं के प्रवेश को सुगम करते हुए प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया है। विनियमो/टैरिफ आदेशों/निदेशों आदि के निरुपण, जैसे प्रमुख उपाय इस उद्योग में विकास और प्रगति के महत्वपूर्ण वाहक सिद्ध हुए हैं।

¼>½ ,lh lokvk dk lc/k e 'kYd vkj vU; iHkkjk dk ,lh njk mnxg.k djuk] ftUg fofu;e }kjk fu/kkfjr fd;k tk,

3.9 प्राधिकरण, दूरसंचार और प्रसारण सेवाओं हेतु टैरिफ नीतियां निर्धारित करने का अधिदेश प्राप्त है। प्राधिकरण, टैरिफ विनियमों के माध्यम से उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा करता है। टैरिफ विनियम उपभोक्ताओं को प्रस्तुत टैरिफ में स्पष्टता और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं तथा ऐसी स्थिति में टैरिफ प्रभारों को निर्धारित करते हैं, जब बाजार से इष्टतम दरें प्राप्त नहीं होती है। इस दिशा में निम्नलिखित विशेष उपाय किए गए हैं:–

- ➤ दूरसंचार टैरिफ (सोलहवां संशोधन) आदेश 2015, दिनांक 9 अप्रैल, 2015

- दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (सातवां डायरेक्ट–टु–होम सेवांए) टैरिफ आदेश, 2015, दिनांक 1 अप्रैल, 2015।
- दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (दूसरा) टैरिफ (पन्द्रहवां संशोधन) आदेश, 2015 दिनांक, 8 सितम्बर, 2015।
- दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (चौथा) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (पांचवां संशोधन) आदेश, 2015, दिनांक 8 सितम्बर, 2015।
- दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (चौथा) (एड्रेसेबल प्रणाली) टैरिफ (छठा संशोधन) आदेश, 2015, दिनांक 29 दिसम्बर, 2015।

इन टैरिफ आदेशों के बारे में विस्तार से चर्चा रिपोर्ट के भाग दो में पहले ही की गई है।

¼¥½ lkoZHkkfed lsok nkf;Ro ¼;w,lvks½ dh dkjxj vuqikyuk lqfuf'pr djus ds fy, mBk, x, dneA

3.10 प्राधिकरण ने ग्रामीण वायरलाइन कनेक्शनों हेतु सहायता देने के लिए दिनांक 14 मई, 2012 को अपनी सिफारिशें कि थी कि 1 अप्रैल, 2002 से पहले लगाए गए ग्रामीण वायरलाइन कनेक्शनों को दो साल तक जारी रखने के लिए मैसर्स बीएसएनएल को सहायता जारी रखी जाए। इस सहायता में पहले वर्ष के लिए 1500 करोड़ रुपए की राशि तथा दूसरे वर्ष के लिए 1250 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा प्राधिकरण ने दिनांक 22 जुलाई, 2014 की सिफारिशें में 'अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में दूरसंचार सेवाओं में सुधार' संबंधी सिफारिशें में इन क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं सुधारने हेतु उपायों की सिफारिश की थी।

¼V½ njlapkj izkS|ksfxdh ds fodkl vkSj lkekU; :i ls njlapkj ls lacaf/kr vU; ekeyksa ds lac/k esa dsUnz ljdkj dks fn, x, ijke'kZ dk C;kSjk

3.11 प्राधिकरण द्वारा भारत सरकार को दूरसंचार प्रौद्योगिकी और प्रसारणकर्ता केबल क्षेत्र के विकास के मामले में दी गई सलाह निम्नलिखित है:–

- ''एकल नम्बर आधारित एकीकृत आपात संचार और प्रतिक्रिया प्रणाली'' पर दिनांक 7 अप्रैल, 2015 की सिफारिशें।
- ''दूरसंचार नेटवर्क के आपातकाल/आपदाकाल के दौरान 'दूरसंचार नेटवर्क की विफलता – प्रतिक्रिया और राहत' में लगे व्यक्तियों के कॉलों की प्राथमिकता के आधार पर रूटिंग'' संबंधी सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग के पूर्व संदर्भ के बारे में दिनांक 8 अप्रैल, 2015 की प्राधिकरण की प्रतिक्रिया।
- ब्रॉडबैंड को तीव्रता से उपलब्ध कराने के संबंध में दिनांक 17 अप्रैल, 2015 की सिफारिशें। हमें क्या करने की आवश्यकता है?
- दूरसंचार क्षेत्र में ''वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटर बनाने'' के बारे में दिनांक 1 मई, 2015 की सिफारिशें।
- ''स्पेक्ट्रम आदान–प्रदान संबंधी दिशानिर्देश'' दिनांक 21 जुलाई, 2014 पर सिफारिशें के बारे में दूरसंचार विभाग के पूर्व संदर्भ पर 21 मई, 2015 की प्राधिकरण की प्रतिक्रिया।
- 'स्पेक्ट्रम ट्रेडिंग हेतु दिशानिर्देश' दिनांक 28 जनवरी, 2014 संबंधी सिफारिशें पर दूरसंचार विभाग के पूर्व संदर्भ पर प्राधिकरण की 21 मई, 2015 की प्रतिक्रिया।
- माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 14 मई, 2015 के अंतरिम आदेश की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में

स्पेक्ट्रम की अधिकतम सीमा और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा न्यूनतम स्पेक्ट्रम धारिता से संबंधित मुद्दों पर दूरसंचार विभाग को भेजी गई दिनांक 2 जुलाई, 2015 की प्राधिकरण की प्रतिक्रिया।

- प्राधिकरण की ''एकल नम्बर आधारित एकीकृत आपात संचार और प्रतिक्रिया प्रणाली''(आईईसीआरएस) संबंधी दिनांक 7 अप्रैल, 2015 की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर प्राधिकरण की दिनांक 30 सितम्बर, 2015 की प्रतिक्रिया।
- प्राधिकरण की ''माइक्रोवेव पहुंच का आवंटन और मूल्य निर्धारण'' तथा ''माइक्रोवेव वैकबोन (एमडब्ल्यूबी) आरएफ वाहक'' संबंधी दिनांक 29 अगस्त, 2014 की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ पर प्राधिकरण की दिनांक 17 नवम्बर, 2015 की प्रतिक्रिया।
- 700 मेगाहर्टज, 800 मेगाहर्टज, 900 मेगाहर्टज, 1800 मेगाहर्टज, 2100 मेगाहर्टज, 2300 मेगाहर्टज, तथा 2500 मेगाहर्टज, ब्रॉडबैंड में स्पेक्ट्रम का मूल्यांकन और आरक्षित मूल्य'' संबंधी दिनांक 27 जनवरी, 2016 की सिफारिशें।
- 'भारतनेट' के लिए कार्यनीति के कार्यान्वयन संबंधी दिनांक 1 फरवरी, 2016.की सिफारिशें।
- प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम के कम दरों पर वसूली संबंधी प्राधिकरण की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग से प्राप्त संदर्भ में प्राधिकरण की दिनांक 10 फरवरी, 2016 की प्रतिक्रिया।
- आईपी इन्टरफेस पर अंतःसंयोजन संबंधी सिफारिशें, दिनांक 11 फरवरी, 2016।
- उच्चतम न्यायालय के दिनांक 14 मई, 2015 के अन्तरित आदेश पर स्पेक्ट्रम की सीमा से संबंधित मुद्दों पर अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के 2 जुलाई, 2015 के दृष्टिकोण पर स्पष्टीकरण, दिनांक 16 फरवरी, 2016।
- ''अंडमान और निकाबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में दूरसंचार सेवाओं में सुधार'' संबंधी प्राधिकरण की 22 जुलाई, 2014 की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग द्वारा पृष्ठ संदर्भित मुद्दों पर प्राधिकरण की प्रतिक्रिया, दिनांक 23 मार्च, 2016।

¼1½ lok xq.koÙkk dh fuxjkuh rFkk lok inkrkvk }kjk ,lh lokvk dk ikRlkgu fn, tkus lca/kh lo{k.k dk C;kjk

भादूविप्रा, विभिन्न सेवा प्रदाताओं से प्राप्त तिमाही कार्यनिष्पादन निगरानी रिपोर्टों(पीएमआर) के माध्यम से निर्धारित मानदंडों के अनुसार बुनियादी और सेल्युलर मोबाइल सेवा के कार्यनिष्पादन की निगरानी करता है। प्राधिकरण ने बुनियादी टेलीफोन सेवा की गुणवत्ता के मापदण्ड (वायरलाइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवा (दूसरा संशोधन) विनियम, 2012 दिनांक 8 नवम्बर, 2012 के माध्यम से बुनियादी टेलीफोन सेवा (वायराइन) और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवा ऑपरेटरों हेतु नेटवर्क सेवा गुणवत्ता मानदंडों और उपभोक्ता सेवा गुणवत्ता मानदंडों की अनुपालना न करने पर जुर्माना निर्धारित लगाया है। इन विनियिमों में, गुणवत्ता सेवा मानदंडों की झूठी रिपोर्टों और उन्हें प्रस्तुत करने में देरी के लिए प्रतिरोधक के रूप में जुर्माने का उपबंध भी किया गया है।

¼d½ ckMcM lok

प्राधिकरण ब्रॉडबैंड की सेवा प्रदाता के कार्यनिष्पादन की निगरानी भादूविप्रा द्वारा निर्धारित बैंचमार्कों, ब्रॉडबैंड सेवा की गुणवत्ता संबंधी दिनांक 6 अक्तूबर, 2006 के विनियमों के माध्यम से उसके द्वारा विहित सेवा की गुणवत्ता संबंधी मानदंडों के अनुसार तिमाही

कार्यनिष्पादन निगरानी रिपोर्टों के माध्यम से सेवा प्रदाता के कार्यनिष्पादन की निगरानी करता है। ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रस्तुत तिमाही रिपोर्टों का विश्लेषण सेवा संबंधी गुणवत्ता के बारे में उनके कार्यनिष्पादन का आकलन करने के लिए किया जाता है। गुणवत्ता के मानदंडों को और सुदृढ़ करने के लिए प्राधिकरण ने ब्रॉडबैंड की गति सुधारने के लिए ब्रॉडबैंड सेवा की सेवा गुणवत्ता (दूसरा संशोधन) विनियम, 25 जून, 2014 को जारी किया गया था।

¼[k½ uVod@vr%l;ktu fcn ¼ihvkvkbZ½ fjiksVZ

प्राधिकरण, विभिन्न सेवा प्रदाताओं के बीच मासिक आधार पर पीओआई पर व्यस्तता के स्तर की निगरानी करता है। यह मानदंड उस सुगमता को प्रतिबिम्बित करता है, जिसके साथ एक नेटवर्क का उपभोक्ता दूसरे नेटवर्क के उपभोक्ता से बात कर पाता है। यह मानदंड यह भी दर्शाता है कि दो नेटवर्क के बीच अंतःसंयोजन किस प्रकार से प्रभावी होता है। प्राधिकरण द्वारा सेवा की गुणवत्ता विनियमों हेतु अधिसूचित यह मानदंड <0.5 प्रतिशत है। भादूविप्रा बुनियादी और सेल्युलर मोबाइल सेवाओं से मासिक पीओआई व्यस्तता रिपोर्टों को सेवा की गुणवत्ता संबंधी मानदंडों के संबंध में उनके कार्य निष्पादन के आंकलन हेतु प्राप्त करता है।

¼x½ ,evkbZ,l ifj;kstuk

एमआईएस पोर्टल को वर्ष 2014–15 में आरंभ किया गया था। सेवा प्रदाताओं ने इस पोर्टल के माध्यम से अपनी रिपोर्ट भेजनी आरंभ कर दी है। इस पोर्टल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से विभिन्न रिपोर्टों के संग्रहण में सहायता मिलेगी और उससे डेटा विश्लेषणार्थ सभी प्रकार की रिपोर्टें और डेश बोर्ड तैयार करने में सहायता भी मिलेगी। सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के संबंध में परीक्षण कार्य किया जा रहा है।

¼?k½ Lora= ,tsafl;ksa }kjk lsok dh xq.koÙkk dk vkdyu

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा की गई लेखापरीक्षा तथा आकलन से सेवा की गुणवत्ता की भी जांच करता है। इन रिपोर्टों का विश्लेषण किया जाता है और सभी हितधारकों के सूचनार्थ उसे बेवसाइट पर डाला जाता है। रिपोर्टों में इंगित कमियों को सेवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सेवा प्रदाताओं के साथ आदान–प्रदान किया जाता है।

¼M-½ losZ{k.k ds ek/;e ls miHkksDrk dh vo/kkj.kk dk vkdyu

भादूविप्रा अधिनियम, 1997 में दिए गए अधिदेश के अनुसार, प्राधिकरण सर्वेक्षणों के माध्यम से सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बारे में उपभोक्ता अवधारणा का आकलन स्वतंत्र एजेंसियो के माध्यम से करता है। आकलन हेतु कार्य (1) प्राधिकरण द्वारा उपभोक्ता हित में जारी विभिन्न विनियमों, निदेशों और आदेशों की प्रभावकारिता का कार्यान्वयन और (2) सर्वेक्षण के माध्यम से बुनियादी, सेल्युलर मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जा रही दूरसंचार सेवाओं के बारे में उपभोक्ता की राय जानने के लिए सर्वेक्षण क्षेत्रवार अर्थात उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र, और पूर्वी क्षेत्र में करवाया जा रहा है, इन क्षेत्रों में सभी सेवाओं का सर्वेक्षण वर्ष में एक बार होता है। इस सर्वेक्षण का कार्य, स्वतंत्र एजेंसियों नामतः मैसर्स स्पेट्रम इंडिया प्लानिंग लिमिटेड, मैसर्स आईएमआरवी इन्टरनेशनल, मैसर्स वॉयस और मैसर्स मोट मैक्डोनाल्ड को क्रमशः पश्चिमी क्षेत्र, पूर्वी क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र में करवाने के लिए दिया गया है। उक्त एजेंसियों

